बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष 5, अंक 38, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com


तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 16

नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 15


## एक नजर

### सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

### दिल्ली-दुबई के बीच ए350 विमान का परिचालन शुरू

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए350 विमान का परिचालन किया। अंतर्राष्ट्रीय मार्ग पर ए350 विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान है। कंपनी की योजना आने वाले महीनों में और अधिक विदेशी मार्गों पर इस बड़े आकार के विमान का इस्तेमाल करने की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन अब दिल्ली और दुबई के बीच दैनिक सेवा संचालित कर रही है, जिसमें विमान में 316 सीट के साथ तीन श्रेणी के केबिन हैं।

### जिम ट्रेनर की हत्या मामले में युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मार्च में दक्षिण दिल्ली के तिगड़ी इलाके में हिंसक हमले में एक जिम ट्रेनर की हत्या के मामले में एक 18 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि दक्षिण दिल्ली के देवली इलाके के निवासी लक्ष्य को जिम ट्रेनर के पिता ने अपने बेटे की हत्या के लिए भाड़े पर लिया था। उन्होंने कहा कि युवक अपराध करने के बाद से फरार था और उसे 26 अप्रैल को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था। 7 मार्च को शादी से एक दिन पहले, पेशे से जिम ट्रेनर गौरव पर तिगड़ी इलाके में छड़ और कैंची से हमला किया गया था।

### जिंदा है गोल्डी बराड़, मौत की खबर निकली गलत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था। बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार के अनुसार, गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है।

## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

## 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

### गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव



कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।

# अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

## गृहमंत्री अमित शाह ने चुनावी जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा जमकर निशाना

## बोले-वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए

- राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का कांग्रेस ढूंढो यात्रा से होगा समापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई लेकिन कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी



गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल चुके हैं।

### देश में धमाके करते थे आलिया, मालिया, जमालिया

गृहमंत्री ने कहा कि सोनिया मनमोहन की सरकार में आलिया, मालिया, जमालिया आए दिन देश में घुसकर बम धमाके करते थे लेकिन कोई बोलने वाला नहीं था। 2014 के बाद पाकिस्तान ने फिर वही गलती कर दी। उरी और पुलवामा में घुस गए मगर भूल गए कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं न कि मनमोहन सिंह। सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर घर में घुसकर आतंकवादियों का सफाया किया। शाह ने कहा कि उनकी सरकार ने 130 करोड़ लोगों को कोरोना के दोनों टीके लगाकर देश को सुरक्षित किया है।

### भाजपा की सरकार बनने पर दंगामुक्त हुआ यूपी

अमित शाह ने यूपी की कानून व्यवस्था का भी जिक्र किया। कहा, 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने यूपी को दंगा मुक्त किया। पश्चिमी यूपी से सपा के राज में पलायन होता था लेकिन योगीराज में गुंडों का पलायन हो रहा है।

अमित शाह ने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री, देश के अर्थतंत्र को संसार में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र और तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का चुनाव है। आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने का चुनाव है। सपा-कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग धारा 370 को 70 साल से संभाले थे। प्रधानमंत्री ने दूसरे कार्यकाल में इसे समाप्त कर इस देश को आतंकवाद से मुक्त किया है। इस दौरान मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद, मंत्री कपिल देव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# बृजभूषण नहीं, बेटा लड़ेगा कैसरगंज सीट से चुनाव

## भाजपा ने कैसरगंज से करण भूषण सिंह पर जताया भरोसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- रायबरेली से मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को बनाया प्रत्याशी

**अमृत विचार :** नामांकन की आखिरी तारीख से एक दिन पहले भाजपा ने गुरुवार को रायबरेली और कैसरगंज लोकसभा सीट से भी अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देकर उनके छोटे पुत्र करण भूषण सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं, रायबरेली से राज्य सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को टिकट दिया गया है। करण भूषण सिंह जहां पहली बार लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाएंगे वहीं, दिनेश प्रताप सिंह पिछली बार भी रायबरेली से सोनिया गांधी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों सीटों पर शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन है।

बृजभूषण के बेटे करण भूषण सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष हैं। इससे पहले वह भारतीय कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। जबकि बृजभूषण के बड़े बेटे प्रतीक भूषण सिंह भाजपा से गोंडा सदर विधान सभा से विधायक हैं। दरअसल, कैसरगंज सीट पर बृजभूषण की मजबूत पकड़ है। ऐसे में पहले से ही कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा उनके किसी परिजन को टिकट दे सकती है। बृजभूषण खुद भी चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन महिला पहलवानों वाले प्रकरण से उनकी उम्मीदवारी खतरे में पड़ गई।



करण भूषण सिंह



दिनेश प्रताप सिंह

### रायबरेली में प्रियंका व अमेठी से राहुल लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** कांग्रेस ने अमेठी व रायबरेली सीटों से आधिकारिक तौर पर प्रत्याशियों की घोषणा भले ही न की हो पर पार्टी की ओर से बनाए गए माहौल से साफ संकेत मिल रहे हैं कि अमेठी से राहुल व रायबरेली सीट से प्रियंका गांधी चुनाव लड़ेंगी। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि तीन मई को अमेठी में पार्टी नेता राहुल गांधी का रोड शो होगा। इसके लिए प्रशासन से अनुमति मिल गई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की आधिकारिक तौर पर देर रात तक घोषणा होने की संभावना है। गुरुवार को दोनों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा व नामांकन पत्र लिए जाने को लेकर गहमागहमी रही। चर्चा रही कि पार्टी की ओर से दोनों नेताओं के लिए नामांकन पत्र ले लिए गए हैं पर इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी।

**अमेठी में राहुल गांधी का रोड शो आज**

# रोडवेज बस ने कार में मारी टक्कर, चार की मौत

## मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चियां, पांच घायलों को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर

- दो कारों में रामपुर का एक परिवार जा रहा था वृंदावन
- रोडवेज बस को कब्जे में लेकर पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**अमृत विचार :** संभल जिले के गुन्नौर थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर कार सवार जेठानी, देवरानी और दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। रामपुर जिले के एक ही परिवार के लोग मनौती पूरी होने पर बांके बिहारी के दर्शन करने के लिए वृंदावन जा रहे थे। सीएचसी से घायल दंपती को अलीगढ़ रेफर किया गया।

गुरुवार को रामपुर जनपद के शहजाद नगर थाना क्षेत्र के गांव



हरजीपुर निवासी पूरन यादव का परिवार दो कार में सवार होकर वृंदावन के लिए रवाना हुआ। आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाइवे पर शाम करीब चार बजे गांव बिचपुरी सैलाब के पास अलीगढ़ से मुरादाबाद जा रही हाथरस डिपो की रोडवेज बस ने उनकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में जेठानी मीना (55) पत्नी पूरन यादव, देवरानी राजमाला (35) पत्नी धर्मपाल निवासी हरजीपुर, मीना की धेवती राधिका (7) व दंशा (5) पुत्री भगवंत यादव उर्फ विंटू निवासी रायपुर थाना सिविल लाइन, जिला रामपुर की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और पिछली सीट पर बैठी मीना व राजमाला के शव बुरी तरह दब गए।

हादसे में कार चालक भगवंत यादव उर्फ विंटू, उसकी पत्नी प्रीति, तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा, भतीजा अवनेश और गांव हरजीपुर निवासी पुष्पेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी गुन्नौर भेजा, जहां से भगवंत यादव और प्रीति को गंभीर हालत में अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

## दो प्रदेशों के मुख्यमंत्री आज संभल में होंगे

**संभल।** संभल और बदायूं लोकसभा सीट पर यादव मतों में सेंध लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार को संभल जिले में दो स्थानों पर जनसभा में शामिल होंगे। दोनों कैलादेवी व बबराला में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील करेंगे। दोनों ही सुबह 11.45 बजे मूंढापांडे एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे, यहां से हेलीकॉप्टर से 12.10 बजे कैलादेवी धाम के निकट जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। 1. 20 बजे हेलीकॉप्टर से बबराला के बाबूराम सिंह भाय सिंह इंटर कॉलेज में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। यहां से 2.55 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा बरेली के आंवला में जनसभा के लिए निकलेंगे।

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।



कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे।

## बर्ड फ्लू को लेकर प्रदेश में अलर्ट

**लखनऊ।** झारखंड के रांची स्थित राजकीय कुक्कट फार्म में बर्ड फ्लू का मामला सामने आने के बाद पशुपालन विभाग ने प्रदेश में अलर्ट जारी किया है। सभी जिलों में सर्विलांस के लिए रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय कर पक्षियों के सैंपल लेने के निर्देश दिए गए हैं।

निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग डॉ. पीएन सिंह ने बताया कि बर्ड फ्लू को लेकर सभी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारियों को सावधानी और रोकथाम के निर्देश दिए गए हैं। जिलों पर रैपिड रिस्पांस टीम को सक्रिय किया है। जो पोल्ट्री फार्म, दुकान, पक्षी अभ्यारण्य, नेशनल पार्क, जलाशय बार्डर से लगे क्षेत्रों में सर्विलांस करेंगी।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

### सेक्स स्कैंडल मामला



- 24 घंटे में पेश न होने पर एसआईटी करेगी गिरफ्तार

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से एसआईटी के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। इसके पहले हाल के दिनों में हासन में कथित तौर पर सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। वे हासन से एनडीए उम्मीदवार हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।


# मुख्यमंत्री बोले-गठबंधन को जाने वाला वोट होगा महापाप

## एटा में जनता का किया आह्वान- सपा-कांग्रेस से रहें सावधान, भाजपा उम्मीदवार राजवीर सिंह के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और सपा गठबंधन पर जमकर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन से सावधान रहें। इनको जाने वाला वोट पाप की वजह होगा। कांग्रेस देश का इस्लामीकरण, तालिबानीकरण करके विभाजित करने का प्रयास कर रही है। जाति-समुदाय से हटकर मोदी जी के पक्ष में मतदान करें।

एटा के सैनिक पड़ाव में गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह राजू भैया के समर्थन में जनसभा को



संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह का सपना साकार हुआ है। अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हुआ है। एक ओर मंदिर बना तो दूसरी ओर माफिया का राम-नाम सत्य हो गया। अब आपके सामने भगवान राम का विरोध करने वाले और राम भक्तों की टोली दोनों हैं। निर्णय आपको करना है। उन्होंने कहा कि पहले देश सुरक्षित नहीं था। पूरे देश में आतंकवादी हमले होते थे। अब कहीं जोर से पटाखा फूट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसका इसमें हाथ नहीं है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा गठबंधन से सावधान रहने की अपील की। कहा कांग्रेस पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को हिस्सा दे देगी। ये गुमराह कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने गोमाता- गोमांस का जिक्र कर माहौल को संजीदा करने का भी प्रयास किया। कहा कांग्रेस-सपा गोमांस खाने वालों के साथ है। ऐसे में गठबंधन को जाने वाला वोट पाप का कारण बनेगा। वोट देने में सावधानी बरतें। इस चुनाव में हमें व्यक्ति नहीं देखना, जाति नहीं देखनी, सिर्फ मोदी जी को देखना है। उन्होंने जनसभा में मौजूद जनता को भाजपा प्रत्याशी को जिताने का संकल्प दिलाया।

### कल्याण सिंह के प्रति जगाई संवेदना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के प्रति जनसभा में मौजूद लोगों की संवेदना को उभारने का प्रयास किया। कहा कि कल्याण सिंह मुख्यमंत्री रहे, गर्वनर भी रहे, कई बार विधायक और सांसद रहे। उनकी मृत्यु हुई तो समाजवादी पार्टी ने संवदेना के दो शब्द व्यक्त नहीं किए। मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल करते हुए कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह को अपमानित करने वाली, राम को नकारने वाली और जनता के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा और कांग्रेस आपका वोट पाने की अधिकारी है क्या? जनता ने जवाब दिया नहीं।

## 'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

☞ तुरैहा-मछुआ समाज की बैठक सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप की समाधि पर दोपहर 12:30 बजे।

☞ कृष्णा विहार स्थित मनोकामना मंदिर में मां संतोषी की पूजा-अर्चना प्रात: 6:30 बजे।

# जिले में होता है 43925 मीट्रिक टन आम उत्पादन

## आम के बागों का जनपद में है 3405 हेक्टेअर रकबा, 12.9 प्रति हेक्टेअर है पैदावार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** लजीज व्यंजनों की तरह रामपुर नवाबी दौर से आम के लिए भी जाना जाता रहा है। नवाबों ने आम की कई कलमें तैयार कराईं। इनमें समर बहिश्त, लैली और फजरी प्रमुख हैं। इसके अलावा बनारसी लंगड़े की तरह रामपुरी लंगड़ा भी अपनी अलग पहचान रखता है। जिले में आम के बागों का रकबा 3405 हेक्टेअर है। एक हेक्टेअर में करीब 12.9 मीट्रिक टन उत्पादन होता है। प्रतिवर्ष आम का उत्पादन 43925 मीट्रिक टन है।

नवाबी दौर से ही रामपुरी लंगड़ा लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। दशहरी, चौसा भी अपनी मिठास घोल रहा है। सदर क्षेत्र का इलाका फल पट्टी के नाम से जाना जाता है। देश के कई सूबों में रामपुरी लंगड़ा आम की अलग पहचान हैं। मलिहाबाद की तर्ज पर रामपुरी दशहरी भी खूब पसंद की जाती है। फल सब्जी एसोसिएशन के महामंत्री एम आमिर खां बताते हैं कि आम की खरीद के लिए निर्यातकों ने आना शुरू कर दिया है। अधिकतर बाग की फसल बौर आने से पहले ही बिक चुकी है।

आमिर खां बताते हैं कि प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के चलते डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी को छह जून तक के लिए खाली करा लिया है। रामपुर में आम की बहुत दुर्गति होने वाली है। मंडी बाहर लग रही है। आम को पकाने के लिए दुकानों में रखा जाता है। आम खराब होने पर या तो बहुत महंगा होगा या बहुत कम कीमत पर बिकेगा।


बाग में पेड़ पर लटके आम।

### प्लाटिंग करने वाले कर रहे आम के बागों का सफाया

स्वार रोड पर ठोठर, मोरी गेट, डूंगरपुर निकट पुलिस लाइन और डायमंड सिनेमा के निकट समेत शहर में कई जगह प्रापर्टी डीलर ने आम के बागों को साफ कर दिया। इसमें वन विभाग की भूमिका भी संदिग्ध है। डायमंड सिनेमा के निकट वक्फ की जमीन पर कब्जा करके आम के बाग को कटवाकर प्लाटिंग कर दी गई है। इसके कारण पर्यावरण भी बिगड़ने लगा है।

### मिर्जा गालिब को भी बहुत पसंद थे आम

प्रसिद्ध शायर मिर्जा असद उल्लाह खां को भी आम बहुत पसंद थे। मिर्जा गालिब अपनी शायरी के साथ ही अपनी हाजिर जवाबी के लिए भी जाने जाते हैं। एक बार सड़क किनारे आमों का ढेर पड़ा था। उधर से टहलता एक गधा आया। उसने आमों को सूंघा और आगे बढ़ गया। तभी गालिब के एक दोस्त ने कहा कि देखो गधे भी आम नहीं खाते। गालिब ने दोस्त को जवाब दिया कि हां गधे आम नहीं खाते।

### संभल, अमरोहा और बिलारी को भी होती है पौध की सप्लाई

उद्यान निरीक्षक ब्रजमणि गहलौत ने बताया कि जिले की पौधशालाओं में तैयार आम की कलमी पौध कई साल से संभल, बिलारी और अमरोहा को सप्लाई होती हैं। रामपुर की पौध से ही संभल, बिलारी अमरोहा क्षेत्र में आम के बाग फल-फूल रहे हैं। उत्तराखंड में भी कलमी पौध की मांग बढ़ी है।

### शासन को भेजे गए मैंगो पैक हाउस के प्रस्ताव

उद्यान विभाग ने जिले में मैंगो पैक हाउस की स्थापना के प्रयास तेज कर दिए हैं। तीन महीने पहले तीन प्रस्ताव शासन को भेजे जा चुके हैं। मैंगो पैक हाउस बनने से आम के व्यापारियों को और लाभ मिलेगा।

### मई से अगस्त तक पकती हैं आम की यह फसलें

मई में पकने वाली- बंबइया, स्वर्णरेखा, अलफांसो।

जून में पकने वाली- दशहरी, लंगड़ा, तोतापरी।

जुलाई में पकने वाली- फजली, सीपिया, आम्रपाली।

अगस्त में पकने वाली- बथुआ, चौसा।

### रामपुर में यह हैं प्रमुख बाग

शाहबाद का लक्खी बाग, खासबाग, बेनजीर

> जिले में आम के बागों का रकबा 3405 हेक्टेअर है। एक हेक्टेअर में करीब 12.9 मीट्रिक टन उत्पादन है। प्रतिवर्ष आम का 43925 मीट्रिक टन उत्पादन होता है। रामपुर की तहसील सदर और शाहबाद क्षेत्र में आम के बागों की संख्या काफी है।
>
> **-नरेंद्र पाल,** जिला कृषि अधिकारी

# मंडी के बाहर बेतरतीब फड़ लगने से हो रहा रास्ता जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नवीन मंडी समिति के बाहर फल और सब्जी विक्रेता बेतरतीब फड़ लगा रहे हैं। इससे लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं। जाम की समस्या को खत्म करने के लिए लगाए गए गार्ड भी आए नदारद रहते हैं। इसके कारण मंडी में आने जाने वाले सब्जी उत्पादकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रथम चरण का लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को सम्पन्न हो गया है। चार जून को मंडी में मतगणना होनी है। डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी समिति में स्ट्रांग रूम बनाकर ईवीएम को सुरक्षित कर दिया है। अर्द्धसैनिक बल के जवान इसकी सुरक्षा कर रहे हैं। इसके चलते मंडी समिति के बाहर सड़क पर ही फल, सब्जी मंडी लग रही है। समिति के अधिकारियों की अनदेखी के चलते गेट नंबर तीन से पुलिस चौकी तक फ्रूट, सब्जी विक्रेता आधे से ज्यादा सड़क पर कब्जा करके फड़ लगाए हुए हैं। इन फड़ों के आगे दो पहिया वाहन और ई-रिक्शा खड़ी की जा रही हैं। इससे बाहर का पूरा रास्ता ब्लॉक हो रहा है। जाम को रोकने के लिए यहां चार गार्डों की तैनाती है। इसके बाद भी ओवरलोड ट्रक और ई-रिक्शा का आवागमन जारी है।

गुरुवार की सुबह छह बजे ओवरलोड ट्रक सब्जी मंडी में प्रवेश कर गया। इससे काफी देर तक जाम लगा रहा। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के महासचिव एम आमिर आढ़ती ने कहा कि मंडी के बाहर सीमा के अनुसार फड़ लगवाए जाएं। ओवरलोड वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी जाए तो जाम की समस्या से निजात मिल सकती है।

> पहले यहां चार गार्ड तैनात थे। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए गार्डों की संख्या छह कर दी गई है। इनकी तैनाती सुबह साढ़े पांच से दोपहर एक बजे तक रहेगी। दो गार्डों को चहलकदमी के लिए तैनात किया गया है।
>
> **-मनोज सूरी,** सचिव नवीन मंडी

## एक नजर


रविन्द्र नाथ टैगोर को नमन करते अतिथि।

### जयंती पर राष्ट्रगान के रचयिता को किया याद

**मिलक, अमृत विचार :** गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह तथा मुख्य वक्ता ममता सक्सेना ने मां सरस्वती व गुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पार्चन किया। मुख्य वक्ता ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका जन्म सात मई 1861 को कोलकाता में हुआ था। माता का नाम शारदा देवी और पिता का नाम महर्षि देवेंद्र नाथ टैगोर था। उनकी कविता गीतांजलि पर साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के संयोजक कौशल उपाध्याय रहे। संचालन संगीताचार्य शुभम सक्सेना ने किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को सड़क सुरक्षा तथा यातायात सप्ताह की शपथ दिलाई।

# जनवरी 2025 तक पूरा करें सेतु व एप्रोच रोड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भैया नगला क्षेत्र में निर्माणाधीन सेतु के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि एप्रोच मार्ग का निर्माण कार्य भी प्रारंभ करा दिया जाए। इस दौरान यदि किसी को कोई समस्या होती है तो तत्काल एसडीएम सदर को सूचित करें। यह तय करें कि प्रत्येक दशा में भैया नगला का सेतु एवं एप्रोच मार्ग जनवरी 2025 तक पूर्ण हो जाना चाहिए।

जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने तहसील सदर के ग्राम भैया नगला क्षेत्र में कोसी नदी पर 24 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सेतु और तहसील शाहबाद के ग्राम मदारपुर में रामगंगा नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन सेतु की भौतिक प्रगति का जायजा लेने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर शशिकांत से निर्माण कार्य शुरू होने से लेकर वर्तमान में प्रगति और कार्य पूर्ण होने की अवधि सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। रामगंगा नदी पर निर्माणाधीन सेतु के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की सेतु निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। मानकों के अनुरूप ही प्रत्येक निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाए। यदि मानकों के अनुपालन में शिथिलता बरती गई तो सख्त कार्रवाई होगी। मदारपुर का सेतु निर्माण कार्य मई 2025 तक पूर्ण हो जाना चाहिए।

जिलाधिकारी ने मदारपुर में कोसी और रामगंगा के मिलन बिंदु पर जलस्तर बढ़ने के दौरान कटाव को रोकने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। यह कटावरोधी कार्य मई में ही पूर्ण हो जाएंगे। बारिश में नदियों के कटान की वजह से उत्पन्न समस्याओं का सामना ग्रामीणों को नहीं करना पड़ेगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर मोनिका सिंह और एसडीएम शाहबाद सुनील कुमार भी मौजूद रहे।


ग्राम मदारपुर में रामगंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण करते डीएम जोगिन्दर सिंह।

# लगातार चौथी बार अध्यक्ष बने रवीन्द्र गुप्ता

- पंक्चयूलिटी पुरस्कार विनीता, मिथिलेश व ओंकार सिंह को मिला
- चंपा कुंवरि न्यास में हुआ भारत विकास परिषद का कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारत विकास परिषद् के सचिव और मुख्य अतिथि अजय विश्नोई ने फंड के बारे में विस्तार से बताते हुए विकास मित्र एवं विकास रत्न बनने का अनुरोध किया ।

भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा एवं महिला भारती शाखा की ओर से दायित्व बोध एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम गांधी समाधि स्थित चंपा कुंवरी न्यास में सम्पन्न हुआ। इसका आरंभ मुख्य अतिथि भारत विकास परिषद् के सचिव अजय विश्नोई, विशिष्ट अतिथि निर्मल कुमार मेहता ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। इसके बाद सुमन गुप्ता, श्वेता वर्मा, शालिनी चावला एवं डाक्टर रजनी अग्रवाल ने वन्देमातरम गीत प्रस्तुत किया। रूचि गुप्ता, सोनिका गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। दोनों शाखाओं की सचिव अनिता वैश्य तथा दीपक पुंडीर ने सत्र 2023-2024 की वार्षिक रिपोर्ट सदन के समक्ष प्रस्तुत की। वर्तमान सत्र में शामिल नये सदस्यों को शपथ दिलाने के बाद दोनों शाखाओं के दायित्वधारी एवं बीओडी सदस्यों को भी शपथ दिलाई गई। मुख्य शाखा से अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता, सचिव दीपक पुंडीर, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महिला संयोजिका श्वेता वर्मा, महिला भारती से अनिता वैश्य, बबिता गुप्ता, अनिता भटनागर, अंशिका सिन्हा को उनके दायित्व की शपथ दिलाई। अध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने संस्था द्वारा किए कार्यों का एवं वर्तमान सत्र में किए जाने वाले कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। रवीन्द्र गुप्ता को लगातर चौथी बार अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई गई। सदस्य विनोद कुमार को प्रभारी मीडिया के माध्यम से वैवाहिक वर्षगांठ पर पुरस्कार देकर शुभकामनाएं दी गईं।

पंक्चयूलिटी पुरस्कार विनीता सिंह, मिथिलेश राजपूत, ओंकार सिंह विवेक एवं शिव कुमार गुप्ता को दिया गया। कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने प्रांतीय वित्त सचिव को केन्द्र, क्षेत्र एवं प्रान्तीय शुल्क शाखा अध्यक्ष के माध्यम से प्रदान किया। तीन साल से परिषद द्वारा गोद ली हुई दो कन्याओं का वार्षिक शिक्षण शुल्क भी दिया गया। पूर्व प्रान्तीय सरंक्षक जगन्नाथ चावला ने अतिथियों, कार्यक्रम को सफल बनाने वाले पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सकंल्प शाखा के अध्यक्ष सजल अग्रवाल एवं दोनों शाखाओं के सदस्य भी उपस्थित रहे। संचालन पूर्व महिला संयोजिका पुष्पा गुप्ता ने किया। इस मौके पर दीपक पुंडीर, श्वेता वर्मा, विकास पांडेय, अभय शंकर अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, कृष्णकांत, आरपी सिंह आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

# बाबा के मधुर भजनों पर रात भर झूमे श्याम भक्त

- मधुर भजनों ने हर किसी को भाव विभोर कर दिया
- दिल्ली और मुरादाबाद से आए कलाकारों ने प्रस्तुत किए भजन

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सनैया सुख गांव में बुधवार की रात श्याम कीर्तन का आयोजन हुआ। रात भर संगीतमय भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। गायक कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। पूरी रात भक्त श्याम के भजनों पर नृत्य करते रहे। इस दौरान जय श्री श्याम के नारों से पंडाल गूंज उठा। भोर में महा आरती व प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या को विराम दिया गया।

प्रेम सांवरिया मित्र मंडल द्वारा बुधवार रात में सनैया सुख गांव में हाईवे किनारे द्वितीय श्री श्याम कीर्तन महोत्सव के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित मनीष शर्मा ने विधिवत हवन-पूजन कर श्याम बाबा का केसर, चंदन व रंग बिरंगे फूलों से श्रृंगार किया। उन्हें रत्न जटित मुकुट पहना कर छप्पन भोग लगाया। इसके बाद सांसद घनश्याम सिंह लोधी व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण अवतार लोधी ने बाबा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया।

भजन संध्या में आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने देर रात तक बाबा की शान में गाए गए मधुर भजनों का रसपान किया। दिल्ली से आई भजन गायिका भावना स्वरांजलि, मुरादाबाद से आई नेहा व वृंदावन से पधारे देबू श्याम दीवाना व विपिन श्याम दीवाना की जोड़ी के मधुर भजनों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया। भजनों की धुनों पर भक्तों की भीड़ रात भर झूमती रही। गुरुवार भोर में महाआरती व प्रसाद वितरण के बाद भजन संध्या को विराम दिया गया। शांति व्यवस्था में थानाध्यक्ष निशा खटाना पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। इस दौरान राजकुमार चंद्रा, मुकेश चंद्रा, विनोद सैनी, राम सिंह सैनी, सौरभ गुप्ता, सोमपाल राजपूत, सोनू ठाकुर, महेश सैनी, प्रेम सैनी आदि मौजूद रहे।


सनैया सुख गांव में आयोजित भजन संध्या में भजन प्रस्तुत करतीं गायिका।


भजन संध्या में मौजूद भक्त। ● अमृत विचार

# तेंदुए की तलाश में वन विभाग की टीम ने जंगलों में की कांबिंग

**सैफनी, अमृत विचार :** ग्राम चंद्रपुरा खुर्द के जंगलों में गुरुवार को वन विभाग की टीम ने कांबिंग की। बुधवार को सैफनी के गांव चंद्रपुरा खुर्द में तेंदुआ आने की जानकारी मिली थी। वन विभाग टीम तेंदुए की जानकारी से इंकार कर रही है। ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। किसान खेतों पर जान से डर रहे हैं।

बुधवार की दोपहर क्षेत्र के चंद्रपुरा खुर्द गांव निवासी जसवीर क्षेत्र के जंगलों से भूसा देखने जा रहे थे। इस दौरान झाड़ियों से निकलकर तेंदुए ने हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गए। साथ गए लोगों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके की तरफ दौड़ पड़े थे। उन्हें देखकर तेंदुआ जंगल में भाग गया था। डिप्टी रेंजर धर्मेंद्र कोहली ने बताया कि टीम को मौके पर भेजा गया है। लेकिन फिलहाल तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हुई है।

# हेपेटाइटिस सी की दवा लेने दूसरे दिन भी लगी भीड़

- जिला अस्पताल में दो बजे तक 50 रोगियों को बांटी गई दवा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस सी की दवा लेने के लिए गुरुवार को दूसरे दिन भी रोगियों की भीड़ लगी रही। इस दौरान कतार में लगे रोगियों में धक्का-मुक्की भी हुई। सिक्योरिटी गार्ड ने लोगों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। दोपहर दो बजे तक 50 रोगियों को दवा वितरित की गई। शेष को दवा देने के लिए अगले दिन का समय दिया गया है।

19 अप्रैल को जिला अस्पताल में हेपेटाइटिस सी की दवा का स्टॉक खत्म हो गया था। स्टॉक खत्म होने पर चिकित्सकों ने सीएमएस को लिखकर दिया था। इस पर सीएमएस ने दवा के लिए शासन को पत्र लिखा था। दवा नहीं मिलने पर रोगियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। 26 अप्रैल को लखनऊ से दवा आने पर अस्पताल में रोगियों की लगातार भीड़ लग रही है। डा. राजीव राजपाल ने बताया कि बुधवार को 50 रोगियों को हेपेटाइटिस सी की दवा का वितरण किया गया। शेष रोगियों को दवा के लिए अगले दिन का समय दिया है। गुरुवार को 1055 रोगियों की ओपीडी हुई। ओपीडी कर रहे चार चिकित्सकों ने रोगियों को परामर्श दिया।

जनरल फिजिशियन डा. दशरथ सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव होने पर ज्यादातर रोगी उल्टी, दस्त और बुखार के रोगियों को देखा गया। परामर्श देकर एहतियात बरतने की सलाह दी। बताया कि खुले में बिकने वाले पदार्थों का सेवन न करें। ज्यादातर तरल पदार्थों में तरबूज, खरबूजा, जूस और हरी सब्जियों का सेवन करें।


जिला अस्पताल में दवा लेने को लगी रोगियों की भीड़। ● अमृत विचार

**लापरवाही** नगर पालिका परिषद ने जल निकासी के लिए तोड़ी पुलिया, पालिका के अधिकारियों से भी शिकायत कर चुके हैं क्षेत्रवासी

# जगह-जगह तोड़कर छोड़ दीं पुलियां, हादसों की आशंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने शहर में अधिकतर क्षेत्रों में जगह-जगह पुलिया तोड़कर छोड़ दीं। इनसे हादसे की आशंका बनी है। कई क्षेत्रों में जल निकासी के लिए तोड़ी गई पुलिया जी का जंजाल बन गई हैं। लोगों ने इसकी शिकायत नगर पालिका के अधिकारियों से भी की, लेकिन उन्होंने भी ध्यान नहीं दिया। रोजाना शाम को पुलिया के आसपास जाम लग जाता है।

शहर के नालापार, मोरी गेट, जेल रोड और तीतर वाली पाखड़ के चौराहे की पुलिया की तोड़कर छोड़ दिया गया है। तीतर वाली पाखड़ की पुलिया के पास बरसात में जलभराव की समस्या रहती थी। पानी के निकासी के लिए पुलिया को तोड़कर छोड़ दिया गया। लोगों का कहना है कि पुलिया को टूटे हुए एक माह से अधिक का समय गुजर चुका है। स्कूल भेजते समय बच्चों का ध्यान रखना पड़ता है। पुलिया टूटने से लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया तोड़ते समय लोगों ने विरोध भी किया था। लोगों ने कहा था कि वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए काम कराया जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो। मगर ऐसा नहीं किया गया। टूटी पुलिया लोगों के लिए जी का जंजाल बन चुकी है। पालिका अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन दिए जा रहे हैं।


तीतर वाली पाखड़ चौराहे पर टूटी पुलिया से गुजरती ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

> तीतर वाली पाखड़ वाले क्षेत्र में पानी की निकासी के लिए पुलिया का कार्य कराया जा रहा है। ताकि बरसात में जलभराव की दिक्कत न हो। जल्द ही कार्य को पूरा कराया जाएगा।
>
> **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी,** ईओ, नगर पालिका परिषद



> पानी की निकासी के लिए जब पुलिया को तोड़ा गया, उस समय पालिका अधिकारियों से कहा था कि पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करायी जाए। ताकि कोई परेशानी न हो। **- राहत खां**



> पुलिया तोड़ने से सड़क पर खतरे बढ़ गए है। नगर पालिका को जल्द से जल्द इसका निर्माण कराना चाहिए। जब कोई बड़ा हादसा हो जाएगा तब अधिकारियों को होश आएगा। **- जहांगीर अहमद**



> पुलिया को ठीक कराने के लिए पालिका अधिकारियों से कहा जा चुका है। इसके बाद भी कोई समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। लोगों को काफी परेशानी हो रही है। **- अमन तौकीर**



> चौराहे की पुलिया को तोड़कर छोड़ दिया है। एक माह बीतने के बाद भी पुलिया की स्थिति काफी जर्जर है। ऐसे में हादसा होने पर कौन जिम्मेदार होगा। **- फैजान अली**

# एडीएम ने किया गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण

**टांडा, अमृत विचार :** अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह गुरुवार की दोपहर उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह के साथ गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारियों से गेहूं की खरीदारी के बारे में जानकारी की। लक्ष्य से कम खरीदारी मिलने पर केंद्र प्रभारियों को फटकार लगाई।

एडीएम ने केंद्र प्रभारियों से कहा कि गांवों में जाकर किसानों से संपर्क करें। उन्हें सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं लाने के लिए प्रेरित करें। गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह को पीसीयू लखमन नगला-दो के केन्द्र प्रभारी भारत सिंह अनुपस्थित मिले। एडीएम ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्रत्येक दशा में समय से पूरा करें। पांच मई तक गेहूं की खरीदारी में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं हुई तो केंद्र प्रभारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## एक नजर

### पशुशाला से किसान की भैंस खोल ले गए चोर

**मसवासी, अमृत विचार :** चौकी क्षेत्र के गांव मोतीपुरा में चोर देर रात किसान की पशुशाला से भैंस खोल कर ले गए। किसान ने पुलिस को ममाले की तहरीर दे दी है। देर रात चोरों ने मोतीपुरा निवासी खूब सिंह की पशुशाला से भैंस चोरी कर ली। भोर के समय किसान भैंस को चारा डालने के लिए पशुशाला पहुंचा तो भैंस गायब देख होश उड़ गए। उसने भैंस को इधर-उधर खेतों में तलाश किया लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। किसान ने मामले की सूचना चौकी पहुंचकर पुलिस को दी। खूब सिंह ने बताया कि भैंस की कीमत करीब एक लाख रुपये थी। पुलिस जांच में जुटी है।

### रंगदारी मांगने का एक आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइन निवासी शुभम अग्रवाल से कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने घर में घुसकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने गुरुवार को इस मामले में फहीम पुत्र मोहम्मद शफीक निवासी चादर वाला बाग निकट जिला अस्पताल को फोटो चुंगी से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसका चालान कर दिया गया।

### मारपीट और वारंट के मामलों में पांच गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने मारपीट व वारंट के मामलों में कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि दिबदिबा गांव की सोढ़ी कॉलोनी निवासी राहुल कुमार पुत्र सुभाष कुमार व सुरजीत चौहान पुत्र जगदीश चौहान, इसी गांव की सुभाषनगर कॉलोनी निवासी रेहान पुत्र मुख्तार अंसारी तथा नगर की सिंह कॉलोनी निवासी अनिल पुत्र पातीराम को मारपीट के मामलों में पकड़ा गया है। इनके अलावा नया गांव के रहने वाले दीदार मसीह पुत्र बरकत मसीह को कोर्ट के वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध 2017 से विद्युत अधिनियम के तहत वाद विचाराधीन है। वह इसकी तारीखों पर कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। इसलिए अदालत ने उसके वारंट जारी कर दिए थे। पुलिस ने पांचों आरोपियों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# एचटी लाइन के करंट से मजदूर की मौत

## ट्यूबवेल पर केबल बांधने जा रहे रईस अहमद के सिर में छू गया लटक रहा तार

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार :** धान की सिंचाई करने गए मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। मजदूर का अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

क्षेत्र के लोहारा इनायत गंज निवासी रईस अहमद गांव के ही अनुज चौधरी के फार्म पर मजदूरी करता था। बुधवार को भी वह फार्म हाउस पर गया था। इस दौरान 55 वर्षीय रईस अहमद मोटर की केबल बांधने ट्यूबवेल की ओर जा रहा था। इस बीच ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवीए की लाइन के तारों से उसका सिर छू गया। इससे उसे जोरदार करंट लगा और वह अचेत होकर जमीन पर गिर गया।

यह देख आसपास खेतों में काम कर रहे लोग तत्काल मौके की ओर दौड़ पड़े। लेकिन तब तक रईस अहमद की मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में कुछ मजदूर उसे चिकित्सक के पास ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिवार वाले भी मौके पर पहुंच गए। गुरुवार की दोपहर मजदूर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### हादसों का कारण बन रहे हैं नीचे लटक रहे तार

क्षेत्र में नीचे लटके तार हादसों का कारण बन रहे हैं। इससे पहले भी कई मजदूर झूलते तारों की चपेट में आकर झुलस चुके हैं। इसके बाद भी अधिकारी इन तारों को ऊंचा कराने को तैयार नहीं हैं। बिजली विभाग के अधिकारियों की इसी लापरवाही के चलते मजदूर की जान चली गई।



सैदनगर के बंजरिया बिजलीघर पर ज्ञापन देते किसान। ● अमृत विचार

### किसानों ने बंजरिया बिजलीघर पर किया धरना-प्रर्दशन

**सैदनगर, अमृत विचार :** मानकपुर बंजरिया बिजलीघर से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में बिजली को लेकर हाहाकार मचा है। गुरुवार को किसान यूनियन से जुड़े तमाम किसानों ने बिजलीघर पर धरना देकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उधर किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने बिजली व्यवस्था में सुधार न होने पर जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने की चेतावनी दी है। सैदनगर क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। आए दिन बार-बार ट्रिपिंग, कभी जर्जर लाइनों का टूटना ग्रामीणों को काफी परेशान कर रहा है। गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर पर धरना दिया। इस दौरान बिजली कर्मचारियों के खिलाफ नारेबाजी भी की। विद्युत निगम के अधिकारियों को दिए ज्ञापन में दो दिन के अंदर बिजली व्यवस्था नहीं सुधरने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में चौधरी राजपाल सिंह, जुनैद आलम, चोखेलाल, गुरवचन सिंह, जब्बार, मोहम्मद मेराज, कुशाल सिंह, सूरत भान सिंह आदि किसान शामिल रहे।

### घर में घुसकर महिला को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव इमरता निवासी मिथलेश का कहना है कि उसका गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों से काफी दिनों से विवाद चल रहा है। महिला का कहना है कि कुछ दिन पहले वह खाना बना रही थी। आरोपी संजीव अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथियों ने लाठी-डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने बुधवार की देर रात थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने संजीव, रघुवीर, निशा और अर्जुन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



दढ़ियाल में कोसी पुल पर लगी दो पहिया वाहन चालकों की भीड़। ● अमृत विचार

## कोसी पुल पर दो पहिया वाहनों का आवागमन भी किया बंद

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार:** मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे स्थित कोसी पुल पर मरम्मत के चलते गुरुवार दो पहिया वाहनों का आवागमन भी बंद कर दिया गया। इसके कारण गर्मी में दो पहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुल से निकलने को लेकर दो पहिया वाहन चालकों और पुलिसकर्मियों के बीच नोकझोंक होती रही।

एक सप्ताह पूर्व मुरादाबाद-बाजपुर हाईवे स्थित कोसी नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। सेतु निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इसकी जांच-पड़ताल के बाद क्षतिग्रस्त पुल पर बालू के बोरे लगाकर भारी वाहनों, कार, थ्री व्हीलर आदि के लिए बंद कर दिया था। गुरुवार को दो पहिया वाहनों की भी आवाजाही बंद कर दी गई। दिल्ली से नैनीताल जाने वाले पर्यटकों को दढ़ियाल से वाया लोहिया पुल सुल्तानपुर पट्टी होते हुए नैनीताल के लिए डायवर्ट कर दिया गया। बाजपुर से दिल्ली जाने वाले पर्यटकों के लिए मुंशीगंज से वाया स्वार रामपुर होकर दिल्ली के लिए रूट डायवर्ट किया गया है।

> पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से पर कंक्रीट का लिंटर डालने के बाद बेरिंग कोड डाला गया है। इसके कारण दो घंटे के लिए दो पहिया वाहनों का संचालन बंद रहा। अगर दो पहिया वाहनों का आगमन बंद नहीं करते तो जंपिंग के चलते पुल का जोड़ नहीं मिल पाता। **–मोहम्मद आजम**
> जेई, लोक निर्माण विभाग

### रास्ते में रोककर किशोरी से अश्लीलता, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अकेली जा रही एक किशोरी को रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें करने वाले दो युवकों के विरुद्ध केमरी पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। इसमें मारपीट व छेड़छाड़ के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गई हैं।

यह रिपोर्ट सिविल लाइंस थाना क्षेत्र निवासी किशोरी की मां ने दर्ज कराई हैं। महिला ने बताया कि वह केमरी में अपने भाई के घर आई थीं। शाम उनकी 16 वर्षीया पुत्री सामान लेने बाजार गई थी। रास्ते में एक निजी अस्पताल के पास मोहल्ला गढ़ी निवासी रेहान व बाबू ने उनकी पुत्री को जबरदस्ती रोक लिया। उसे पकड़कर छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें कीं। शोर मचाने व विरोध करने पर मारपीट की और मौके से भाग गए। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# हादसे में सगी बहनों समेत चार लोगों की मौत से मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद संभल के गुन्नौर थाना क्षेत्र के गांव बिचपुरी सैलाब में हुए सड़क हादसे में रामपुर जनपद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर और थाना शहजादनगर के ग्राम हरजीपुर निवासी दो बच्चों और दो महिलाओं की मौत हो गई। चार मौतों की खबर मिलते ही कोहराम मच गया। जिसने भी यह खबर सुनी वह मृतकों के घर की ओर दौड़ पड़ा। जबकि, मृतकों के परिजन गुन्नौर के लिए रवाना हो गए हैं। समाचार लिखे जाने से शव गांवों में नहीं पहुंच सके थे।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी भगवंत सरन की शादी थाना शहजादनगर के ग्राम हरजीपुर निवासी धर्मपाल की भतीजी प्रीति से कुछ वर्ष पूर्व हुई थी। गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे गांव हरजीपुर निवासी मीना (55) पत्नी पूरन, भगवत सरन की पत्नी प्रीति अपने दो बच्चों राधिका (8) और दशा (6), धर्मपाल की पत्नी राजमाला समेत 14 लोग दो कारों में सवार होकर दोपहर करीब एक बजे वृंदावन के लिए रवाना हुए थे। जनपद संभल के गुन्नौर थाना क्षेत्र के ग्राम बिचपुरी सैलाब के पास रोडवेज की बस ने एक कार को टक्कर मार दी। इसमें धर्मपाल की दोनों बेटी राधिका और दशा के अलावा प्रीति की जेठानी मीना तथा देवरानी राजमाला की मौत हो गई। जबकि, कार में सवार राधिका और दशा की मां प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई।

बताते हैं कि सड़क हादसा गुरुवार की शाम करीब 4:30 बजे हुआ। हादसे की जानकारी मिलने के बाद रायपुर और हरजीपुर गांव में कोहराम मच गया। मृतकों के रिश्तेदार गुन्नौर के लिए रवाना हो गए। समाचार लिखे जाने तक शव घर नहीं पहुंचे हैं। पूरे गांव में चूल्हे भी नहीं जले। ग्रामीण गांव की चौपाल पर बैठकर गुन्नौर से लौटने वालों का इंतजार कर रहे थे।



हादसे के बाद रायपुर गांव में एकत्र लोग। ● अमृत विचार



राधिका व मीना के फाइल फोटो।

- क गुरुवार की दोपहर करीब एक बजे गांव के लोगों और परिजनों ने हंसी-खुशी किया था विदा
- सिविल लाइंस के गांव रायपुर और शहजादनगर के ग्राम हरजीपुर के रहने वाले थे मृतक

### घर पर लगा रहा लोगों का तांता

एक ही परिवार के दो बच्चों की मौत की जानकारी मिलने बाद गांव के लोग सकते में हैं। जिसने ने भी यह खबर सुनी वही धर्मपाल और भगवंत सरन के घर की ओर दौड़ पड़ा। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। किसी तरह उन्हें शांत कराया और गांव के कुछ लोगों के साथ घटनास्थल के लिए भेज दिया। घर पर लोगों की भीड़ देर रात तक जुटी रही।

### सभी को हंसी-खुशी किया था विदा

बच्चे और महिलाएं हंसी-खुशी वृंदावन जाने के लिए दो कारों से रवाना हुए थे। इस दौरान गांव के लोगों भी मौजूद थे। सभी ने उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की थी। मगर किसी को क्या पता था कि चार लोग अब कभी भी लौटकर ही नहीं आएंगे। हादसे में चार लोगों की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। मृतकों के घर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। परिवार की महिलाओं का करुण क्रंदन सुनकर मौके पर मौजूद प्रत्येक शख्स की आंखें नम हो गईं।

### तीन घंटे बाधित रही जेल रोड और खुसरो बाग की बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को डूंगरपुर बिजलीघर के फीडर जेल रोड, खुसरो बाग की बिजली तीन घंटे ठप रही। इस दौरान उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीषण गर्मी में बिजली नहीं आने से बच्चों का हाल बेहाल हो गया।

दोपहर एक से शाम चार बजे तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने निगम के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने 33केवीए केबिल जलने की बात बताई। अधिकारी उपभोक्ताओं को जल्द ही आपूर्ति सुचारु कराने का आश्वासन देते रहे। जेई नागेंद्र शर्मा ने बताया कि अत्याधिक लोड के कारण केबिल जल गई थी। इसे सही कराने में समय लगा। जली केबिल सही कराने के बाद शाम चार बजे आपूर्ति सुचारु कर दी गई।

# जिला अस्पताल में एक बेड पर दो-दो मरीज

**डायरिया का प्रकोप**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जनपद में डायरिया का प्रकोप दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि डायरिया से पीड़ित हर घर के एक-दो सदस्य अस्पताल पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल में बने डायरिया वार्ड में बेड कम पड़ गए है। एक बेड पर दो मरीजों को लिटाकर उपचार किया जा रहा है। रोगियों को उपचार नहीं मिलने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौन धारण किए हैं।

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए डिजिटल एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्केन समेत तमाम सुविधाएं मौजूद हैं। जिले में बढ़ते डायरिया के प्रकोप को देखते हुए प्रमुख सचिव चिकित्सा व स्वास्थ्य ने सतर्कता बरतने के आदेश दिए हैं। कहा है कि डायरिया रोगियों को बेहतर और अच्छी व्यवस्थाएं दी जाएं। लू से पीड़ित रोगियों के लिए आठ बेड का कोल्ड रूम भी बनवाया गया है। इसके अलावा डायरिया रोगियों के लिए 25-25 बेड के तीन वार्ड आरक्षित किए गए हैं। इसके बावजूद एक बेड पर दो मरीजों का उपचार किया जा रहा है। इससे अस्पताल प्रशासन के दावों की पोल खुली रही है। वार्ड में भर्ती रोगियों के तीमारदारों का कहना है कि अगर अस्पताल में रोगी को भर्ती कराना है तो अपने साथ बेड भी लाने की स्थिति बनी हुई है। उधर एक बेड पर दो मरीजों को भर्ती करने की बात को अस्पताल प्रशासन सिरे से ही नकार रहा है।



डायरिया वार्ड में एक बेड पर उपचार कराते दो मरीज। ● अमृत विचार

> गर्मी बढ़ने की वजह से डायरिया के मरीजों में इजाफा हुआ है। मरीजों की संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल में बेड बढ़ाने का इंतजाम किया जा रहा है।
> **–डॉ. एचके मित्रा,** सीएमएस

### डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 35 नए रोगी

गुरुवार को जिला अस्पताल में बने वार्ड में 35 नए रोगी भर्ती हुए हैं। इनमें मोहल्ला लाल कबर निवासी निशा, शबाना निवासी थाना गंज, रामबाबू निवासी माला रोड, जुबैर निवासी शाहबाद गेट को भर्ती किया गया है। इसके अलावा ओपीडी में 1055 रोगियों को परामर्श दिया गया। ओपीडी कर रहे पांच चिकित्सकों ने रोगियों को परामर्श दिया। जनरल फिजीशियन डा. संजय अग्रवाल ने बताया कि मौसम में परिवर्तन होने की वजह से रोगियों की संख्या बढ़ी है।

## पूर्व सांसद जयाप्रदा के अधिवक्ता ने कोर्ट में पेश की गवाहों की सूची

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** केमरी के आचार संहिता उल्लंघन मामले में गुरुवार को सुनवाई हुई। पूर्व सांसद जयाप्रदा के अधिवक्ता ने एमपी-एमएलए कोर्ट में गवाहों की सूची पेश की। इसके अलावा स्वार मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। पिछली तारीख पर जयाप्रदा ने 313 सीआरपीसी के बयान दर्ज कराए थे। अब दोनों मामलों में 14 मई को सुनवाई होगी।



फिल्मी अभिनेत्री एवं पूर्व सांसद जयाप्रदा ने 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ा था। इस दौरान केमरी थाने में उनके खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट ट्रायल कोर्ट में चल रही है। पिछली तारीखों पर जयाप्रदा के पेश नहीं होने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू तथा 82 तक की कार्रवाई कर दी थी। इसके बाद वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में पेश हुई थीं। तब कोर्ट ने वारंट रिकॉल कर दिए गए थे। केमरी के जुड़े मामले में जयाप्रदा ने कोर्ट में 313 के बयान दर्ज कराए थे। गुरुवार को इस मामले में सुनवाई हुई। उनके अधिवक्ता ने गवाहों की सूची अदालत को दी। स्वार के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब दोनों मामलों में 14 मई को सुनवाई होगी।

# विद्युत कर्मियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तहसील अध्यक्ष ने कहा कि मीटर में रीडिंग 100 यूनिट दिखाई देती है लेकिन बिजली कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ता को 500 यूनिट का बिल भेजकर कर मनमानी की जा रही है। अगर अधिकारियों ने कर्मचारियों पर शिकंजा नहीं कसा तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा।

नगर के मोहल्ला खास स्वार स्थित उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें तहसील अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि तहसील क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं। बिजली आने-जाने का समय निर्धारित नहीं है। ज्यादा रीडिंग के बिल निकाले जा रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा मनमानी की जा रही है। मीटर की रीडिंग अगर 100 यूनिट दिखाई दे रही है तो 500 यूनिट का बिल बनाकर उपभोक्ताओं के घर पहुंचाया जा रहा है। इससे जनता परेशान है।

तहसील अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारियों ने इसमें सुधार नहीं किया तो व्यापार मंडल आंदोलन करेगा। इससे पूर्व तहसील अध्यक्ष ने मंडल का विस्तार करते हुए रहीम मास्टर, रेहान अली, टीटू सरदार, संजय शर्मा को संगठन में शामिल किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री शिवऔतार सक्सेना उर्फ मन्नू, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, गुड्डू अली, मिन्टू सिंह, शाहजमान खां, संजय वाल्मीकि, गुड्डू हाफिज, जुल्फिकार अली, फुरकान अली, कदीर अहमद, फराज अहमद, गगन सचदेवा, वीरेंद्र राठौर, फेजान अली, शावेज अली, इस्लाम, नन्हें, सब्बू, भूरा भाई, हामिद भाई, अफरोज खान, जुनैद खां, इरफान अली आदि मौजूद रहे।




उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में बोलते तहसील अध्यक्ष अनवर अली। ● अमृत विचार

- मीटर दर्शा रहा 100 यूनिट, 500 यूनिट का भेजा रहा बिल : अनवर
- व्यापार मंडल अधिकारियों के खिलाफ जल्द ही करेगा आंदोलन

### शादी का झांसा देकर तीन वर्ष तक किया शोषण

**मसवासी, अमृत विचार :** युवक ने शादी का झांसा देकर का तीन साल तक शारीरिक शोषण किया और फिर शादी से मुकर गया। पीड़िता ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

मामला चौकी क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि गांव के ही युवक का उसके घर आना-जाना था। नजदीकियां बढ़ने पर दोनों में प्यार हो गया। युवक ने उसे प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देते हुए तीन साल तक शारीरिक शोषण किया। मंगलवार को युवती ने अपने प्रेमी पर शादी करने का दबाव बनाया। तब उसने शादी करने से साफ मना कर दिया। उसने युवती की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी भी दी। इतना ही नहीं पुलिस से शिकायत करने पर युवती को परिवार सहित जान से मारने की धमकी भी दी। इंस्पेक्टर स्वार संदीप त्यागी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

**वास्तविकता** घर-घर बिजली पहुंचाने की कवायद में अधिकारी फेर रहे पानी, पिछले कई वर्ष से बिजली का इंतार कर रहे हैं कालोनी के 100 से ज्यादा परिवार

# बाबा दीप सिंह नगर में बांस-बल्ली के सहारे दौड़ रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** घर-घर बिजली पहुंचाने की कवायद पर बिजली निगम के अधिकारी पानी फेर रहे हैं। शहर की बाबा दीप सिंह नगर कॉलोनी में करीब 100 से अधिक परिवार पिछले कई वर्ष से बिजली आपूर्ति का इंतजार कर रहे हैं। बिजली नहीं आने पर लोगों को परेशानी हो रही हैं।

शहर से सटे नैनीताल रोड स्थित बाबा दीप सिंह नगर और मडैया नादरबाग हैं। यहां पर करीब 2000 की आबादी है और 100 से अधिक लोगों के घर बने हुए हैं। कई मकान निर्माणाधीन भी हैं। कॉलोनी बसने के कई वर्ष के बाद भी यहां बिजली लाइन नहीं है। कुछ लोगों ने दूर-दराज वाले क्षेत्र पनवड़िया से 250 मीटर लंबी बिजली लाइन खींचकर कनेक्शन ले रखा है। मोहल्लों में बिजली न होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। लोग बच्चों को घरों के अंदर कर लेते हैं। दूर-दराज क्षेत्रों में बांस और खपच्ची के सहारे जिन लोगों ने कनेक्शन लिए हैं।आंधी आने पर बांस, खपच्ची गिर जाते है। बिजली नहीं आने की शिकायत जब दर्ज कराई जाती है निगम के अधिकारी आनाकानी भी करते हैं। यह आलम तब है कि इन दिनों बिजली निगम की ओर से जर्जर खंभों, तारों को सही बदलवाने का कार्य 98 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। इसके बाद भी बाबा दीप सिंह नगर और नादरबाग की मडैया में बिजली कनेक्शनों के लिए खम्भे नहीं लगे हुए है। भीषण गर्मी में बिजली नहीं मिलने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



बाबा दीप सिंह कॉलोनी में लटकते बिजली के तार। ● अमृत विचार

> बाबा दीप सिंह कॉलोनी, मडैया नादरबाग को आरडीएसएस योजना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव सर्किल ऑफिस भेजा गया है। जहां से मुरादाबाद चीफ कार्यालय से सहमति मिलने के बाद बिजली के पोल लगवाए जाएंगे।
> **–इमरान खां,** एक्सईएन प्रथम, नवाब गेट



> बिजली निगम की मनमानी के चलते यहां कनेक्शन नहीं हो सके हैं। मोहल्ले के लोग कई बार शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। **– कैलाश चंद्र**



> बाबा दीप सिंह, मडैया नादरबाग में बस चंद घर ही हैं, जिन्होंने दूर दराज वाले क्षेत्र से लाइन खींची है, वरना एक भी मकान में कनेक्शन नहीं हैं। **– राजेंद्र शर्मा**



> बच्चों को शाम छह बजे से ही घरों के अंदर बैठा लेते है, बाहर अंधेरा होने लगता है, मोहल्ले में रोशनी न होने के चलते यहां पर काफी परेशानी होती है। **– मीना राठौर**



> बिजली कनेक्शन लेने के लिए कई बार निगम के अधिकारियों को बताया जा चुका है, अगर मोहल्ले में बिजली के पोल लग जाएं तो काफी हद तक लोगों को राहत मिल सकती है। **– बब्ली शर्मा**

### वर्ष 2003 से बसी है बाबा दीप सिंह नगर कॉलोनी

बाबा दीप सिंह नगर कॉलोनी वर्ष 2003 से बसी हुई है। जिस समय यह बसी उस वक्त लोगों ने कम दामों में प्लॉट लिए थे। इनको प्लॉट लिए हुए भी 21 वर्ष भी बीत गए हैं। अधिकतर कॉलोनी के लोग बिजली का इंतजार कर रहे हैं। इसके लिए वार्ड नंबर 17 के सभासद के संग बिजली निगम के अधिकारियों को परेशानी के बारे में बताया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। कॉलोनी के लोग आपस में चंदा एकत्र करके 250 मीटर लंबी बिजली लाइन खींचकर कनेक्शन ले रखे हैं।

### अश्लीलता में देवर और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट

**धमोरा, अमृत विचार :** दहेज के लिए परेशान करने के मामले में पीड़ित ने शहजादनगर थाने में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने देवर पर दुष्कर्म के प्रयास और ससुर पर अश्लीलता करने का आरोप लगाया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसका विवाह कुछ समय पहले केमरी थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। उसका पति कुछ समय से लापता है। सास-ससुर व देवर दहेज के लिए परेशान कर रहे हैं। देवर उससे अश्लीलता करता है। इसकी शिकायत करने पर ससुर ने भी उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। 18 दिसंबर 2023 को देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए थे। इसके बाद महिला मायके आ गई। उसने शहजादनगर थाने में तहरीर दी। इसके बाद पुलिस ने ससुर, सास व देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### पत्नी के साथ मारपीट करने पर पति गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पत्नी के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। नगर के मोहल्ला वार्ड एक जाटवान निवासी राकेश कुमार पुत्र राम सिंह अपनी पत्नी सुमन देवी के साथ मारपीट कर रहा था। महिला की चीख पुकार पर मोहल्ले के लोग उसे बचाने पहुंचे तो उन पर भी मारपीट के लिए आमादा हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राकेश कुमार को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां से जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### डायट में आज टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ में डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा आज एक दिवसीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कांठ के प्राचार्य उप शिक्षा निदेशक डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने अवगत कराया कि नगर के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में डायट प्रशिक्षुओं द्वारा एक दिवसीय टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

# बिजली की चिंगारी से तीन घरों में लगी आग, जलकर हुए राख

## घरों में बंधे गाय, बकरी, भैंस आदि आठ पशु झुलसे

संवाददाता, डिलारी



आग बुझाने की कोशिश करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव धारूपुर फाजलपुर में बिजली की चिंगारी से तीन घरों में लगी आग से सब कुछ जल गया। इसमें घरों में बंधे रहे आठ पशु गाय, बकरी, भैंस आदि झुलस गए। बिजली की चिंगारी से तीन सगे भाइयों के घरों में आग लगने की घटना से अफरातफरी मच गई।

गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह गेहूं की कटाई करने के लिए खेत पर गए हुए थे। घर में छोटे-छोटे बच्चे खेल रहे थे। घटना गुरुवार की लगभग दिन के 11 बजे की है। बिजली का जर्जर तार टूट कर महेंद्र सिंह आदि के छप्पर पर गिर गया। जिसकी चिंगारी से आग लग गई। तेजी से आग ने विकराल रूप ले लिया। जिससे तीनों घर चपेट में आ गए। आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पंपिंग इंजन चलाकर कर बड़ी मुश्किल से लगी आग पर काबू पाया। घरों में बंधे आठ पशु गाय, बकरी, भैंस, आदि झुलस गए। सूचना के उपरांत दमकल विभाग की टीम देरी से पहुंची। इसके कारण घरों में रखा राशन दाल, चावल, आटा, गेहूं, चारपाई, लिहाफ, गद्दे आदि जलकर राख बन गए। कई ग्रामीणों के आग बुझाने में हाथ झुलस गए। सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पशु चिकित्सा अधिकारी डिलारी डॉ. नरेश चंद्र ने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर झुलसे पशुओं का प्राथमिक उपचार किया। सूचना पाकर राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। उधर पीड़ितों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।

# ठाकुरद्वारा के शरीफ नगर में बाइक चोर छूटकर भागे, बाइक बरामद

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● बाइक बेचने डीलर के पास पहुंचे तो डीलर ने बाइक को पहचाना

**अमृत विचार :** मैरिजहाल से चोरी की बाइक को बाइक चोर गैंग के सदस्य मॉडिफाई कर डीलर को बेचने चले गए। जहां डीलर ने बाइक चोरों का फोटो खींच लिया। बाइक स्वामी पुलिस के साथ डीलर के बताए पते पर चोरी के आरोपियों के घर पहुंचे तो शक होने पर चोर फरार हो गए। बाइक स्वामी के साथ ग्रामीणों ने हंगामा कर बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की है।

कोतवाली के ग्राम शरीफ नगर स्थित आयशा मैरिज हाल में एक सप्ताह पूर्व मोहम्मद हसीन की पुत्री की शादी थी। जहां से उत्तराखंड के थाना जसपुर के ग्राम राजपुर निवासी मेहमान की बाइक चोरी हो गई थी। बाइक स्वामी अपनी बाइक तलाशते तलाशते बाइक फोरसेल डीलरों के पास पहुंचे। डीलर ने बाइक स्वामी से नम्बर ले लिया। मामला मंगलवार की देर शाम का है। दो लोग बाइक बेचने डीलर के पास पहुंचे तो डीलर ने बाइक को पहचान लिया। दोनों युवकों के साथ बाइक के फोटो खींचकर बाइक स्वामी को भेज दिए। इस बीच बाइक स्वामी कोतवाली पुलिस को लेकर शरीफ नगर पहुंचे। जहां पर बाइक स्वामी ने एक बाइक चोर से खरीद के लिए सौदा करना शुरू कर दिया। इस बीच शक होने पर दोनों युवक मौके से फरार हो गए। इस बीच पीड़ित पक्ष और आरोपित पक्ष के बीच टकराव की नौबत आ गई। पुलिस के साथ शरीफ नगर बस स्टैंड पर देर रात तक भीड़ जमा थी। गौरतलब है कि शरीफ नगर बाजार समेत अन्य स्थानों से कई बाइक चोरी हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से चोरी के आरोपियों को पकड़कर बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग कर हंगामा किया है। इस बाबत कोतवाल शैलेन्द्र सिंह ने प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की बात कही है। पुलिस ने बाइक बरामद कर ली है।

## सार संक्षेप

### ट्रैक्टर गारा मशीन के पहिए में दबकर मजदूर की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर की ट्रैक्टर गारा मशीन के पहिए के नीचे आने से दबकर मौत हो गई। ग्राम रूपपुर स्थित हाजी रफी जिला पंचायत सदस्य पति के ईंट भट्ठे पर बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे अमरजीत (35) पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम सेबिया खुर्द का मजरा थाना पटवाई जिला रामपुर मजदूरी का काम करता था। दानिश निवासी ग्राम असलमपुर थाना हयातनगर संभल ट्रैक्टर से गारा मशीन चला रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर बैक करते समय अमरजीत गारा मशीन के पहिए के नीचे आ गया। चालक की लापरवाही से पहिया उसके ऊपर चढ़ गया। अमरजीत को गंभीर घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसकी मृत्यु हो गई। युवक की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है।

### अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष ने की चादरपोशी



चादरपोशी करते अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष।

**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बिलारी पहुंचे। जहां उन्होंने हजरत दादा करम अली शहर रहमतुल्ला अलेह की दरगाह पर पहुंचकर चादर पोशी की। इससे पूरे देश की सुख शांति की कामना को लेकर दुआएं मांगी। गुरुवार को भाजपा अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अशफ़ाक हुसैन सैफी बिलारी में हजरत दादा करम अली शाह रहमतुल्ला अलेह की दरगाह पर पहुंचे। जहां उन्होंने चादरपोशी की। इस बीच भारी तादाद में सैफी समाज के लोग एकत्र हुए। उन्होंने समाज के लोगों से वार्ता की। इस मौके पर अख्तर हुसैन सैफी, सरफराज हुसैन सैफी, मोहम्मद सिद्दीकी, जकमान सैफी, सरताज युसूफ, शाहनवाज युसूफ, मोहम्मद सिद्दीक रजा, सूफी इकबाल मियां आदि सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



घर में लगी आग के बाद देखती महिलाएं। ● अमृत विचार

# शॉर्ट सर्किट से मजदूर के घर में लगी आग, सामान जला

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट के चलते ग्राम निवासी एक मजदूर के घर में आग लगने से घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। वहीं घर में मौजूद लोगों ने बाहर को भाग कर बचाई जान।

ग्राम मझौली खास निवासी नन्हे पुत्र सोमपाल मजदूरी करता है। मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गया था। घर में केवल पत्नी और बच्चे थे। अचानक से शॉर्ट सर्किट के चलते घर में आग लग गई। यह देख उसकी पत्नी बच्चों सहित घर से निकल कर बाहर को भागी और शोर मचाया, लेकिन तब तक आग कभी भड़क चुकी थी। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक घर में रखा हुआ सामान बर्तन कपड़े आदि जलकर राख हो गये।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से निकाले 73,000 रुपये

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर स्थित एक एटीएम से रुपये निकालने गए एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर दो अज्ञात लोगों ने 73,000 रुपये निकाल लिए। पीड़ित व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है।

बाबू खां पुत्र तौफीक खान निवासी ग्राम तेवर पट्टी उर्फ काजीपुरा थाना कुंदरकी ने बताया कि वह एक मई की सुबह समय करीब 10:53 बजे कुंदरकी स्टेशन के पास में लगे एटीएम से पैसे निकालने गया था। बताया गया है कि वहां पर पहले से ही मौजूद दो-तीन व्यक्तियों ने उसकी बातों में लगाकर धोखाधड़ी करते हुए गलत तरीके से दो बार में उसके खाते से 73 हजार रुपये निकाल लिए और वहां से फरार हो गए। इसके बाद में जब उसको खाते से पैसे निकालने का पता चला तो उसने उपरोक्त व्यक्तियों को काफी तलाश किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।

# ग्राम मल्हपुर खैया पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** पांच दिन से ग्राम मल्हपुर खैया में वायरल बुखार की सूचना मिलने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने एक टीम गठित कर उपचार हेतु भेजी है। जिसमें मौके पर पहुंचकर जांचोपरांत दवाई वितरित की गई।

काफी दिनों से ग्राम मल्हपुर खैया में बुखार की बीमारी तेजी से फैल रही थी। जिसकी सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के प्रभारी डॉक्टर राजीव चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से लिया और डॉक्टर प्रशांत के नेतृत्व में एक टीम गठित कर तहसील क्षेत्र के ग्राम मल्हपुर खैया भेजा। जहां पर पांच दिनों से काफी मात्रा में वायरल बुखार होने की सूचना मिल रही थी। वहां पर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांचोपरांत बीमार व्यक्तियों को दवाई उपलब्ध कराई। गांव के धर्मवीर सिंह का कहना है कि गांव में साफ सफाई न होने के कारण काफी मात्रा में मच्छर कीड़े-मकोड़े उत्पन्न हो रहे हैं। जिसके कारण दो दर्जन व्यक्तियों को वायरल बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया है। उनका कहना है कि 2 मई 2024 को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पहुंचकर बीमार व्यक्तियों को दवाइयां वितरित कीं। डॉक्टर प्रशांत का कहना है कि इस समय वायरल बुखार का प्रकोप चल रहा है। सभी व्यक्तियों को मच्छरदानी लगानी चाहिए। उन्होंने गांव में दवा के छिड़काव कराने का भी आश्वासन दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर राजीव चौधरी ने क्षेत्र में फैल रहे वायरल बुखार के लिए सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया है कि हर गांव में निगरानी रखें। जहां पर भी लोग बीमार हो रहे हैं, दवाई की विशेष व्यवस्था की जाएगी।

## पुलिया चोक होने से हो रहा जलभराव, परेशानी

**कांठ, अमृत विचार :** पुलिया छोटी होने के कारण इसमें कूड़ा करकट फंसने से पुलिया चोक हो गई है। दर्जनों घरों का पानी नालों में नहीं पहुंचने के कारण गंदे जल भराव से नागरिक नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

कुमार फिलिंग स्टेशन के समीप छोटी सी पुलिया बनी हुई है। पुलिया के भीतर से टेलीफोन की वायरिंग भी यहां से अनेक स्थानों के लिए गुजर रही है। इस पुलिया में ग्राम नवादड़ी में अनेक परिवारों का पानी नल से होकर आता है। दूसरी ओर कुमार फिलिंग स्टेशन के पास के दर्जनों घरों और दुकानदारों के यहां का पानी नाले द्वारा इसी पुलिया से होकर रामलीला मंदिर की ओर चला जाता है। दोनों ओर से नालों में पॉलिथीन व गंदगी आकर इस छोटी सी पुलिया में टेलीफोन की वायरिंग में फंस जाती है। जिस कारण यह पुलिया चोक हो जाती है। पुलिया चोक होने के कारण दुकानदारों एवं घरों का पानी भर रहा है।



बैठक में बोलते प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा। ● अमृत विचार

### निकाली जाएगी भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर में 10 मई को भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जिसमें माता काली का अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसके अलावा शोभायात्रा में केरल की झांकियां भी शामिल की जाएंगी। इस दौरान शोभायात्रा को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सभी को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। नगर में अखिल भारतीय ब्राह्मण मंच के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा के आवास पर ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें आगामी 10 मई को भगवान परशुराम जयंती की शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकालने को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास शर्मा ने कहा कि इस बार शोभायात्रा में केरल की झांकी, भगवान श्री हनुमान जी की झांकी, माता काली का अखाड़ा, भगवान परशुराम की झांकी, राधा कृष्ण की झांकी आदि आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही शोभायात्रा में अनेक बड़े कलाकार भक्ति गीतों की प्रस्तुति करते चलेंगे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव के मद्देनजर किया जनसंपर्क

**कांठ, अमृत विचार :** भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के मद्देनजर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष द्वारा आधा दर्जन ग्रामों में भ्रमण कर जनसंपर्क किया गया। गुरुवार को ग्राम चाऊपुरा, चक छावी, माघपुर पापड़ी, पोटा, भूकापुरी, तेलीपुरा, ढाकी आदि में भगवान परशुराम जन्मोत्सव से संबंधित समस्त कार्यक्रमों के लिए ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ, युवा, बच्चे और गणमान्य लोगों से संपर्क किया गया। यहां समाज के लोगों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष भावेश शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 10 मई को प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी परंपरागत ढंग से निकाली जाएगी। 8 मई से ही विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। इन सभी कार्यक्रमों में समाज के अधिक से अधिक संख्या में लोगों के पहुंचने की अपील करते हुए जनसंपर्क अभियान लगातार जारी रखा।

# कुमार तनय वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह

संवाददाता, बिलारी



कुमार तनय वैश्य सभा के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** नगर के मंदिर राय सत्ती स्थित कुमार कार्तिकेय हाल में कुमार तनय वैश्य सभा के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से बिलारी के प्रशांत गुप्ता प्रिंस को अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

बुधवार को नगर के कुमार कार्तिकेय हाल में शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कुमार तनय वैश्य सभा के अध्यक्ष काशीपुर से आए राकेश गुप्ता रहे। वरिष्ठ मंत्री बदायूं से अमर वैश्य युवा महासभा के मंत्री रामपुर से सुनीत गुप्ता विशिष्ट अतिथि और कुमार तनय सभा बदायूं से शैलेंद्र प्रकाश वैश्य पहुंचे। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ राकेश गुप्ता और अमर वैश्य भगवान कुमार कार्तिकेय के चित्र पर दीपक प्रज्वलन करके किया। इसके बाद महिला समिति की पदाधिकारी ने भगवान श्री कार्तिकेय की वंदना की। इस बीच महासभा के अध्यक्ष राकेश वैश्य ने बिलारी सभा के नव मनोनीत अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता प्रिंस को शपथ ग्रहण कराई। इसके साथ ही कार्यकारिणी के राम गुप्ता आलोक गुप्ता को मंत्री, शरद गुप्ता, मनोज गुप्ता को कोषाध्यक्ष की शपथ ग्रहण कराई। वहीं पूरी कार्यकारिणी को शपथ वरिष्ठ मंत्री महासभा अमर वैश्य ने कराई। इस बीच कार्यकारिणी के विस्तार पर बल दिया गया।

**कार्यक्रम**

- प्रशांत अध्यक्ष और राम -आलोक मंत्री मनोनीत
- कुमार तनय वैश्य सभा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता मुख्य अतिथि रहे

## बेरोजगार युवाओं को ड्रोन से मिलेगा रोजगार

**काशीपुर, अमृत विचार :** किसानों के बाद जिले के बेरोजगार युवाओं को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग बेरोजगार युवाओं के हाथों में ड्रोन दे रहा है। इससे बेरोजगार युवा डिमांड के अनुसार खेतों में आधुनिक तरीके से दवाओं का छिड़काव करेंगे और खेती के बारे में भी जान पाएंगे।

दरअसल, कृषि विभाग इफको ड्रोन परियोजना के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को ड्रोन से रोजगार देने की शुरूआत कर दी है। इसके पहले चरण में जिले के छह युवाओं को ड्रोन दिए जायेंगे। काशीपुर इफको के ड्रोन परियोजना के क्षेत्रीय अधिकारी नीरज डोभाल ने बताया कि इफको ड्रोन परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बताया कि किसान अपने खेतों में दवाओं के छिड़काव के लिए मजदूरों का इस्तेमाल करते हैं।

# पानी की निकासी को लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** लगभग 50 वर्षों से गांव का पानी खाली पड़ी भूमि पर होकर तालाब में चला जाता था। अब गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा पानी निकासी रोकने से ग्रामीण चिंतित हैं। जिन्होंने उपजिलाधिकारी कांठ को इस संबंध ज्ञापन दिया था, लेकिन ग्राम वासियों ने 2 मई 2024 को मुख्यमंत्री पोर्टल पर पानी निकासी को लेकर शिकायत की है।

कांठ तहसील क्षेत्र के ग्रामीण मल्हपुर खैया में लगभग 50 वर्षों से गांव का पानी सरकारी नालियों से होकर गांव के बाहर चला जाता था। लेकिन गांव के ही छत्रपाल पुत्र शोभाराम चंद्रपाल, संजय पुत्र छत्रपाल ने मिट्टी डालकर नव निर्माण प्रारंभ कर दिया। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी कांठ से की थी। जिन्होंने समस्या के निस्तारण के लिए लेखपाल व कानूनगो को मौके पर भेजने का आश्वासन दिया था। लेकिन जिस भूमि से होकर पानी जाता है, वहां पर पूर्व प्रधान द्वारा नाली भी बनाई गई है। जिसको राजस्व विभाग द्वारा रुकवाने का प्रयास भी किया गया। लेकिन छत्रपाल ने यहां पर नवनिर्माण कर दिया है। अब गांव के पानी की निकासी नहीं होती देख ग्रामवासी बृहस्पतिवार को दोबारा उपजिलाधिकारी से मिले। वहां से पूर्ण आश्वासन नहीं मिलता देख पीड़ित पक्ष द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पानी रुकने से काफी मच्छर, कीड़े-मकोड़े पैदा हो रहे हैं। जिसके कारण बीमारी फैलने की संभावना है। शिकायत करने वालों में पुष्पेंद्र सिंह, राकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सिंह, शिवपाल सिंह, महेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, पिंटू धर्मवीर सिंह आदि रहे।



बोर्ड परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देते हुए प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

### छात्राओं को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के आर पी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज स्यौडारा में इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। गुरुवार को विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 12वीं क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा शिखा, महक तथा ईरम ने बोर्ड परीक्षा 2024 में स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह तथा मेडल पहनकर स्कूल का नाम रोशन किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा द्वारा छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उन्होंने कहा कि मेहनत करके ही अच्छे अंक प्राप्त किया जा सकते हैं। इस दौरान कार्यक्रम में अनुपम गुप्ता, फरहीन खान, ममता रानी, शिवप्रिया, पूजा यादव, बलवंत सिंह, दीपक कुमार शर्मा, सुदेश कुमार, मनमोहन कौशिक, संजीव कुमार सिंह, हरिशंकर शर्मा, सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन बोर्ड प्रभारी बलवंत सिंह ने किया।

# गोशालाओं में गोवंश को खाने की न हो परेशानी

संवाददाता, कांठ



भूसा एकत्र करते राशन डीलर।

**अमृत विचार :** एसडीएम के निर्देश पर भूसा दान अभियान को लेकर राशन डीलरों ने किसानों से संपर्क किया। गोशालाओं में गोवंश को किसी तरह के खाने की कोई परेशानी ना हो, इसके लिए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने ग्राम प्रधानों एवं राशन डीलरों को भूसा दान अभियान चलाने के निर्देश दिए थे।

उन्होंने कहा कि जो बड़े किसान हैं, राशन डीलर एवं ग्राम प्रधान उनसे संपर्क करें और उन्हें भूसा दान करने के लिए प्रेरित करें। एसडीएम से प्रेरणा लेकर राशन डीलरों एवं ग्राम प्रधानों ने क्षेत्र में अभियान चलाकर सैकड़ों कुंतल भूसा इकट्ठा कर गोशालाओं के लिए भिजवाया। लोगों से संपर्क कर कहा कि गोवंश को हरा चारा, खल, चोकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहे, इसके लिए सभी लोग सहयोग करें। बगिया सागर के राशन डीलर वीर सिंह ने दर्जनों राशन डीलरों को साथ लेकर ग्रामों में घूम कर किसानों से संपर्क कर उन्हें भूसा दान के लिए प्रेरित किया। ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप संगठन के प्रदेश सचिव ब्रजेश कुमार चौधरी सहित अनेक राशन डीलरों ने अलग-अलग ग्रामों में किसानों से संपर्क किया। गोशाला में भूसा भिजवाने का आह्वान किया है।

## डॉ. मदन मोहन अग्रवाल की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के समाजसेवी रहे स्वर्गीय डॉ. मदन मोहन अग्रवाल को उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि पर याद किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर में इस अवसर पर उनकी मूर्ति के समक्ष एक शोक सभा रखी गई।

शहर के गणमान्य व्यक्तियों व विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार कुशाग्र सिंघल एवं अनेक शिक्षकगणों व विद्यार्थियों ने उनकी मूर्ति पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने विद्यालय के निर्माण व संचालन में डॉ. साहब के योगदान का स्मरण करते हुए उसको सराहा। कई दशकों तक इस क्षेत्र के विकास में उनकी प्रमुख भूमिका से भी सबको परिचित करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों से डॉ. साहब के बताए मार्ग पर चलने व सतत अपने समाज, धर्म व राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। कहा कि अगर हमारा ऐसा करना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



छात्र छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

# छात्र-छात्राओं को गर्मी व लू से बचाव के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, कांठ


**अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्या द्वारा गर्मी व लू से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ में ग्रीष्म ऋतु में तापमान में वृद्धि के कारण गर्मी और लू से बचाव के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्या भुवनेश कुमारी ने बच्चों को हीट वेव (लू) से बचने के उपाय बताए। बच्चों को ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी आदि का सेवन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि गर्मी में आवश्यकता पड़ने पर ही बाहर निकलें। बाहर निकलते वक्त छाते का प्रयोग करें। इस अवसर पर समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## प्रवक्ता की माता के निधन पर शोक संवेदना जताई

**कांठ, अमृत विचार :** महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रवक्ता एवं कर्मठ समाजसेवी की मां के निधन पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने शोकसभा कर संवेदनाएं व्यक्त कीं।

महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज के प्रवक्ता एवं समाजसेवी निशिवन्त पाठक की 90 वर्षीया मां श्रीमती सरला देवी काफी समय से बीमार चल रही थीं। 30 अप्रैल को उनका निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में प्रधानाचार्य मदन सिंह एवं स्टाफ ने उनके स्थाई निवास पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। गुरुवार को नगर के कक्षा केंद्र संस्थान पर ब्राह्मण समाज के लोगों द्वारा शोकसभा आयोजित की गई। शोकसभा में सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रतेश शर्मा, रॉबिन शर्मा, रजत शर्मा, ओमकार शर्मा, सतीश चंद्र शर्मा, आकाश शर्मा, अनिल शर्मा, हितेश कौशिक, भावेश शर्मा आदि रहे।



ठाकुरद्वारा में हज यात्रियों का टीकाकरण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### ठाकुरद्वारा में 200 हज यात्रियों का टीकाकरण

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मदरसा एमएच इस्लामिया मोहल्ला लालबाग में आजमीन-ए-हज को प्रशिक्षण देने के साथ टीकाकरण किया गया। जिसका शुभारंभ चेयरमैन मोहम्मद इरफान सैफी ने दवाई पिलाकर किया। इसमें करीब 200 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। जबकि पचास-साठ हज यात्रियों को बिना टीकाकरण के वापस लौटना पड़ा। आयोजकों ने बताया कि जिला मुख्यालय से मात्र दो सौ वैक्सीन ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजी गई थी। अब वंचित हज यात्रियों का टीकाकरण 3 मई को किया जाएगा। बृहस्पतिवार को टीकाकरण में जिला हज टेनर मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद शादाब, हाजी मुख्तार सैफी, मोहम्मद रईस उर्फ बल्ले, गुलफाम, हाजी कादरखान, मोहम्मद रईस, मोहम्मद शरीफ ने सहयोग किया।

एक नजर

## आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया सिलाई का प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महिला व युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए परिवर्तन दी चेंज संस्था की और महिलाओं और युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि ने सभी को प्रमाणपत्र वितरित किए और उपहार देकर सम्मानित भी किया। गुरुवार को परिवर्तन ग्राम चौधरपुर में दी संस्था ने परियोजना पंथिनी के तहत नि :शुल्क सिलाई प्रशिक्षण व स्वरोजगार केंद्र के तृतीय बैच का समापन किया। संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया की संस्था का उद्देश्य केंद्र के माध्यम से महिलाओं व युवतियों को सिलाई का प्रशिक्षण देकर व स्वरोजगार में कपड़े के बैग का प्रशिक्षण देकर रोजगार का जरिया दिया जाए। जिससे वह आत्मनिर्भर व सशक्त बन सकें। महिलाएं अपने लिए बेहतर रोजगार पा सकें। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पर्यावरण व गंगा समिति की सदस्य व वनस्पति विज्ञान की प्रोफेसर अनामिका त्रिपाठी रहीं। उन्होंने सभी 25 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। साथ ही प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली महिलाओं को उपहार भी दिए।

# फाल्ट से मंडी चौक व अमरोहा गेट समेत 5 मोहल्लों की बिजली गुल

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** ओवर लोडिंग से फुंके उपकरणों से पुराने शहर के कई मोहल्लों में आधी रात के बाद विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सुबह तक विद्युत आपूर्ति गायब होने के कारण लोगों की रात की नींद उड़ गई। लेकिन चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति देने वाले बिजली विभाग के कर्मचारियों ने 10 बजे तक फोन उठाने की जहमत नहीं की। मोहल्ला मंडी चौक, अमरोहा गेट, असलतपुरा, भूड़े का चौराहा और प्रिंस रोड के रहने 6 से 7 हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का संकट झेलना पड़ा।

बुधवार को आधी रात के बाद मोहल्ला मंडी स्थित विद्युत उपकेंद्र के बाहर रखे ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग के कारण धमाके के साथ फाल्ट हो गया। चंद कदमों के पर रखे ट्रांसफार्मर को सही करने के लिए विद्युत उपकेंद्र पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। हालांकि स्थानीय लोगों ने विद्युत केंद्र तैनात टीजी टू और लाइनमैन को फोन मिलाया लेकिन, फोन नहीं उठा। जिससे सुबह 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही और लोगों को बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा। वहीं अमरोहा गेट और असालतपुरा मोहल्ले में तारों में आग लगने से दोनों मोहल्लों बिजली व्यवस्था चौपट हो गई। दोनों मोहल्लों में रहने वाले साढ़े चार हजार उपभोक्ताओं की बिजली सुबह 10 बजे तक गुल रही। भूड़े का चौराहा और प्रिंस रोड के ट्रांसफार्मर का फ्यूज उड़ गया। जिससे रात दो बजे के बाद सुबह 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

> गर्मी बढ़ने के साथ महानगर में ओवरलोडिंग भी बढ़ गई है। जिसमें बिजली चोरी के कारण कई मोहल्लों में उपकरण फुंकने और तारों में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। इसको लेकर बिजली चोरी और क्षमता से अधिक बिजली इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। फाल्ट होने पर उपभोक्ताओं के फोन न उठाने वाले कर्मचारियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-मनीष चोपड़ा,** अधीक्षण अभियंता

### आज इन मोहल्लों में होगी बिजली कटौती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत किए जा रहे कार्य के अंतर्गत मोहल्ला आंबेडकर पार्क, सिविल लाइंस, जैन चौक व कमिश्नर कार्यालय मार्ग पर सुबह 8 :30 से 12 :30 तक 4 घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। वहीं हिमगिरी कॉलोनी कांठ सुबह 10 :00 से 2 :00 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी।

## आदर्श कॉलोनी में बिजली चोरी को लेकर टीम ने पुलिस बल के साथ की कार्रवाई


# छह स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी, रिपोर्ट दर्ज

- सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर भी 50 महिला-पुरुष पुलिस कर्मियों के साथ रहे मौके पर मौजूद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ी तो बिजली चोरी को लेकर बिजली विभाग ने अब कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जिसको लेकर गुरुवार कांठ रोड पर आदर्श कॉलोनी में पुलिस बल के साथ बिजली चोरी रोकने के लिए एसडीओ, टीजी टू और लाइनमैन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। बिजली विभाग की टीम के साथ पुलिस को देख लोगों में हलचल मच गई। एसडीओ की ओर से छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुरुवार को एसडीओ पीटीसी विद्युत केंद्र श्रीकांत वर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में ट्रांसफॉर्मरों की ओवरलोडिंग के कारण फुंक रहे उपकरणों को देखते हुए टीम ने आदर्श कॉलोनी में छापेमारी की।



आदर्श कॉलोनी में बिजली चोरी रोकने को चेकिंग करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

यहां कटिया डालकर की बिजली चोरी की जा रही थी। इस दौरान उनके साथ भारी पुलिस बल भी रहा। जिसमें सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर भी मौजूद रहे। चेकिंग टीम के साथ पुलिस को देख आदर्श कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। लोग जल्दी डायरेक्ट पड़े कटिया कनेक्शन को हटाने में जुट गए। चेकिंग के दौरान आगे बिजली चोरी को रोकने के लिये आरडीएसएस योजना में बंच कंडक्टर को हटा कर आरमंड केबल भी डाला गया है। उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति न मिलने में बिजली चोरी भी एक अहम कारण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचाने एवं हाई लाइन लॉस फीडर की लाइन पर हानियां कम करने के लिए अब बिजली चेकिंग अभियान चलाकर बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग में 50 पुरुष एवं महिला पुलिस के साथ चेकिंग की गई। जिसमें छह लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा लिखाया गया। उन्होंनें बताया कि चेकिंग के बाद से फीडर पर बढ़ता लोड नियंत्रित हो गया। आदर्श कॉलोनी में अगर आगे भी चोरी नहीं रुकती है तो पुनः पुलिस बल के साथ निरंतर विद्युत चोरी करने वालों की चेकिंग कर कार्यवाही की जाएगी।

# संभल सीट पर मुरादाबाद के मतदाताओं की भूमिका अहम

## जिले के कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं संभल लोकसभा क्षेत्र में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** तीसरे चरण में मुरादाबाद मंडल के संभल लोकसभा सीट पर मतदान होना है। संभल लोकसभा सीट पर कुल 18,92,360 मतदाता हैं। जिसमें इसमें मुरादाबाद के मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 7,49, 322 मतदाता तीसरे चरण में सात मई को मतदान कर संभल लोकसभा क्षेत्र के सांसद का भाग्य ईवीएम में लॉक करेंगे। इसके लिए सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

2019 में मंडल की सभी छह सीटों पर हार का मुंह देखने वाली भारतीय जनता पार्टी इस बार मंडल में कमल खिलाने के लिए जोर लगा रही है। क्योंकि 2019 में लोकसभा चुनाव में मंडल में छह में से तीन पर सपा की साइकिल चली तो तीन पर बसपा का हाथी चिंघाड़ा। इस बार फिर जहां सपा व बसपा अपनी जीती सीटें अपने पास बरकरार रखने को जोर लगा रही हैं तो भाजपा अबकी बार 400 पार का नारा साकार करने के लिए इन सीटों पर कमल खिलाने में ताकत झोंकी है। दो चरणों में मंडल के पांच लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। अब बारी संभल की है। जहां तीसरे चरण में 7 मई को वोट पड़ेगा। इस सीट पर मुरादाबाद जिले की कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र के 7,49,322 मतदाताओं का वोट भी भावी सांसद का राजनीतिक भविष्य तय करेगा।



पंचायत भवन में माइक्रो आब्जर्वर की कार्यशाला को संबोधित करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### 6 और 7 मई को बंद रहेगी फल सब्जी मंडी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर वासियों को दो दिन हरी सब्जी नहीं मिल पाएगी। मंडल भर की मंडियों में सब्जियों की पूर्ति करने वाली लाइनपार स्थित नवीन फाल सब्जी मंडी आने वाले सोमवार व मंगलवार को बंद रहेगी। पड़ोसी जनपद संभल में लोकसभा चुनाव है। जिसमें जनपद के दो विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी और बिलारी मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। लोकसभा चुनाव के कारण एडीएम सिटी ने मंडी आढ़तियों को दो दिन मंडी बंद रखने के निर्देश जारी किए हैं। नगर मजिस्ट्रेट व सभापति मंडी समिति मझोला किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि मंडी समिति लाइनपार से 6 मई को कुंदरकी व बिलारी में मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। सात मई को मतदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडी के आढ़तियों को दो दिन मंडी बंद रखने के लिए निर्देश दिए हैं।।

# आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराएं अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा क्षेत्र संभल के सामान्य प्रेक्षक अमित कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को पंचायत भवन सभागार में माइक्रो आब्जर्वर की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। सामान्य प्रेक्षक ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि कार्यों में शिथिलता नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी निर्वाचन कार्यों को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पूरा करें। माइक्रो आब्जर्वर मतदान के दिन सभी मतदेय स्थलों पर नियमित निगरानी रखें। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, उप निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण एमपी सिंह, एलडीएम विशाल दीक्षित, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सहित माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने गुरुवार को मंडी समिति में स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा प्रबंध की जानकारी लेकर शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया। इस दौरान सभी सुरक्षा कर्मी ड्यूटी पर मौजूद मिले।

### इन विधानसभाओं में मतदाताओं की स्थिति

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | अन्य | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| कुंदरकी | 2,08,375 | 1,83,068 | 13 | 3,91,456 |
| बिलारी | 1,90,708 | 1,67,149 | 9 | 3,57,866 |

# उद्योगपतियों के लिए मौजूदा वित्तीय वर्ष के लिए नहीं मिला कोई लक्ष्य

- पिछले वर्ष 50 हजार करोड़ से अधिक सालाना निवेश वाले उद्योगपतियों ने शुरू किया कार्य

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला उद्योग केंद्र में पिछले वर्ष किए गए आवेदन में आधे आवेदनों को ही मंजूरी मिल पाई है। वार्षिक 50 हजार करोड़ से अधिक के टर्नओवर वाले उद्यमियों के कार्य शुरू हो चुके है। ग्राउंड बेक्रिंग सेरेमनी (जीबीसी ) के तहत मंजूरी मिलने के बाद उद्योगपतियों ने कार्य शुरू कर दिया है। 50 हजार करोड़ से ऊपर वाले 150 उद्योगपतियों को लखनऊ में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में सम्मानित भी किया गया था।

गुरुवार को संयुक्त निदेशक उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष अभी तक निवेशकों के लिए लक्ष्य नहीं आया है। जिसके कारण कोई आवेदन भी नहीं हो पाए हैं। उन्होंने बताया की आदर्श आचार संहिता के बाद ही लक्ष्य आने उम्मीद है। उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं तकनीकी उन्नयन योजना में एक शहर एक उत्पाद योजना के लिए मशीनों के क्रय किए जाने के लिए दिए गए ऋण पर ब्याज का 50 प्रतिशत ब्याज उपादान के रूप में दिया जाता है। जिसकी अधिकतम सीमा रुपये एक लाख प्रतिवर्ष होती है। यह सुविधा अधिकतम 05 वर्ष तक दी जाती है। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सफल आयोजन के क्रम में पिछले वर्ष वार्षिक 50 हजार करोड़ से अधिक टर्न ओवर वाले वाले 70 प्रतिशत उद्योपतियों को निवेश प्रस्ताव-एमओयू प्राप्त हुए थे। जिसमें 38.78 लाख करोड़ से अधिक का निवेश तथा 1.12 करोड़ रोजगार दिया गया था। इन प्रस्तावों को धरातल पर लाने के लिए इस साल 19 फरवरी को पंचायत भवन में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। जबकि लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में भी जिले के 150 बड़े उद्यमियों को सम्मानित किया गया है। स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में पीतल नगरी के निर्यातक भी शामिल हुए थे। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार का कहना है कि जीबीसी रेडी वाले उद्योगपतियों ने अपनी इकाई का भूमि पूजन भी करा दिया है। सालाना 50 हजार करोड़ से अधिक निवेश वाले जिले के 150 उद्यमियों में सेंचुरी पेपर मिल, नोदी एक्सपोर्ट, सीएल गुप्ता, हिंद, गुलशन वाला सहित अन्य प्रतिष्ठित उद्यमी शामिल हुए।

# गुरु बृजगोपाल व्यास को याद किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** संगीत गुरु बृजगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा गुरुवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में हुई। सभा का आरंभ गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आध्यात्मिक भजनों से दिव्य आत्मा के लिए शांति एवं मोक्ष की कामना की गई।

धर्मगुरु आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने चिठ्ठी ना कोई संदेश जाने वो कौन सा देश जहां तुम चले गये, रचा है सृष्टि को जिस प्रभु ने वही यह सृष्टि चला रहे हैं... गाकर सबकी आंखें नम कर दी। संगीतकार आदर्श भटनागर ने ''''माटी के है अंश सभी हम, माटी में मिल जाना है'''' उन्हें याद किया। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने कहा कि मुरादाबाद ही नहीं अपितु दूर दूर तक संगीत के क्षेत्रों में आपका महान योगदान रहा है। शास्त्रीय संगीत के समस्त रागों एवं बारीकियों के विशेषज्ञ थे।

डॉ. प्रदीप शर्मा ने कहा कि रंगमंच एवं संगीत में महारत प्राप्त व्यास जी के बैकुण्ठवास चले जाने से हम स्तब्ध हैं। उनकी अपूर्णीय क्षति को दीर्घकाल तक भरा नहीं जा सकता। धवल दीक्षित ने उनके महान चरित्र एवं योगदान को याद करते हुए कहा कि सदी के महानायक थे। सभा में मनोज व्यास, शरद व्यास, राजीव व्यास, संदीप व्यास, नितिन व्यास, पावन व्यास, राम मोहन सिंह, सुशील शर्मा, धवल दीक्षित, दिलीप भटनागर आदि मौजूद रहे।




स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में पंडित बृजगोपाल व्यास को श्रद्धांजलि देते लोग।

## परिषदीय स्कूलों में सिम इंटरनेट को मिली राशि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों को दिए गए टैबलेट को चलाने के लिए सिम व इंटरनेट के लिए निदेशालय ने कंपोजिट ग्रांट से इसके लिए पैसा खर्च करने की अनुमति दी है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिए हैं कि 200 रुपये प्रतिमाह की दर से एक टैबलेट के लिए अधिकतम 2400 रुपये और दो के लिए 4800 रुपये खर्च किए जा सकेंगे। जनपद में 1401 बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित विद्यालय हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि इसका समायोजन विद्यालय को मिलने वाली कंपोजिट ग्रांट से किया जाएगा। सिम स्थानीय स्तर पर मोबाइल नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के तय किया जाएगा।

# श्री रामायण संस्कार परीक्षा में ट्विंकल ने बाजी मारी

- तनिष्क कठेरिया दूसरे स्थान पर और सौम्या वर्मा को तीसरा स्थान
- विहिप ने श्री रामायण संस्कार परीक्षा के मेधावियों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** एसडीएम इंटर कॉलेज में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित रामायण संस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसमें स्कूल की ट्विंकल चौहान ने पहला स्थान हासिल किया।

बता दें कि यह परीक्षा दिसंबर में विश्व हिंदू परिषद की ओर से महानगर के पांच इंटर कॉलेज में आयोजित हुई थी। गुरुवार को विहिप के पदाधिकारियों ने कॉलेज में पहुंचकर परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। परीक्षा में प्रथम स्थान ट्विंकल चौहान, द्वितीय स्थान तनिष्क कठेरिया और तृतीय स्थान सौम्या वर्मा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विहिप के प्रांत सह संपर्क प्रमुख प्रणीत गुप्ता ने कहा कि श्री रामायण संस्कार परीक्षा विहिप और बजरंग दल का एक अनुपम आयोजन है। जो बाल मन में संस्कार रूपी बीज का रोपण करती है। उन्होंने सभी छात्र, छात्राओं का उत्साह बढ़ाया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विहिप के महानगर धर्म प्रसार प्रमुख कुशल शर्मा, बजरंग दल के विद्यार्थी प्रमुख शुभम देश भक्त, प्रधानाचार्य उदयराज सिंह व शिक्षक गण मौजूद रहें।



श्री रामायण संस्कार परीक्षा के मेधावी छात्र–छात्राओं के साथ विहिप के पदाधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

मनमानी

## घर–घर कूड़ा उठान कार्य में ढिलाई पर अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को चेतावनी , दर्ज होगी एफआईआर

# अनुबंध समाप्ति के बाद भी कंपनियां वसूल रहीं यूजर्स चार्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने घर-घर कूड़ा उठान में ढिलाई बरतने वाले कंपनियों के प्रतिनिधियों को चेतावनी दी। बरसात से पहले नाला सफाई के कार्य की निगरानी करने का निर्देश जोनल अधिकारियों को दिया। कहा कि सफाई और कूड़ा उठान में ढिलाई पर जो भी जिम्मेदार होगा उस पर कार्रवाई करेंगे। वहीं अनुबंध समाप्त होने के बाद भी यूजर्स चार्ज वसूलने वाली कंपनियों पर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश नगर आयुक्त ने दिया।

नगर आयुक्त ने गुरुवार को अपने पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में निगम के स्वास्थ्य अनुभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे से अनुभाग में कार्यरत कार्मिक व उपलब्ध संसाधनों और उनके द्वारा किए जा रहे दैनिक कार्यों की जानकारी मांगी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि बरसात से पहले नगर निगम की सीमा के अन्तर्गत 232 खुले नालों की सफाई मैनुअल कराई जाती है। इसके अलावा 32 भूमिगत नालों की सफाई भी निर्माण अनुभाग कराता है। मुख्य अभियंता दिनेश सचान ने बताया कि इसके लिए ई निविदा आमंत्रित की गई है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि घर-घर कूड़ा उठान के लिए अनुबंधित संस्थाएं लायन सर्विसेज व लाजिकूफ का कार्य संतोषजनक नहीं है। इस पर नगर आयुक्त ने इनके प्रतिनिधियों को चेतावनी दी। नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी बताया कि पूर्व में अनुबंधित कुछ संस्थाओं ने जिनका अनुबंध समाप्त हो गया है उन्होंने निगम से किराए पर लिए वाहन वापस नहीं किए हैं। इसमें से कई अभी भी विभिन्न वार्डों में यूजर्स चार्ज वसूल रही हैं। इस पर नगर आयुक्त ने ऐसी संस्थाओं को आवंटित संसाधन तत्काल जमा कराने और निगम को हुई वित्तीय क्षति का आकलन कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराकर वसूली कराने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने कहा कि नालों की सफाई फेज वार विभाजित कर कराएं। इसकी मानीटरिंग जोनल अधिकारी करें। जिन नाले, नालियों पर अतिक्रमण है उन्हें तीन दिन का नोटिस देकर स्वयं हटाने और ऐसा न करने पर निगम की टीम भेजकर अतिक्रमण हटवाने के लिए कहा। मई में 70 प्रतिशत घरों से कूड़ा उठान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। कहा कि जो भी खुले में कूड़ा फेंके उसके खिलाफ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के अन्तर्गत जुर्माना वसूलने की कार्रवाई करें। बैठक में अपर नगर आयुक्त प्रथम अतुल कुमार, द्वितीय अजीत कुमार सिंह, लेखाधिकारी अरुण कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता रईस अहमद व सभी सफाई व खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।



पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में जानकारी लेते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

# शिविर में बच्चों को बताया योग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** आरआरके स्कूल के गुरुवार को नए सत्र के प्रारंभ में बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए बच्चों को तनाव मुक्त रखने के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें विद्यालय के भूतपूर्व छात्र योग गुरु प्रशांत टंडन द्वारा बच्चों को योगाभ्यास कराया गया। सबसे पहले प्रशांत टंडन का स्वागत किया गया। प्रशांत ने 2011 में विद्यालय से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रशांत ने विद्यालय में आकर बच्चों को योगा का प्रशिक्षण दिया। प्रशांत मानते हैं कि आजकल बच्चों में गुस्सा, धैर्य की कमी, टेंशन, डिप्रेशन, पढ़ाई के प्रति लापरवाही आदि मानसिक विकारों को योगा के माध्यम से दूर किया जा सकता है। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को योगा का प्रशिक्षण देकर उन्हें तनाव, डिप्रेशन आदि से दूर रहने के उपाय भी बताए। उन्होंने बच्चों को ताड़ासन, त्रियका ताड़ासन, कटी चक्रासन, तितली आसन, भुजंगासन, मकरासन, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम आदि सिखाए। प्रधानाचार्या वन्दना छाबडा ने प्रशांत को बधाई दी व उनके इस प्रशिक्षण कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के तनावग्रस्त वातावरण में बड़ों को ही नहीं बल्कि बच्चों को भी योगासनों की आवश्यकता है। तभी वह अपने मन को एकाग्र एवं तनाव मुक्त रख सकेंगे।



आरआरके स्कूल में बच्चों को योगाभ्यास कराते योग गुरु प्रशांत टंडन। ● अमृत विचार

# ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से किसान की मौत

## गांव बेगपुर मुंडा का मामला, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, सैदनगली



सैदनगली में घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में घर से लिंक मार्ग पर पैदल जा रहे किसान को भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर एवं चालक को हिरासत में लिया है।

क्षेत्र के गांव बेगपुर मुंडा निवासी 43 वर्षीय किसान धर्मपाल पुत्र गंगाराम सिंह गुरुवार को लिंक मार्ग पर पैदल घर से खेतों की तरफ जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही भूसे से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर से धर्मपाल की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर छोड़कर भागने का प्रयास कर रहे चालक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों ने उसे कमरे में बंद कर दिया और हंगामा करने लगे।



धर्मपाल का फाइल फोटो

परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक ने युवक को जानबूझकर टक्कर मारी है। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हंगामे के दौरान पुलिस की ग्रामीणों से नोकझोंक हुई। आक्रोशित ग्रामीणों को देख मौके पर कई थानों की फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने कमरे में बंद चालक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचा दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना अध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। चालक को हिरासत में लिया गया है। परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### अधिवक्ताओं ने मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर ने अधिवक्ता संजय कुमार के पिता जबर सिंह के निधन पर शोकसभा हुई। बार महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा हम इन दुखद पलों में संजय कुमार एवं उनके परिजनों के साथ सहभागी हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें। शोक सभा में अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में बार अध्यक्ष गंगासरन, दिनेश गुप्ता, ऋषिपाल सिंह चौहान, नरेशपाल सिंह, चौधरी गजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### तीसरे चरण के मतदान के लिए 11 बसें जाएंगी

**अमरोहा, अमृत विचार :** तीसरे चरण के मतदान के लिए अमरोहा डिपो से 11 बसों को भेजा जाएगा। आठ रोडवेज की बसें पहले से ही निर्वाचन को भेजी जा चुकी हैं। अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। चुनाव ड्यूटी के लिए पांच मई को 11 रोडवेज की बसें अमरोहा डिपो से जाएंगी।

### एंबुलेंस खंदक में गिरी, चालक व परिचालक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाइवे पर एंबुलेंस अनियंत्रित होकर खंदक में पलट गई। जिसमें चालक व परिचालक घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुरादाबाद के मोहल्ला कांशीराम नगर निवासी संजू व संतोष बुधवार देर रात एम्बुलेंस से दिल्ली में एक मरीज को छोड़ने के लिए गए थे। लौटते समय नेशनल हाइवे पर गजरौला में एक फैक्ट्री के पास अनियंत्रित होकर एम्बुलेंस खंदक में गिरकर पलट गई। जिसमें चालक व परिचालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जिससे हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। राहगीरों ने घायलों को पास ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस को सीधा कराया और यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** रेलवे ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को सीएससी में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के अटारी मुरीदपुर गांव निवासी संदीप गुरुवार दोपहर किसी काम से गजरौला आया था। लौटते समय शहर के अतरपुरा रेलवे ओवरब्रिज के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं हादसे के बाद रेलवे ओवरब्रिज पर जाम लग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाकर यातायात सुचारू कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में पीआरबी पर तैनात कांस्टेबल घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** ड्यूटी पूरी कर बाइक से घर आ रहा पीआरबी पर तैनात कांस्टेबल सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। थाना सैदनगली की डायल 112 पीआरबी पर तैनात कांस्टेबल अमित पुत्र मनीराम गुरुवार सुबह ड्यूटी के बाद बाइक से घर रहा था। जैसे ही उसकी बाइक उझारी के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची तो सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे कांस्टेबल अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। सूचना पर डायल 112 पहुंची और घायल कांस्टेबल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान कांस्टेबल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

### कोतवाली क्षेत्र के गांव में नहीं रुक रहा रेत का खनन

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर गढ़ी एवं डाकेवाली डगरौली के बीच स्थित जंगल में अवैध खनन करने वाले राजनीतिक संरक्षण के चलते बालू रेत का अवैध खनन कर रहे हैं। जिसके कारण जंगल में गहरे गड्ढे हो गए हैं। अवैध खनन के विरोध में गुरुवार को ग्रामीणों ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द अवैध खनन को बंद कराने की मांग की। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि खनन करने वाले तेजी से ट्रैक्टर निकलते हैं। जिसके कारण घटना होने का डर बना रहता है। प्रदर्शन करने वालों में चरन सिंह, गुड्डू, महिपाल, नन्नू, भीमसेन, छोटे, जगपाल, नरेश, सतीश, ओम प्रकाश,ओमी, लाखन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

### भाकियू लोक शक्ति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता आधार कार्ड बनाने में हो रही समस्याओं को लेकर पोस्ट ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुमित नागर ने समस्याएं बताईं। समस्याओं के समाधान को लेकरकार्यकर्ता पोस्ट ऑफिस के बाहर धरने पर बैठ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची उपजिलाधिकारी चंद्रकांता व पोस्टमास्टर भूपेंद्र सिंह के आश्वासन पर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। उन्होंने बताया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन को बाध्य होगा। लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं में उप जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। इस अवसर पर सरोतम शर्मा, सुरेंद्र सैनी, नीरज कुमार, जितेंद्र सिंह, चन्द्र किरण महाराज, बिजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह सैनी, कल्लन सिंह, सुभाष यादव, जय सिंह रहे।



छात्राओं को सम्मानित करतीं इनरव्हील क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

### छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को विद्यालय पुरुषोत्तम शरण राममूर्ति सरस्वती कन्या इन्टर कॉलेज हसनपुर में बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाली पांच छात्राओं को इनर व्हील क्लब हसनपुर की ओर से पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें हाईस्कूल में गुंजन, अंजली, सुहानी, मीनू व आयुषी को सम्मानित किया। इन्टर में स्नेहा, वर्षा, साक्षी, मुस्कान व संजना को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा ने सभी छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की प्रेसिडेंट नीकिता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंकिता शर्मा, सुषमा रस्तौगी, नेहा रस्तौगी आदि रहीं।



फैसले के दौरान मारपीट करते लोग। ● अमृत विचार

### विवाद का फैसला करने आए दो पक्षों में मारपीट

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव के दो पक्ष मारपीट का फैसला करने के लिए नगर पालिका प्रांगण में बैठे थे। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लात घूंसे चले। जिससे अफरातफरी माहौल हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष घर चले गए। बुधवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के गांव में देवर भाभी के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। मारपीट के दौरान भाभी घायल हो गई थी। घायल महिला अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर दोनों पक्ष फैसले के लिए नगर स्थित पालिका कार्यालय के प्रांगण में बैठे थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी हो गई और देखते-देखते मारपीट हो गई। दोनों पक्षों में मारपीट होने से अफरातफरी का माहौल हो गया। किसी प्रकार लोगों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव कराया और उसके बाद दोनों घर चले गए।

### घर में आग लगने से लाखों का सामान जला

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** गुरुवार दोपहर को मोहल्ला गांधीनगर में मोहित अग्रवाल के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिससे घर का सामान जलकर राख हो गया। घटना के संबंध में मोहित अग्रवाल ने बताया कि वह घर में ही दूसरे कमरे में लेटे हुए थे। इसी दौरान जब उनके बड़े भाई की पत्नी ने कमरे से धुआं निकलते देखा तो शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कमरे का दरवाजा तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की। इसी बीच फायर ब्रिगेड को फोन किया गया। लेकिन उनका फोन नहीं मिल पाया। कड़ी मशक्कत के बाद पड़ोसियों ने आग पर काबू पा लिया। लेकिन तब तक कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया था। जिससे घर के कपड़े, 35 हजार रुपये नकदी, 12 चांदी के सिक्के, दो अंगूठी, एक चेन, बेड, फ्रिज, टीवी और क्रॉकरी का सामान राख हो गया।

### चिलचिलाती धूप में घर से बाहर निकलना मुश्किल



मुंह पर कपड़ा बांधकर जाती महिलाएं।

**गजरौला, अमृत विचार :** मई के शुरू में ही घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। चिलचिलाती धूप से तपिश का अहसास हो रहा है। रोजाना बढ़ रहे तापमान के बीच भीषण गर्मी में लोगों का पसीना छूट रहा है। गुरुवार को लू के थपेड़ों से बाइक सवार लोगों का सफर तक दुश्वार हो गया। वहीं 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। स्कूल की छुट्टी के बाद बच्चे भी चिलचिलाती धूप में घर पहुंचे। मई के शुरू में ही गर्मी के तेवर बढ़ते जा रहे हैं। सुबह नौ बजे से ही निकली चिलचिलाती धूप में लोगों का पसीना छूटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी से लोग बिलबिला उठे हैं। गुरुवार को भी तापमान 39 डिग्री सेल्सियस से पार पहुंच गया। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोग दोपहर के वक्त लोग अपने घरों में कैद हो गए। जिससे बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। स्कूली बच्चों को गर्मी में घर लौटते वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा।

# 25 बीघा जमीन पर अवैध निर्माण रोका

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



अवैध निर्माण को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

- इससे पहले भी यहां रुकवाया जा चुका है अवैध निर्माण
- जेसीबी देखकर मौके पर काम कर रहे मजदूर भागे

**अमृत विचार :** अहरोई मार्ग पर 25 बीघा भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इस कार्य को उप जिलाधिकारी एवं नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर रुकवा दिया और जेसीबी से निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले भी यहां अवैध निर्माण रुकवाया जा चुका है।

गुरुवार को अहरोई मार्ग पर स्थित रौनक वाटिका के पीछे 25 बीघा भूमि पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी जानकारी उप जिलाधिकारी सुधीर कुमार को मिली तो उन्होंने नायब तहसीलदार को कार्य रुकवाने के निर्देश जारी किए। बताया जाता है कि एसडीएम और नायब तहसीलदार जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गए। जिनको देखकर भूमि पर निर्माण कर रहे मजदूर और लोग भाग खड़े हुए। उप जिलाधिकारी ने भूमि पर अवैध रूप से किए गए निर्माण कार्य को जेसीबी से गिरा दिया। वहां के लोगों से कहा कि इस भूमि पर दोबारा से निर्माण कार्य किया गया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि 25 बीघा भूमि पर बिना ले आउट स्वीकृत कराए अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। बताया जाता है कि इससे पहले भी इस भूमि पर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया गया था। पहले भी एसडीएम ने भूमि पर हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया था।

## महिला ने घर में फंदे से लटककर जान दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे परिजनों में चीख पुकार मच गई। बिना कानूनी कार्रवाई परिजनों ने महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव का है। यहां 40 वर्षीय महिला ने अपने घर के कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी। इस दौरान महिला घर पर अकेली थी। परिवार के सभी लोग खेत पर काम करने के लिए गए थे। जानकारी पर बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे। सूचना पर मायके वाले भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बिना कार्रवाई महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि महिला की शादी 20 वर्ष पूर्व हुई थी। कोतवाल सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि इस संबंध में कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। अगर तहरीर प्राप्त होती है तो जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# कोर्ट के आदेश पर अपहरण के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- आरोपी पहले के मुकदमे को वापस लेने का बना रहे थे दबाव

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी से जुड़े मुकदमा वापस नहीं लेने पर आरोपियों ने पुलिस के साथ मारपीट की और अपहरण की कोशिश भी की। साजिश में नाकाम होने से जान से मारने की धमकी दी गई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एक नामजद समेत तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। दरअसल गांव बाइखेड़ा में हरकेश राणा का परिवार रहता है। क्षेत्र के ही गांव अगरौला कला निवासी जोगिंदर राणा ने भूखंड बेचने के नाम पर उनसे 13.75 लाख की धोखाधड़ी की थी। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। आरोप है कि तभी से जोगिंदर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहा है। दो मार्च की दोपहर हरकेश राणा कोर्ट में मुकदमे की तारीख से घर लौट रहे थे। इस दौरान अतरासी हसनपुर रोड पर जोगिंदर ने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर उन्हें घेर लिया। आरोप है कि उनके गले में पहनी सोने की चेन और पांच हजार रुपये छीन लिए। कार में बैठाते हुए अपहरण का प्रयास किया। वहीं इसके बाद सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर आरोपी जोगिंदर राणा समेत उसके तीन साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# छापेमारी में नशीली दवा बनाने का कच्चा माल किया बरामद

संवाददाता, गजरौला

- दिल्ली में युवक की गिरफ्तारी के बाद आई टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ व नारकोटिक्स विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। टीम ने नशीली दवा और ड्रग्स बनाने संबंधी कच्चा माल बरामद किया है। हालांकि मुख्य आरोपी पकड़ में नहीं आ सका है। टीम मामले की जांच में जुटी हैं।

बताते हैं कि दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ ने तीन दिन पहले एक युवक को पकड़ा था, जिसके पास से नशीली दवा आदि बरामद हुईं थीं। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो सामने आया कि इस मामले के तार अमरोहा के गजरौला क्षेत्र से जुड़े थे। गुरुवार को दिल्ली पुलिस की विशेष प्रकोष्ठ, नारकोटिक्स विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से सलेमपुर गौसाईं गांव के मझरा में चाकीखेड़ा मंदिर के समीप बनी एक फैक्ट्री में छापा मारा, मगर वहां पर ताला लगा मिला। यहां पर टीम को जानकारी मिली कि थाना क्षेत्र के ही गांव अहरौला तेजवन गांव में व्यक्ति के घर पर कच्चा माल रखा है। टीम वहां पर पहुंची और कच्चा माल बरामद किया। आशंका है कि यह माल नशीली दवा व ड्रग्स बनाने में काम आता है। मामले का मुख्य आरोपी लोहिया नगर का निवासी है, अभी वह पकड़ से दूर है। नशीली दवा और ड्रग्स बनाने की आशंका में की छापेमारी के बाद गांव के लोगों में चर्चा चलती रही। वहीं दिल्ली पुलिस व नारकोटिक्स की टीम पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही हैं ताकि इस नेटवर्क का पर्दाफाश हो सके। ड्रग इंस्पेक्टर रुचि बंसल ने बताया कि दिल्ली नारकोटिक्स की टीम ने छापेमारी की थी, मौके से कच्चा माल बरामद हुआ है।

## दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

**गजरौला, अमृत विचार :** गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर पत्र भेजा है।

क्षेत्र के गांव निवासी महिला मंगलवार सुबह खेत पर काम कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी युवक अपने साथी के साथ खेत पर पहुंचा और महिला से अश्लील हरकत करने लगा। विरोध पर महिला को साथी की मदद से गन्ने के खेत में ले गया और दुष्कर्म किया। आरोपियों ने किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी और जाति सूचक शब्द भी कहे। पीड़िता घर पहुंची और घटना की जानकारी पति को दी। पति महिला को साथ लेकर थाने पहुंचा और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। दुष्कर्म पीड़िता ने कार्रवाई नहीं करने का पुलिस पर आरोप लगाकर शिकायती पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर अपलोड किया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



बाइक पर छह बच्चों के साथ जाता युवक। ● अमृत विचार

# एक बाइक पर सात सवारी पड़ न जाए जान पर भारी

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** अपने ही कर रहे मासूमों की जिंदगी से खिलवाड़। यह तस्वीर देख आप भी चौंक जाएंगे। लेकिन यह तस्वीर यातायात नियमों का पालन कराने वाले अधिकारियों के लिए भी एक चुनौती है।

बता दें कि एक बाइक पर सवार छह मासूमों समेत बाइक चला रहे युवक की यह फोटो सैदनगली थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार का है। एक युवक छह बच्चों को बाइक पर बैठाकर स्कूल छोड़ने के लिए जा रहा है। बाइक सवार युवक को अपनी और मासूम बच्चों की जान की परवाह नहीं है। इतना ही नहीं वह हेलमेट भी नहीं लगाए हुए हैं।

## गंगा में मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

**गजरौला, अमृत विचार :** तिगरी क्षेत्र में गंगा में उतराते मिले शव की तिसरी दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस युवक के शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी है।

मंगलवार शाम तिगरी गंगा में युवक का शव उतराता मिला था। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। शव पानी में कई दिन से पड़े रहने के कारण कई स्थानों से गल गया था। स्थानीय दुकानदारों व श्रद्धालुओं की नजर उस ओर गई थी। फिर पुलिस को सूचना दी गई थी। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को गंगा से बाहर निकलवाया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मगर उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि युवक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## बुलेट व दो लाख रुपये न मिलने पर घर से निकाला

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया है। दहेज का विरोध करने पर ससुराल वालों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति समेत सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव मिलक बकैना निवासी अययूब ने अपनी बेटी रोजी की शादी 17 अक्टूबर को अगवानपुर निवासी आसिफ के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल में महिला को प्रताड़ित किए जाने लगा। मायके से बुलेट और दो लाख रुपये नकद का दबाव बनाया जाता था। 23 अप्रैल की शाम ससुराल वालों ने रोजी को मारपीट कर निकाल दिया। 28 अप्रैल की सुबह ससुराल वाले रोजी के मायके पहुंचे और दहेज की मांग दोहराते हुए मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पति आसिफ समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आयोजन | संस्था के अधिकारी ने कहा, छात्र-छात्राओं को मानक के अनुसार सुविधा मुहैया कराना है उद्देश्य

# जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन ने विद्यालय में मुस्कान एडू लैब शुरू कराई

संवाददाता, गजरौला



मुस्कान एडू लैब की शुरुआत के दौरान जुबिलेंट फाउंडेशन के अधिकारी व बच्चे।



रहरा में साइकिल व स्कूटी के साथ खड़ी छात्राएं व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन के तत्वावधान में तिगरी के प्राथमिक विद्यालय में मुस्कान एडू लैब शुरू की गई। जिसका उद्घाटन यूनिट हेड विनोद झा व आइटी हेड देवेंद्र पंवार द्वारा किया गया।

गुरुवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में देवेन्द्र पंवार ने कहा कि आज का युग डिजिटल है। इसलिए सभी छात्रों को आगे बढ़ने के लिए बड़ी लगन इमानदारी से कार्य करना है। कार्यक्रम अधिकारी विकास सिंह ने कहा कि जुबिलेंट फाउन्डेशन द्वारा शिक्षा में गुणात्मक सुधार की तरफ कई वर्षों से कार्य कर रही है। कोआर्डिनेटर जया मुस्कान ने कहा कि हमारा उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में मानक के अनुसार सुविधा मुहैया कराना है। जिससे सभी छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। कार्यक्रम के संचालन के दौरान प्रधानाध्यापक जोगेंद्र सिंह ने बताया कि जुबिलेंट द्वारा (एडू लैब) कंप्यूटर लैब बनाई जा रही है। कार्यक्रम में सुधा रानी, कर्मवीर सिंह, कंचन सिंह, कमल सिंह, नवनीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बिहारी सिंह त्यागी कन्या इण्टर कॉलिज में छात्राओं को किया सम्मानित

**रहरा, अमृत विचार :** बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज रहरा में उप्र बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल एवं इण्टर की मेधावी छात्राओं का सम्मान न किया गया। कार्यक्रम का आरंभ त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा, निदेशक चीनी मिल हसनपुर प्रमोद कुमार त्यागी व रोटरी क्लब हसनपुर आस्था के अध्यक्ष पुनित कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती के चित्र के सामने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इण्टर में विद्यालय की छात्रा पूनम ने जिले में टॉपटेन में स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस दौरान स्वाति शर्मा, हर्षिता चौधरी व हाईस्कूल की छात्रा आरुषी नागर, निधि गुर्जर व सना को भी सम्मानित किया। जिले में टॉपटेन स्थान प्राप्त छात्रा पूनम को स्कूटी देकर सम्मानित किया तथा विद्यालय में अन्य छात्राओं को साइकिल तथा बैग देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विशाल देव त्यागी, सुभाष त्यागी, विनोद कुमार सक्सैना, सुनील कुमार भटनागर, राजीव अग्रवाल, सत्यवती सक्सैना, अरविन्द कुमार, श्यामसुन्दर आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ऑटो की टक्कर से महिला घायल

**संभल, अमृत विचार :** संभल के मुहल्ला नखासा निवासी इमाम बख्श की पत्नी नूरजहां 55 वर्ष गुरुवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर से दवा लेने पैदल आ रही थी। सदर कोतवाली क्षेत्र में शंकर चौराहा पार करते समय ऑटो ने नूरजहां में टक्कर मार दी। जिससे नूरजहां चौराहे पर गिरकर घायल हो गई। आसपास के लोगों ने टक्कर मारकर भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया और नूरजहां को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### जमीन के विवाद में चले लाठी डंडे, आठ लोग चोटिल

**संभल, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर चंदौसी जा रहे बाइक सवारों के साथ दूसरे पक्ष के लोगों ने मारपीट की। जिससे दोनों पक्ष के आठ लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव मढावली निवासी सोपाली का गांव के ही चौबसिंह से जमीनी विवाद में बुधवार को दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। आसपास के लोगों ने उस समय समझा-बुझाकर सोपाली व चौबसिंह को शांत करा दिया। गुरुवार को रमेश व पातीराम पुत्र सोपाली किसी काम से बाइक पर सवार होकर चंदौसी जा रहे थे। गांव से ही निकलते ही चौबसिंह के परिजनों ने रमेश व पातीराम को रोक लिया और मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर रमेश व पातीराम के परिजन भी आ गए। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से सोपाली, किशनपाल, बाकेराम, राधेश्याम व सोपाली का भाई रामवीर और दूसरे पक्ष से रामरहीस, निरंजन व नीरज घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पिकअप व ट्रक की टक्कर में चालक घायल

**संभल, अमृत विचार :** बुलंदशहर जिले के गांव पाहसू निवासी चालक अनस गुरुवार को पिकअप लेकर संभल मार्ग पर गवां की ओर से आ रहा था। कैलादेवी थाना क्षेत्र में गांव खिरनी मोहिउद्दीनपुर के पास पिकअप ने संभल की ओर से आ रहे प्लाइवुड से से लदे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे अनस गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों के इकट्ठा होने से पहले ही चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस मौके पर पहुंची और उपचार के लिए घायल अनस को जिला अस्पताल भिजवाया।

# पर्ची सिस्टम शुरू, दावतें उड़ा रहे प्रत्याशियों के समर्थक

कार्यालय संवाददाता, संभल

- कुछ प्रत्याशियों ने शुरू कराया होटलों व ढाबों पर पर्ची सिस्टम

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान 7 मई को है तो कुछ प्रत्याशी पूरी तरह से समर्थकों की सेवा में जुट गए हैं। प्रत्याशियों ने कई होटलों और ढाबों पर पर्ची सिस्टम शुरू करा दिया है। जहां पर्ची दिखाकर समर्थकों को खाना मिल रहा है। रात के वक्त ऐसे समर्थकों की भीड़ ज्यादा देखी जा रही है। फिर भी जिम्मेदारों की नजर इस गतिविधि पर नहीं है।

चूंकि मतदान में ज्यादा समय नहीं रह गया है, इसलिए कुछ प्रत्याशियों ने अब मतदाताओं के लिए खाना की व्यवस्था भी कर दी है। संभल के ही कई होटलों और ढाबों पर पर्ची सिस्टम शुरू करा दिया गया है। प्रत्याशियों के यहां से प्राप्त पर्ची को दिखाने से ही होटलों पर समर्थकों को खाना मिल रहा है। होटल संचालक भी इन पर्चियों को बेहद संभालकर रख रहे हैं क्योंकि पेमेंट के वक्त यह प्रत्याशियों को दिखानी पड़ सकती हैं। हालात यह हैं कि दिन के अलावा देर शाम से ही होटलों पर समर्थकों की भीड़ उमड़ रही है। खाना खाने के बाद समर्थक सीधे घरों का रुख कर रहे हैं। बहरहाल, पर्ची सिस्टम प्रशासन की नजर से बचकर किया गया है। यह सब चुनाव खर्च से बचकर समर्थकों को अपने पक्ष में करने का फार्मूला है। फिर भी जिला प्रशासन द्वारा गठित टीमें होटल और ढाबों पर चेकिंग नहीं कर रही हैं। जिसके चलते संभल के अलावा जिले के दूसरे शहर, कस्बा और देहात क्षेत्र के होटलों एवं ढाबों पर पर्ची सिस्टम चल रहा है।

## अधिग्रहीत वाहन सही हालत में कराएं उपलब्ध

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। इसलिए परिवहन विभाग ने अधिग्रहण आदेश में दर्ज स्थान, तिथि व समय पर वाहनों की साफ सफाई कर सही हालत में उपलब्ध कराने की अपील वाहन स्वामियों की है।

एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि पोलिंग पार्टियों, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। ऐसे में वाहन स्वामी और चालक अधिग्रहण में दर्ज स्थान, तिथि और समय पर वाहनों को साफ सफाई कर सही हालत में उपलब्ध कराएंगे। यदि कोई व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत दिए गए आदेश का उल्लंघन करेगा तो एक वर्ष कारागार अथवा अर्थदंड दोनों के तहत कार्रवाई होगी।

### जिला अस्पताल में रोज पहुंच रहे चिड़चिड़ेपन के शिकार बच्चे, जो जरा-जरा सी बात पर गुस्सा करते हैं

# बच्चों को चिड़चिड़ा बना रहा मोबाइल, बिगड़ रही मनोदशा

गौरव वर्मा, संभल

**अमृत विचार :** बेशक हाईटेक युग में जरूरी कामों के साथ-साथ पढ़ाई में भी मोबाइल की अहम भूमिका सामने आ रही है लेकिन यही मोबाइल बच्चों को डिप्रेशन का शिकार बना रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना दो से चार बच्चे ऐसे पहुंच रहे हैं जो चिड़चिड़ेपन के शिकार हैं और जरा-जरा सी बात पर गुस्सा करते हैं। मनोवैज्ञानिक चिकित्सक भी ऐसे हालात पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और उनकी रुचि वाले खेल और म्यूजिक में लगाने की सलाह दे रहे हैं।

अकसर देखने में आता है कि स्कूल में पढ़ाई के बाद बच्चे जब घर पहुंचते हैं तो खाना खाकर मोबाइल में खो जाते हैं। मोबाइल में तमाम तरह की चीजों को देखकर उनके दिमाग में भी अलग-अलग तरह की गतिविधियां घर कर जाती हैं।

ऐसे में जब बच्चों की किसी गलती पर अभिभावक डांटते हैं तो वह चिड़चिड़ा व्यवहार करते हैं। इतना ही नहीं, अभिभावकों से बहस करते हुए उल्टा जवाब भी दे देते हैं। जो बच्चे दिमागी रूप से ज्यादा परेशान दिखाई दे रहे हैं, उन्हें लेकर अभिभावक परेशान हैं। जिला अस्पताल में ही पिछले कई दिनों से ऐसे बच्चों को लेकर अभिभावक पहुंच रहे हैं जिनका व्यवहार ठीक नहीं है। ऐसे बच्चों की संख्या रोजाना दो से चार सामने आ रही है।

जिला अस्पताल के मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ.प्रेमपाल सिंह ने बच्चों के बारे में पूर्ण जानकारी लेते हुए इलाज शुरू करा दिया है। हालांकि उनका कहना है कि अगर बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए तो शायद ऐसे हालात न बनें। बच्चों को दिमागी परेशानी बढ़ती रही तो उनकी दवा शुरू कराने के सिवा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

- मनोवैज्ञानिक परिजनों को दे रहे बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की सलाह

### कार्यशाला में भी दिमागी परेशानी की बात आई सामने



डा. प्रेमपाल सिंह, मनोवैज्ञानिक चिकित्सक, जिला संयुक्त चिकित्सालय।

**संभल अमृत विचार :** डॉ.प्रेमपाल सिंह ने कहा कि पिछले दिनों संभल, चंदौसी और जुनावई क्षेत्र के स्कूलों में कार्यशाला हुई थी। वहां भी यह बात सामने आई थी कि बच्चे दिमागी रूप से परेशान रहते हैं। अभिभावकों के डांटने पर गुस्से में होकर गलत जवाब देते हैं। ऐसे में अभिभावकों को समझाया गया कि वह बच्चों को मोबाइल से दूर रखें और अन्य चीजों में व्यस्त करने का काम करें।

### क्या किया जाए

- रुचि वाले खेल, कैरम बोर्ड, डांसिंग और म्यूजिक में समय व्यतीत कराएं।
- बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए।
- मन की बात जानने का प्रयास करें।
- बच्चों को सुबह के वक्त योगा कराया जाए।
- बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।



# पौत्र ने खत्म कर दी दादा के जमाने की अदावत, जिया पहुंचे इकबाल महमूद के घर

## डा. शफीकुर्रहमान बर्क का विधायक इकबाल महमूद से था छत्तीस का आंकड़ा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** दादा शफीकुर्रहमान बर्क के दौर में पिछले पांच दशक से चली आ रही राजनीतिक अदावत को उनके पौत्र जियाउर्रहमान बर्क ने विधायक इकबाल महमूद के घर जाकर खत्म कर दिया। जियाउर्रहमान बर्क व इकबाल महमूद ने गले मिलकर पुरानी बातों को भुलाकर एक दूसरे का सहयोग करने का वादा किया।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क पांच दशक में कई बार सांसद और विधायक रहे लेकिन उनका इकबाल महमूद के परिवार से हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। पहले इकबाल महमूद के पिता नवाब महमूद से डा. बर्क की पटरी नहीं खाती थी और फिर जब इकबाल महमूद राजनीति में सक्रिय हुए तो उनके साथ ही खटास बनी रही। एक ही पार्टी में रहते हुए डा. शफीकुर्रहमान बर्क और इकबाल महमूद के बीच तलवारें तनी रहती थीं।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद इस बार उनके पौत्र जियाउर्रहमान बर्क सपा के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान से पांच दिन पहले अचानक इकबाल महमूद के घर जाकर जियाउर्रहमान बर्क ने सभी को चौंका दिया। गुरुवार दोपहर को जियाउर्रहमान बर्क अपने पिता ममलूकुर्रहमान बर्क व समर्थकों के साथ मियां सराय में विधायक इकबाल महमूद के घर पहुंचे तो वहां इकबाल महमूद व उनके बेटे सुहेल इकबाल ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसके साथ ही दोनों ने एक साथ कहा कि अब एक दूसरे का विरोध नहीं बल्कि सहयोग करेंगे। बात हुई कि इकबाल महमूद अब जियाउर्रहमान बर्क का चुनाव लड़ायेंगे और विधानसभा चुनाव के दौरान जियाउर्रहमान बर्क इकबाल महमूद का चुनाव लड़ायेंगे। इस दौरान रामपुर से सपा प्रत्याशी मोहिबुल्लाह नदवी व बिलारी विधायक हाजी फहीम भी मौजूद रहे।



गले मिलते विधायक इकबाल महमूद व सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क।

### सुलह

- एक पार्टी में रहकर भी बर्क ने किया था इकबाल महमूद का खुला विरोध
- इकबाल महमूद लड़ायेंगे जियाउर्रहमान बर्क का चुनाव

## सड़क हादसे में दो छात्रों सहित तीन लोग घायल

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में निजी स्कूल से पढ़कर घर जा रहे सगे भाइयों की साइकिल में सामने से बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे छात्रों सहित तीन लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे परिजनों ने सगे भाइयों व बाइक सवार को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हसनपर मुंजब्ता निवासी अहमर 12 वर्ष व इसका छोटा भाई अहमद 6 वर्ष सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग पर स्थित निजी सांई पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं। गुरुवार को स्कूल की छुट्टी होने के बाद अहमद व अहमर एक ही साइकिल पर सवार होकर घर जा रहे थे। मंडी किशनदास सराय व हसनपुर मुंजब्ता के बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में सड़क पर गिरकर अहमद व अहमर और मुहल्ला चौधरी सराय निवासी बाइक चालक जीशान घायल हो गया। परिजन अहमर व अहमद व जीशान को लेकर उपचार के लिए जिला अस्पताल आ गए। हाल गंभीर होने पर अहमद को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप

### छात्राओं व उनकी माताओं ने डांस व कैटवाक किया

**संभल, अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर स्कूल में मां के प्यार व समर्पण को सम्मानित करने के लिए आयोजित मदर्स डे कार्यक्रम में कक्षा एक व दो की छात्राओं व उनकी माताओं ने डांस प्रतियोगिता व कैटवाक में हिस्सा लिया। शिक्षकों ने माताओं को ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया। बाल विद्या मंदिर स्कूल में गुरुवार को फाउंडेशन स्टेज में मां के प्यार और समर्पण को सम्मानित करने के लिए मदर्स डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयोजित डांस प्रतियोगिता में कक्षा एक व दो की छात्राओं की माताओं ने भाग लिया। डांस प्रतियोगिता में कक्षा एक प्रियंका प्रथम, आरती गुप्ता द्वितीय और शिल्पी व स्वाति तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा दो की डांस प्रतियोगिता में मिताली मदान प्रथम, प्रज्ञा राय दूसरे और आकांक्षा को तीसरा स्थान मिला। कार्यक्रम के अंत में एकेडमिक काउंसलर अंकिता गर्ग की ओर से आयोजित कैटवाक प्रतियोगिता में माताओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में पल्लवी रस्तोगी व एकेडमिक काउंसलर ने माताओं की प्रशंसा की और आगे भी ऐसे ही अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### कब्रिस्तान की भूमि पर दबंगों ने की प्लाटिंग, पहुंचे अफसर

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में कब्रिस्तान की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध प्लाटिंग शुरू कर दी। शिकायत मुख्यमंत्री तक हुई तो जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारी ने मौके पर जांच की। शहर के मुहल्ला आलम सराय अंदर चुंगी में वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड कब्रिस्तान की भूमि है। आरोप है कि कब्रिस्तान की इस भूमि को मुहल्ला बेगम सराय के कुछ लोगों ने बेच दिया। जिसके बाद लोगों ने भूमि पर अवैध प्लाटिंग शुरू करा दी गई। कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले का जिम्मेदारों ने संज्ञान लिया। मुतवल्ली मोइनुद्दीन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए कब्रिस्तान की भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग उठाई। जिसके बाद बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने भूमि का भौतिक सत्यापन करते हुए दस्तावेज को भी देखा। जांच में यह बात सामने आई कि कब्रिस्तान की भूमि वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड है। जांच के दौरान तमाम लोग मौजूद रहे।





श्रमिकों को सम्मानित करतीं ग्रुप की पदाधिकारी व सदस्य। ● अमृत विचार

### समिति ने श्रमिकों को सम्मानित कर मनाया मजदूर दिवस

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गुरुवार को साक्षी समिति स्टार चन्दौसी ने आवास-विकास स्थित अहिल्याबाई पार्क में मजदूर दिवस मनाया। जिसमें श्रमिकों को सम्मानिक किया गया। संयोजिका रंजना शर्मा व अध्यक्ष सुधा शर्मा सहित समिति के सभी सदस्यों ने मिलकर श्रमिकों को छाते, अंगोंछे, टिफिन और खाद्य सामग्री देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष बबिता बिंदल, सुनीता शर्मा, विजयलक्ष्मी, दमयंती सिंह, गीतांजलि मदान, निधि गुप्ता, वर्षा सिंधी, भावना सिंह, शालिनी गोयल आदि मौजूद रही।

### महिला ने लगाया घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के चुन्नी मोहल्ला निवासी महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। महिला का कहना है कि मोहल्ले के कुछ महिला व पुरुष उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट की। जिसमें धारदार हथियार से उसे घायल कर दिया। वह किसी तरह हमलावरों से जान बचाकर भाग गई। आरोप है कि इसके बाद गुरुवार की एक आरोपी उसके छोटे-छोटे बच्चों को जंगल की ओर ले जा रहा था। तभी मोहल्ले के लोगों ने पकड़ लिया। महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

### ससुराल से जेवर लेकर गई महिला को पुलिस ने पकड़ा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सोतीपुरा से ससुराल से गायब हुई नवविवाहिता को पुलिस ने धनारी पट्टी गांव से बरामद कर लिया है। फिलहाल पुलिस महिला से पूछताछ कर रही है। गांव सोतीपुरा निवासी फूल सिंह ने बुधवार को थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा था कि अपने पुत्र ब्रिजेश की शादी 25 अप्रैल को थाना धनारी से की थी। 30 अप्रैल की रात 11 बजे नवविवाहिता अनजान युवक के साथ फरार हो गई। जाते समय विवाहिता अपनी ससुराल से पांच सोने व छह चांदी की जेवरात अपने साथ ले गई। जिसकी कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की तहरीर मिलने पर पुलिस ने विवाहिता की खोजबीन शुरू कर दी।

### छह वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ करते युवक को दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में छह वर्षीय मासूम घर के बाहर खेल रही थी। तभी मोहल्ले का युवक पहुंचा और पैसे का लालच देकर मासूम के साथ छेड़छाड़ करने लगा। मासूम ने विरोध किया तो आरोपी उसे जबरदस्ती मासूम को सरकारी आवास ले जाने लगा। तभी आसपास के लोगों ने देख लिया। आरोपी को पकड़ पुलिस के सुपुर्द कर दिया। एक मोहल्ला निवासी महिला अपने परिवार के साथ रहती है। गुरुवार की रात आठ बजे महिला की छह वर्षीय मासूम पुत्री घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। तभी मोहल्ले का एक युवक पहुंचा और मासूम को खेलता देखा, तो उसके पास पहुंचा और बच्ची को पैसे का लालच देकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब बच्ची ने विरोध किया तो आरोपी बच्ची को उठाकर पास ही बने सरकारी आवास पर ले जाने लगा। बच्ची की चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और आरोपी युवक को दबोच लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने की तैयारी कर रही थी।

# 531 क्रिटिकल व 17 बर्नेबल बूथों पर कड़े सुरक्षा इंतजाम

संवाददाता, बहजोई/संभल

### चुनाव प्रक्रिया

- केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों के साथ पुलिसकर्मियों की होगी तैनाती
- वीडियोग्राफी के साथ-साथ मतदान के समय होगी वेब कास्टिंग

**अमृत विचार :** संभल लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जिला प्रशासन जहां तैयारी में जुटा हुआ है। जनपद में 531 क्रिटिकल व 17 बर्नेबल बूथ चिन्हित किए गए हैं। जहां केंद्रीय वालों की तैनाती के साथ पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। वहीं इन बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान करने के लिए वीडियोग्राफी के साथ-साथ वेब कास्टिंग भी की जाएगी। ऐसा इंतजाम किया जाएगा कि निष्पक्ष चुनाव होने में कोई समस्या न आए।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। जनपद में निष्पक्ष शांतिपूर्ण पारदर्शिता के साथ चुनाव हो इसके लिए जिला प्रशासन कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहता। अब जिला प्रशासन ने जनपद के ऐसे बूथों को चिन्हित किया है जहां पर विगत चुनाव में धार्मिक जातिगत एवं आर्थिक आधार पर वोटर को प्रभावित किया गया हो या फिर बूथ कैपचरिंग, हंगामा व विवाद जैसी स्थिति खड़ी हुई हो। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद की चंदौसी, संभल, गुन्नौर असमोली विधानसभा में 531 क्रिटिकल बूथ चिन्हित किए हैं। वहीं 17 बूथ ऐसे हैं जिन्हें बर्नेबल की श्रेणी में रखा है। इन बूथों पर निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ चुनाव कराने को तथा मतदाताओं में विश्वास पैदा करने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की जाएगी। पुलिसकर्मियों का सुरक्षा घेरा भी रहेगा। आपात स्थिति में मोबाइल पुलिस पार्टी भी समय-समय पर यहां पहुंचेगी।

### वीडियोग्राफी वेब कास्टिंग का होगा इंतजाम

**बहजोई।** क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की जाएगी। उनकी सीधी जिम्मेदारी यह होगी कि वहां पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें। वहीं इन बूथों पर वीडियोग्राफी की जाएगी। वेब कास्टिंग का भी इंतजाम होगा। मतदान शुरू होते ही वेब कास्टिंग प्रारंभ हो जाएगी और मतदान के अंत तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। मतदाताओं के लिए किसी प्रकार की समस्या न आए इसको लेकर भी इंतजाम किए जाएंगे।

### अधिकारियों ने जानकारी जुटाकर चिन्हित किये बूथ

**बहजोई।** पुलिस में प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपद की सभी विधानसभाओं में गांव-गांव और शहर- शहर जाकर लोगों से जानकारी कर क्रिटिकल व बर्नेबल बूथों को चिन्हित कर बनाया है। यहां पर पुलिस ने जाकर लोगों में विश्वास जगाया है कि वह निडर होकर मतदान करें। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस ने मतदाताओं को यह भी विश्वास दिलाया है कि किसी को भी चुनाव में गड़बड़ी नहीं करने दी जाएगी।

# चुनावी चेकिंग में 8 लाख से अधिक की नगदी बरामद

संवाददाता, गुन्नौर

- साक्ष्य न मिलने पर जब्त धनराशि कोषागार सम्भल में जमा कराई

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में खपाए जाने वाले कालेधन पर नजर रखने के लिए गठित उड़नदस्ता टीम ने बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग के दौरान वाहनों से आठ लाख से अधिक की नकदी जब्त की है।

एफएसटी उड़नदस्ता प्रभारी राम लखन यादव ने बताया कि गुरुवार को गांव नरोरा बैराज पर सघन वाहन चेकिंग की गई। आल्टो कार यूपी 13बीए 3973 आल्टो के चालक नदीम पुत्र बाबू निवासी कस्बा पहासू जिला बुलन्दशहर से 409000 की नकदी और वाहन यूपी16डीके / 0984 के चालक मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी दहगवां जिला बदायूं के पास से 60,000 मिले साक्ष्य न मिलने पर जब्त धनराशि कोषागार सम्भल में जमा कराए गये। दूसरी स्थाई निगरानी टीम के मजिस्ट्रेट अशोक कुमार ने कार सवार रेहान पुत्र बाबू खां निवासी पहासू जिला बुलन्दशहर से 350000 की नकदी बरामद की। साक्ष्य दस्तावेज नहीं पाए जाने पर आचार संहिता का उल्लंघन के कारण जब्त धनराशि कोषागार में जमा कराई गई। जबकि, दहगवां निवासी प्रदीप कुमार पुत्र अमरीश कुमार के पास से 50,000 की नकदी और आधा किलो कच्ची चॉदी मिली। साक्ष्य दिखाने पर नकदी और चांदी अवमुक्त कर दी गई।

**मांग** वर्षों से किराये के भवन में चल रहा संभल रोडवेज बस अड्डा, सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं

# रोडवेज बस अड्डे का निर्माण हो तो लोगों को मिलेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल में वर्षों से किराये के भवन में चल रहे रोडवेज बस अड्डे पर न तो यात्रियों के लिए सुविधाएं हैं और न ही मुरादाबाद को छोड़कर अन्य शहरों के लिए बसों की व्यवस्था। अब लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आ रही है तो संभल वासी रोडवेज बस अड्डा निर्माण का मुद्दा जोरशोर से उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि सांसद ऐसा होना चाहिए जो रोडवेज बस अड्डा निर्माण में आ रहीं बाधाओं को दूर करेगा। रोडवेज बस अड्डा बनेगा तो लोगों को सहूलियत मिलेगी।

जनपद संभल का गठन सितंबर 2011 को हुआ था, तब उम्मीद जागी थी कि यहां सुविधाएं भी बढ़ेगी लेकिन आज भी रोडवेज बस अड्डा किराये के भवन में संचालित हो रहा है। यहां यात्रियों की सुविधाएं नहीं हैं तो जरा सी बारिश होने पर परिसर में जलभराव हो जाता है। इतना ही नहीं, मुरादाबाद के अलावा दिल्ली और अन्य शहरों के लिए बसों की समुचित व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में रात 10 बजे के बाद मुरादाबाद के लिए भी बस नहीं मिलती है। ऐसे हालात में लोगों को दूसरे शहरों तक जाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसा नहीं है कि पूर्व में चुने गए जनप्रतिनिधियों को इस समस्या की जानकारी न रही हो लेकिन मजबूत पैरवी के अभाव में रोडवेज बस अड्डा का निर्माण नहीं हो सका। हालांकि काफी प्रयास के बाद प्रशासन ने रोडवेज बस अड्डा निर्माण के लिए मुरादाबाद मार्ग पर वाजिदपुरम के पास तश्तपुर में साढ़े तीन हजार वर्ग मीटर भूमि चिन्हित की तो अनुपूरक बजट में कार्यालय भवन को मंजूरी भी मिली लेकिन अभी तक बस अड्डा निर्माण के लिए एक ईंट भी नहीं रखी जा सकी। अब लोकसभा चुनाव में संभल के लोग इस मुद्दे को लेकर आवाज उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि रोडवेज बस अड्डा का निर्माण प्राथमिकता के तौर पर होना चाहिए। ऐसा सांसद चुना जाएगा जो इस मांग को पूरा करते हुए संभल के लोगों को सहूलियत देने का काम करेगा।





संभल का बदहाल रोडवेज बस अड्डा। ● अमृत विचार



किराये के भवन में संचालित रोडवेज बस अड्डे पर सुविधाएं नहीं हैं। लोगों को दिक्कतें होती हैं। इस बार ऐसे सांसद को चुनेंगे जिससे रोडवेज बस अड्डा निर्माण कराने की उम्मीद होगी। -कमलकांत सक्सेना



संभल के लोगों की सहूलियत के लिए रोडवेज बस अड्डे का निर्माण होना बेहद जरूरी है। यह मांग वर्षों से उठ रही है लेकिन पूरी नहीं हो सकी। इस बार चुनाव में यह अहम मुद्दा है। -अभिनीत कुमार माथुर



कई वर्षों से रोडवेज बस अड्डा किराये के भवन में चल रहा है जो यहां के विकास की हकीकत बयां करता है। सांसद ऐसा चुनेंगे तो रोडवेज बस अड्डे का निर्माण कराने में सक्षम होगा। -सैयद मंजूर हुसैन



रोडवेज बस अड्डा का निर्माण नहीं होने से बड़ी समस्या होती है। जिससे आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान होना बेहद जरूरी है। -अंकुश गांधी

## वाहन की टक्कर से थाने के पास मजदूर की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाइवे पर थाने के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से 35 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की तहरीर थाने में दिए जाने की तैयारी चल रही थी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा निवासी नन्हें 35 वर्ष पुत्र सुम्मेरी लाल मेहनत मजदूरी करके अपने पालन-पोषण करता है। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है और शादी भी नहीं हुई है। गुरुवार की शाम मजदूर शहर से मजदूरी करके वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह थाने के पास निजी वाहन से उतरा और सड़क पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।

### राजर्षि मुक्त विवि ने बीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि 15 तक बढ़ाई

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बीएड और बीएड विशिष्ट शिक्षा प्रवेश परीक्षा के आवेदन की तिथि बढ़ाकर 15 मई कर दी है। प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. पीके स्टालिन ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान 15 मई तक होगा।

### सूचना

पति मुनीश कुमार के डिस्चार्ज बुक में मेरी जन्म तिथि 18.12.1988 दर्ज हो गई है जो कि गलत है। आधार कार्ड और हाईस्कूल के अंकपत्र में मेरी जन्म तिथि 09.06.1988 है, जो सही है। शिवानी वर्मा पत्नी मुनीश कुमार, निवासी दवथरा हरलाल तहसील गुन्नौर जिला सम्भल।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से काटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु-वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।


## संपादकीय

# कर्नाटक की गूंज

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर भाजपा और जेडीएस संकट में हैं। आशंका है कि इस मामले की गूंज चुनाव के शेष चरणों में पूरे देश में सुनाई देगी। प्रज्वल और उनके पिता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के विरुद्ध पुलिस ने उनकी एक घरेलू सहायिका की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रज्वल जेडीएस प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं। जेडीएस ने हासन से सांसद रेवन्ना को पहले ही पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस राज्य में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। यौन शोषण के इन आरोपों से निपटने में भाजपा असहज महसूस कर रही है और उसने इस मामले से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि वे सहयोगी दल के उम्मीदवार के चयन को लेकर असहज थे, क्योंकि पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन चिंता है कि यह प्रकरण कर्नाटक में पार्टी की संभावनाओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते हैं, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे बचाने का प्रयास करने लगते हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि रेवन्ना की विदेश भागने में किसने मदद की? विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में हमसे कोई राजनीतिक मंजूरी न तो मांगी गई और न ही यह जारी की गई। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है। सवाल है कि क्या मंत्रालय उनका पासपोर्ट रद करने पर विचार कर सकता है। परंतु सवाल का सीधा जवाब मंत्रालय की ओर से नहीं मिला है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती हैं और रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महंगी पड़ सकती है ग्लेशियर के प्रति लापरवाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं।

बीते दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेटेलाइट इमेज जारी कर बताया कि किस तरह हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसके चलते कई ग्लेशियर झीलों का आकार दोगुने से बढ़ा है। इस रिपोर्ट को पढ़ते ही याद आया कि इस तरह 6 फरवरी 2021 की सुबह ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट कर तेजी से नीचे फिसलकर ऋषि गंगा नदी में गिर था।

विशाल हिमखंड के गिरने से नदी के जल-स्तर में अचानक उछाल आया और रैणी गांव के पास चल रहे छोटे से बिजली संयंत्र में देखते ही देखते तबाही थी। उसका असर वहीं पांच किलोमीटर दायरे में बहने वाली धौली गंगा पर पड़ा व वहां निर्माणाधीन एनटीपीसी का पूरा प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। रास्ते के कई पुल टूट गए और कई गांवों का संपर्क समाप्त हो गया। उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें अभी अपने जल-प्राण कहलाने वाले ग्लेशियरों के बारे में सतत अध्ययन और नियमित आकलन की बेहद जरूरत है। हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों पर बर्फ के वे विशाल पिंड जो कि कम से कम तीन फुट मोटे व दो किलोमीटर तक लंबे हों, हिमनद, हिमानी या ग्लेशियर कहलाते हैं। ये अपने ही भार के कारण नीचे की ओर सरकते रहते हैं। जिस तरह नदी में पानी ढलान की ओर बहता है, वैसे ही हिमनद भी नीचे की ओर खिसकते हैं। इनकी गति बेहद धीमी होती है, चौबीस घंटे में बमुश्किल चार या पांच इंच। धरती पर जहां बर्फ पिघलने की तुलना में हिम-प्रपात ज्यादा होता है, वहीं ग्लेशियर निर्मित होते हैं। सनद रहे कि हिमालय क्षेत्र में कोई 18065 ग्लेशियर हैं और इनमें से कोई भी तीन किलोमीटर से कम का नहीं है।

हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर के बारे में यह भी गौर करने वाली बात है कि यहां साल में तीन सौ दिन, हर दिन कम से कम आठ घंटे तेज धूप रहती है। जाहिर है कि थोड़ी-बहुत गर्मी में यह हिमनद पिघलने से रहे। इसरो की ताजा रिपोर्ट देश के लिए बेहद भयावह है, क्योंकि हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाली

> चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है, उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी।

गंगा- यमुना जैसी नदियां तो यहां से निकलती ही हैं, धरती के तापमान को नियंत्रित रखने और मानसून को पानीदार बनाने में भी इन हिमखंडों की भूमिका होती है। इसरो द्वारा जारी सेटेलाइट इमेज में हिमाचल प्रदेश में 4068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गेपांग घाट ग्लेशियल झील में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर का 178 प्रतिशत विस्तार दिखाया है। यानी हर साल झील के आकार में लगभग 1.96 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसरो ने कहा कि हिमालय की 2431 झीलों में से 676 ग्लेशियल झीलों का 1984 से 2016-17 के बीच 10 हेक्टेयर से ज्यादा विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 झीलें दोगुना से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दोगुना और 65 झीलें डेढ़ गुना बड़ी हो गई हैं।

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी। इससे आई बाढ़ के कारण 40 लोगों की मौत हुई थी और 76 लोग लापता हो गए थे। हिमाचल भी कुछ साल पहले पराच्छू झील के फटने से ऐसे ही त्रासदी का सामना कर चुका है। हिमालय को इतने विशाल ग्लेशियरों और हिमाच्छादित उत्तुंग शिखाओं के कारण तीसरे ध्रुव के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। कोई 200 साल के दौरान जैसे-जैसे दुनिया में कल-कारखाने लगे ग्लेशियर के पिघलने की नैसर्गिक गति प्रभावित भी हुई। जब ग्लेशियर अधिक तेजी से पिघलते हैं तो ऊंचे पहाड़ों की घाटियों में कई नई झीलें बन जाती हैं, साथ ही पहले से मौजूद झीलों का भी विस्तार होता है। ऐसी झीलों को हिमनद झील कहते हैं। ये झील नदियों के जल स्रोत होते हैं, लेकिन इनका फट जाना अर्थात् ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) एक बड़ी प्राकृतिक आपदा भी होती है। जब बर्फ से बने बांध अर्थात् मोराइन के कमजोर होने पर अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। हिमालय भारतीय उपमहाद्वीप के जल का मुख्य आधार है और यदि नीति आयोग के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संख्या 2018 में तैयार जल संरक्षण पर रिपोर्ट पर भरोसा करें तो हिमालय से निकलने वाली 60 फीसदी जल धाराओं में दिनों-दिन पानी की मात्रा कम हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं। यह सारी दुनिया की चिंता है कि यदि हिमालय के ग्लेशियर ऐसे ही पिघले तो नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप जहां एक तरफ कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे, वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी। जाहिर है कि ऐसे हालात में मानव जीवन पर भी संकट होगा। हिमालय पर्वत के उत्तराखंड वाले हिस्से में छोटे-बड़े कोई 1439 ग्लेशियर हैं। राज्य के कुल क्षेत्रफल का बीस फीसदी इन बर्फ-शिलाओं से आच्छादित है। इन ग्लेशियर से निकलने वाला जल पूरे देश की खेती, पेय, उद्योग, बिजली, पर्यटन आदि के लिए जीवनदायी व एकमात्र स्रोत है। जाहिर है कि ग्लेशियर के साथ हुई कोई भी छेड़छाड़ पूरे देश के पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और सामरिक संकट का कारक बन सकता है।

कोई एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने दावा किया कि धरती के बढ़ते तापमान के चलते संभव है कि सन् 2035 तक हिमालय के ग्लेशियरों का नामोनिशान मिट जाए। उदाहरण के तौर पर कश्मीर के कौलहाई हिमनद के आंकड़े देकर बताया गया कि वह एक साल में 20 मीटर सिकुड़ गया, जबकि एक अन्य छोटा ग्लेशियर लुप्त हो गया। गंभीरता से विचार करें तो पाएंगे कि हिमालय पर्वतमाला के उन इलाकों में ही ग्लेशियर ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां मानव दखल ज्यादा हुआ है। सनद रहे कि 1953 के बाद अभी तक एवरेस्ट की चोटी पर 3000 से अधिक पर्वतारोही झंडे गाड़ चुके हैं। अन्य उच्च पर्वतमालाओं पर पहुंचने वालों की संख्या भी हजारों में है। ये पर्वतारोही अपने पीछे कचरे का अकूत भंडार छोड़कर आते हैं। इंसान की बेजा चहलकदमी से ही ग्लेशियर सहम-सिमट रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह ग्लोबल नहीं लोकल वार्मिंग का नतीजा है। जब तब ग्लेशियर के ऊपरी व निचले हिस्सों के तापमान में अत्यिक फर्क होगा, उसके बड़े हिस्से में टूटने, फिसलने की संभावना होती है। कई बार चलायमान दो बड़े हिमपिंड आपस में टकरा कर भी टूट जाते हैं।

हालांकि यह बात स्वीकार करना होगा कि ग्लेशियर के करीब बन रही जल विद्युत परियोजना के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिमपर्वत नाखुश हैं। हिमालय भू विज्ञान संस्थान का एक अध्ययन बताता है कि गंगा नदी का मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमखंड भी औसतन 10 मीटर के बनिस्पत 22 मीटर सालाना की गति से पीछे खिसका है। सूखती जलधाराओं के मूल में ग्लेशियर क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप में हो रही तोड़फोड़ है।

## प्रसंगवश

# अर्थशास्त्रियों की नई पीढ़ी



अशोक पांडे
हल्द्वानी

शहरों-कस्बों में युवा अर्थशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने गदर मचाया हुआ है। रील, मीम, वीडियो, ब्लाक की खुराक पर जिंदा रहने वाला इस हेलो गाइज पीढ़ी का हर सदस्य केवल एक ख्वाब देखता है-द ग्रेट इंडियन ड्रीम जितना जल्दी मुमकिन हो, किसी भी तरह ढेर सारा पैसा कमा लेना। मैं एक बीस साल के सफल यूट्यूबर का इंटरव्यू देख रहा था, जो 28-30 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि उसके बाद वह क्या करेगा वह कहता है, 'चिल करूंगा और क्या?' ग्यारह-बारह से लेकर अठारह-बीस साल तक के इन बच्चों का शगल है स्टॉक और शेयर मार्केट की बातें करना और सुनना।

यह लत उन तक उन महात्मा अर्थशास्त्रियों के वीडियो देखकर पहुंची है, जो दस दिन में हजार रुपये का एक लाख करना सिखाते हैं। इन सुपर स्टार महात्माओं के चेले मां-बाप से मांगे गए फीस के पैसे तक शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। एक जगह बहुत से छोकरे एक लोकप्रिय पहाड़ी गीत का वीडियो देख रहे थे। दोस्त टीनएजर्स को मुफ्त करियर काउंसलिंग बांटने के कुटैव से ग्रस्त है। उससे रहा नहीं गया। पास जाकर पूछने लगा, 'आप लोग कौन सी क्लास में पढ़ते हो बेटे?'

एकाध बच्चों के मोबाइल से आंख उठाकर अस्पष्ट आवाज में उत्तर दिया और फिर से वीडियो देखने लगे। सोलह-सत्रह साल का जो लड़का अपने मोबाइल में वीडियो दिखा रहा था, वह बाकी से थोड़ा अलग नज़र आता था, सीधे मित्र से मुखातिब हुआ। 'मैं अपना काम करता हूं।' दोस्त बहुत प्रसन्न हुआ। पहाड़ों के बच्चे इतनी छोटी आयु में अपना काम करने लगें तो चमत्कार हो जाए। 'क्या काम करते हो?' 'इन्वेस्टमेंट का काम है।' दोस्त चौंका। यह गजब का सरप्राइज था। ऐसी उम्र में ऐसा आत्मविश्वास! 'कहां करते हो इन्वेस्टमेंट?' दोस्त बच्चे को शेयर मार्केटिंग के कामयाब नुस्खे बताने की मानसिक तैयारी करने लगा था। लड़के ने बेजारी से मेरे दोस्त की तरफ हिकारत से देखा और नया वीडियो खोजने में व्यस्त होते हुए बोला, 'ड्रीम इलेवन में!'

# अतीत का सर्वकालिक फलसफा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है?

कम से कम दो हजार वर्षों से पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरें भारत पर ही टिकाए रही है। भारत में सभी प्रमुख धर्म हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, लाओत्से, कन्फ्युशियस और न जाने और कितने मजहबी विश्वास पनाह पाते रहे। मनुष्य को आत्मा के साथ जीने का शऊर सीखते रहे हैं। अलबत्ता हिन्दुस्तान युद्ध, मिलिटरी, हिंसा और साम्राज्यवादी फैलाव के वहशी इरादों से बेरुख रहा। इस कमजोरी के कारण उस पर दुनिया की सभी सभ्यताओं और देशों ने लगातार हमलावर होकर हुकूमत भी की।

मुगल, पठान, तुर्क, हूण, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रांसीसी (और अब अमेरिकी) हिन्दुस्तान की छाती पर एक के बाद एक मूंग दलते रहे। शायद मुगल वंश पहला और अकेला हो जो हमलावर होकर आया, लेकिन न तो वापस चला गया न तिजारतजदां रहा और न उसने खुद को पर्यटक विदेशी समझा। उसने भारत के समाज, संस्कृति, सोच, दर्शन, इतिहास और अहसास को अपने अस्तित्व में उसके बरक्स जज्ब कर लिया। इसमें विवाद नहीं कि औसत दुनिया की हिंदू अपनी सोच, समझ और व्यवहार में धार्मिक आचरण का होता है। नेहरू और आंबेडकर दो सबसे बड़े संविधान नियंता हैं। उन्होंने पश्चिमी नस्ल के 'सेक्युलरिज्म' को संविधानोत्तर भारत के समाज का शऊर बनाने समीकरण रचे। शऊर तो दिमाग से उपजता है।

इसी तरह विवेकानंद ने यह बात कही थी कि निजी जीवन में धार्मिक रहो और सामाजिक जीवन में सेक्युलर हो अर्थात् आस्तिक सेक्युलर बनो। ऐसी सामाजिक और ऐतिहासिक कथाएं मसलन राम के चरित्र से उनके अवतारवादी ईश्वरीय अंश को अलग कर उनमें लोकतंत्रीय सुगंध और अनुगूंज ढूंढती है। धरती पुत्र राम को इस बात का श्रेय हासिल है कि हर हिंदू की आखिरी यात्रा में 'राम नाम सत्य है' का ही समवेत समर्थन गूंजता रहता है। इसी तरह हनुमान का चरित्र नपुंसकता, कमजोरी, पराजय और भय के बदले वीरता या साहस भरने का प्रतीक या प्रवक्ता है। हालिया 'जय श्रीराम' का नारा कमजोर के खिलाफ बलवान की, दलितों के खिलाफ सवर्ण की, गरीबों के खिलाफ श्रीमंतों की हिंसा का हथियार बनाया जा रहा है और फिर अन्य धर्मों के खिलाफ भी उसे लाउडस्पीकर की धमनियों में भरा जा रहा है।

भारत में पहली बार जनता के प्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर 300 हस्ताक्षरों में भविष्य के लिए संविधान लिखा। संविधान समझाता है तो उसका मजाक उड़ाते हैं। उसकी हेठी तक करने लगते हैं। महान हिंदू कौम ने दुनिया को इंसानियत, रूहानियत, सद्भाव और सहिष्णुता के मानक पाठ सबसे पहले और सबसे ज्यादा पढ़ाए हैं। कुछ लोग हिंदू होने का नकाब अपने चेहरे पर चस्पा कर महान जनवादी राम को अपने वोट बैंक का प्रचारक बनाते हैं। हनुमान की सेवा भावना और वीरता को कमजोर को डराने शगल करते हैं। यह भी सिक्के के दूसरे पहलू का सच है कि जो 15 प्रतिशत हैं। उन अल्पसंख्यकों में भी अपराधी नस्ल के कूढ़मगज हैं, कठमुल्ला तत्व हैं। वे स्त्रियों को बंदी बनाकर रखने को मर्दानगी कहते हैं। तीन तलाक को खुदा की इबादत समझाते हैं। मदरसों तक में बच्चों में जहर और जिहाद भरते हैं। इंसानी जिंदगी जीने देने में भी उन्हें कोफ्त होती रहती है। उन्हें इस बात की फिक्र होनी चाहिए कि पंद्रह सोलह प्रतिशत की आबादी वालों के कितने संसद और विधानसभाओं में हैं? कितने आईएएस और आईपीएस जैसी नौकरियों में हैं? कितने उद्योगपति हैं? राष्ट्रीय जीवन में कला, संगीत, फिल्म, दस्तकारी, खानपान वगैरह में नायाब प्रतिभागिता के बावजूद सामासिक संस्कृति के बनाने में उनसे भी कुछ हुल्लड़बाजों के कारण चूक क्यों हो रही है?

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है? भारत जैसा पतन इतिहास में किस देश का हुआ है? महंगाई के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर निठल्ले घूमते व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में पढ़ते अश्लील, कुंठित, अपराधी हरकतें कर रहे हैं। गरीब घरों के अधपढ़े या डिक्रीधारी नौजवान बच्चों का खून उन्हें बेरोजगार बनाकर चूस रहे हैं। नेताओं के बच्चे तो आक्सफोर्ड, हारवर्ड या कम से कम आईआईटी, आईआईएम वगैरह में दाखिल हैं। भारतीय निम्न मध्य वर्ग के युवाजन बददिमागी की हालत में मनुष्य से पशु बनाए जाने का खतरनाक अमानवीकृत अभियान चलाया जा रहा है। सरगना कॉरपोरेटियों की चेहरे की चाशनी बढ़ रही है, लेकिन शरीर का नमक घट रहा है।

## सोशल फोरम

# सही या गलत



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

संभवतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि तर्क स्वभावत क्षत्रिय है। आशय स्पष्ट है कि तर्क में किसी पक्ष की विजय हुई भी तो क्षति होनी ही है। आज विश्व में दो स्थानों पर विश्वयुद्ध की अनुगूंज साफ सुनाई दे रही है। हम तो केवल ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं कि जल्दी शांति स्थापित हो। सही या गलत के बीच में लाइन खींचना कभी कभार कठिन हो जाता है।

यदि कहें कि यूक्रेन का पक्ष सही है तो आधे विश्व के नजर में उसका नाटो में शामिल होने की कोशिश गलत है। यदि सिपाही की गोली दुश्मन या आतंकवादी को मार देती है तो सही है, लेकिन यही गोली किसी नागरिक को लग गई तो गलत है। अपकृत्य विधि की नींव ही सही और गलत के कन्सैप्ट पर है। अब इसे छोटे स्तर पर कहता हूं तो यह उदाहरण आसानी से समझ आएगा। मान लीजिए की पत्नी श है और एक स्मार्ट पड़ोसी ल है। श कतिपय मानसिक और शारीरिक कारणों से क से खुश नहीं रह पाती है और ल इस स्थिति का लाभ उठाकर श के साथ सहानुभूति/ शारीरिक संबंध प्राप्त करता है। यह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन श और ल की दृष्टि में सही है। आप इसे निरपेक्ष भाव से लेंगे तो सही गलत के तर्क में पड़ेंगे ही नहीं और यदि तर्क में पड़ेंगे तो फिर वही होना है, जो शुरू में कहा है।

हथियार डाल देना एक कहावत है। इसे दूसरे शब्दों में सरेंडर कर देना भी कह सकते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध में जापान और जर्मनी के ध्रुवीकरण ने हथियार डाल दिए थे। 1971 में पाकिस्तानी फौज ने बांग्लादेश में हथियार डाल दिए थे। निकट भविष्य में यूक्रेन भी हथियार डाल ही देगा। यह तो बड़े-बड़े युद्ध की कहानी है। पुरुष भी हथियार डाल ही देता है, लेकिन नारी को ईश्वर ने अमोघ अस्त्र यानी कि उसकी दो गज लंबी जुबान दे रखी है जिसे न तो चलाने में ताकत लगती है और न ही यह खंजर कभी पुराना होता है। आजकल कभी कभार न्यूज चैनल देखता हूं तो समझ में आता है कि रणभूमि में नारी शक्ति को परास्त कर पाना सूरमाओं को भी छक्के छुड़ा देता है।

-फेसबुक वॉल से

# वेदों में श्रम का सम्मान



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

वेदों में श्रम की गरिमा प्रमुख अंतर्निहित अवधारणा है। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में श्रम का सम्मान था और श्रम के महत्व के रूप में व्यक्ति की प्रतिष्ठा थी, जो आर्थिक विषमताओं को नियंत्रित करने में सक्षम था। वैदिक ऋषियों के आर्थिक और श्रम संबंधी दृष्टि को ही समाजवाद के तत्संबंधी चिंतन का उद्गम स्रोत माना जा सकता है। भारतीय आदर्श "ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यं" जगत के अनुसार तो मनुष्य अपने को केवल धन का संरक्षक समझें और अपनी आर्थिक समृद्धि को समाज के साथ साझा, बांटकर, दानवृत्ति से जीना चाहिए।

भारतवर्ष की प्राचीन सनातन परंपरा का आदर्श तो विश्व में समाजवाद का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित करता है। व्यक्ति की उन्नति और समृद्धि को उसकी आर्थिक संपन्नता, दिखावटी भोगवादी जीवनशैली से नहीं मापा जाता। एक स्वस्थ मानसिकता, स्वस्थ शरीर, सादा जीवन, सबसे बांटकर जीना भारतीय आदर्श माना जाता था। यही कारण है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से अपने धन को परमेश्वर की कृपा समझने की परंपरा रही है। वेदों ने इसी भाव को समाज में विकसित करने पर जोर दिया है। वेद के कई सूक्तों में इस प्रकार के निर्देश पाए जाते हैं। ऋग्वेद के प्रथम अध्याय का पांचवां सूक्त इस पर ही केंद्रित है। यही सूक्त थोड़े परिवर्तन के साथ अथर्ववेद में भी आया है। वेदों में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कौशल को बढ़ाए। ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए समाज का विभिन्न प्रकार के कार्यों के ज्ञान का सामर्थ्य बढ़ाया जाए और प्राकृतिक प्रतिभाओं का विकास हो। इस पर ऋग्वेद के नौवें अध्याय के 112वें सूक्त में काफी विवेचन मिलता है। वहां यह भी बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रवृत्ति और रूचि भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए उन्हें उनकी रूचि और प्रवृत्ति के अनुसार ही काम मिलना और करना चाहिए। आकाश से लेकर पृथ्वी तक के सब असंख्य पदार्थों के साधक अत्यंत उत्तम वरण करने योग्य सद्गुणों को रचने में समर्थ, परंतु दुष्ट स्वभाव वाले जीवों के कर्मों के भोग के निमित्त और जीवमात्र को सुख-दुःख देने वाले पदार्थों के भौतिक गुणों का उपदेश करो, जो सब प्रकार की विद्या से प्राप्त होने योग्य पदार्थों के निमित्त कार्य हैं, उनको उक्त विद्याओं से सबके उपकार के लिए यथायोग्य युक्त करो। सब पदार्थ विद्याओं के ज्ञान के उपयोग से निश्चय ही सुख प्रदान करने के लिए उत्तम समृद्धि के धन अन्न और आवागमन के साधन प्राप्त होते हैं। भौतिक पदार्थों और उनकी प्रक्रियाओं के संभावित दुष्परिणामों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के साधनों का प्रचार करो। अनुसंधान के ज्ञान से उत्पन्न होकर सुख-समृद्धि के साधनों की नदियां बह चलती हैं। संसार के पदार्थों के सुख को ग्रहण करने ले लिए विद्या आदि उत्तम ज्ञान से प्रेरित होकर श्रेष्ठ अत्युत्तम कर्म करने वाले पूज्यजनों का अनुसरण करो। जीवन को सुखदायी बनाने के लिए उत्तम व्याख्यान से ज्ञान तथा प्रशिक्षण से अतितीक्ष्ण बुद्धि और कर्मठ प्रवृत्ति जागृत होती। उन्नति के लिए उत्तम ज्ञान और उपदेश की शिक्षा द्वारा तुम सैंकड़ों काम करने का यश प्राप्त करो। ज्ञान-विज्ञान से समृद्धि आती है, परंतु यदि वह समृद्धि सुखदायक न हो तो, व्यर्थ ही है। इसलिए वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

आज शासन सीएसआर के द्वारा देश के व्यवसायी वर्ग को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य कर रहा है। वेद इसे बाध्यता नहीं, प्रेरणा द्वारा करवाने की बात कहते हैं। वे यह भी बताते हैं कि यदि हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं तो समाज में न केवल अनाचार और हिंसा फैलती है, बल्कि उसके कारण हमारा जीवन भी अशांत हो जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में न केवल विभिन्न प्रकार के कौशल और प्रौद्योगिकी का वर्णन है, बल्कि श्रम की गरिमा का भी महिमामंडन किया गया है।

# हरित क्रांति के जनक नॉर्मन बोरलॉग



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

नॉर्मन बोरलॉग ने मानव इतिहास पर सबसे बड़ा प्रभाव डाला है? वह एक वैज्ञानिक, शोधकर्ता थे, जिन्होंने दुनियाभर में फसल की पैदावार को बेहतर बनाने पर काम किया। 1940 के दशक में कई 'तीसरी दुनिया' के देशों में किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त गेहूं नहीं उगा पाते थे। सूखा, बीमारी और अन्य कारक उन्हें खुद को खिलाने के लिए पर्याप्त गेहूं की फसल उगाने से रोकते थे। उस समय मेक्सिको अपनी आधी आबादी को खिलाने के लिए ही पर्याप्त गेहूं उगा पाता था। इस समस्या को हल करने की कोशिश करने के लिए बोरलॉग ने उस समय मेक्सिको में रॉकफेलर फाउंडेशन के लिए काम किया। उन्होंने गेहूं की कई किस्मों को क्रॉस-ब्रीड किया जो सूखा-प्रतिरोधी, रोग-प्रतिरोधी थीं और जिससे पैदावार (प्रत्येक एकड़ से आपको मिलने वाले गेहूं की मात्रा) में वृद्धि होती जिसमें बड़े भारी गेहूं के दाने होते थे और फिर भी हवा और बारिश में खुद को सीधा रखने के लिए पर्याप्त मजबूत होते थे।

12 साल के भीतर बोरलॉग ने यह कर दिखाया और मेक्सिको गेहूं में आत्मनिर्भर हो गया। वे अपनी पूरी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फसल उगा सकते थे। इसके बाद बोरलॉग ने अपना ध्यान दक्षिण एशिया-भारत और पाकिस्तान की ओर लगाया, जहां अकाल अभी भी हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा था। बोरलॉग वहां गेहूं की पैदावार को चार गुना बढ़ाने और भुखमरी के खतरे को खत्म करने में सक्षम थे जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। बोरलॉग को "हरित क्रांति" शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, जो अब पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उन्होंने अपनी तकनीक को मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भी अपनाया जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। गेहूं के साथ उनकी उपलब्धियों को चावल के साथ भी दोहराया गया जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया के लोगों को भोजन मिला।

उनकी उपलब्धियों के लिए नॉर्मन बोरलॉग को 1970 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन वे यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना ध्यान अफ्रीका और मकई की ओर लगाया और वहां भी अनगिनत लाखों लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया। वे अपने पूरे जीवन में भुखमरी और कुपोषण को मिटाने के अपने मिशन पर काम करते रहे। 1980 और 90 के दशक में चीनियों के साथ मिलकर उनके गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए काम किया।


तीसरे चरण की बात

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदायूं में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदांयू में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



**उमड़ा जनसैलाब** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

# गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।



कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

| | |
|---|---|
| भाजपा | 25 |
| कांग्रेस | 23 |
| आप | 2 |
| बसपा | 23 |

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



**मांगे वोट** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

# दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।

2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



**जीत के लिए हुंकार** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

# कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।

उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

# रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।

अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

# बरेली में कमल खिलेगा या साइकिल भरेगी रफ्तार

## बीते दो चुनावों में भाजपा का वोट 2%, सपा का 10% बढ़ा

### कांटे की लड़ाई में भाजपा को अपना पुराना गढ़ बचाने और सपा के सामने किला फतह करने की चुनौती

### भाजपा-सपा के बीच सीधे मुकाबले से दिलचस्प हुई लड़ाई, पार्टियों को बेचैन कर रही वोटर की खामोशी

**अनुपम सिंह, बरेली**

**अमृत विचार :** झुमके-सुरमे के बाद अब नाथ नगरी के रूप में पहचान बना रही बरेली की सियासत इस बार क्या गुल खिलाएगी, यह पक्के तौर पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। मतदान की बेला करीब आने के साथ ही लोकसभा सीट पर तेजी से बन और बिगड़ रहे सियासी समीकरण इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार का चुनावी रण किसी भी तरफ करवट ले सकता है। सवाल एक ही है कि बरेली में फिर से कमल खिलेगा या इस बार साइकिल रफ्तार भरेगी। मतदाताओं की खामोशी ने राजनीतिक दलों की बेचैनी बढ़ा रखी है।

### आठ बार संसद पहुंचे संतोष गंगवार

- बरेली संसदीय सीट भाजपा का मजबूत किला है। 1989 में पहली बार यहां से एक लाख 95 हजार वोट पाकर सांसद बनने वाले संतोष गंगवार के नाम आठ बार संसद पहुंचने का रिकॉर्ड है। 2004 तक वह लगातार छह बार सांसद बने, लेकिन 2009 के चुनाव में कांग्रेस से मैदान में उतरे प्रवीन सिंह ऐरन से शिकस्त मिली। लेकिन पांच साल बाद हालात फिर से बदले। 2014 के चुनाव में मोदी लहर में संतोष गंगवार ने फिर से बरेली में कमल खिला दिया। 2019 के चुनाव में संतोष गंगवार पांच लाख 65 हजार 270 वोट पाकर सांसद चुने गए।




### भाजपा ने इस बार छत्रपाल गंगवार को उतारा

2024 के चुनावी समर में संतोष गंगवार ने नौवीं बार सांसद बनने का ख्वाब संजोया था। टिकट पाने के लिए पूरी जोर आजमाइश भी की। आखिर तक कहते भी रहे कि चुनाव लड़ेंगे, मगर टिकट कटने से ख्वाब अधूरा रह गया। इसके साथ ही भाजपा के लिए मुश्किल भी बढ़ गई क्योंकि पार्टी ने इस बार पूर्व विधायक रहे छत्रपाल गंगवार पर दांव लगाया है।



### गठबंधन ने प्रवीन सिंह ऐरन पर लगाया दांव

सपा-कांग्रेस से गठबंधन से पूर्व सांसद प्रवीन सिंह ऐरन चुनावी रण में हैं। पर्चा खारिज होने के बाद से बसपा प्रत्याशी छोटेलाल गंगवार चुनावी मैदान से बाहर हो गए हैं। वैसे तो बरेली संसदीय सीट पर 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है, मगर मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच ही है। बाकी छोटे दल और निर्दलीय उम्मीदवार वोट कटवा के रूप में काम करेंगे, लेकिन इससे भाजपा-सपा प्रत्याशियों को बहुत नुकसान होने की संभावना कम है।




### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बरेली शहर | 461394 |
| बरेली कैंट | 380757 |
| मीरगंज | 347696 |
| भोजीपुरा | 388864 |
| नवाबगंज | 343566 |

### निर्णायक भूमिका में मुस्लिम-कुर्मी वोटर

- बरेली संसदीय सीट पर 19 लाख 29 हजार से ज्यादा मतदाता हैं। लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं मीरगंज, भोजीपुरा, नवाबगंज, बरेली शहर और कैंट बरेली आती हैं। जातिगत आंकड़ों के लिहाज से मुस्लिम और कुर्मी मतदाता निर्णायक साबित होते हैं। करीब पौने छह लाख मुस्लिम और यादव वोटर सपा का कैडर वोट माना जाता है।

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,65,270 | 52.91 |
| सपा | भगवत शरण गंगवार | 3,97,988 | 37.25 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 74,206 | 6.95 |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | संतोष गंगवार | 5,18,258 | 50.91 |
| सपा | आयशा इस्लाम | 2,77,573 | 27.27 |
| बसपा | उमेश गौतम | 1,06,049 | 10.42 |
| कांग्रेस | प्रवीण सिंह एरन | 84,213 | 8.27 |

### नाराजगी दूर करने का हर प्रयास, रह न जाए फांस



- अपना पुराना गढ़ बचाने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत लगा रखी है। ऐसा इसलिए क्योंकि आठ बार के सांसद संतोष गंगवार का टिकट कटने से उनके समर्थकों और बिरादरी के लोगों में नाराजगी है। पार्टी लगातार इस नाराजगी को दूर करने का भरसक प्रयास कर रही है। सार्वजनिक तौर पर सांसद संतोष गंगवार की तारीफ कर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक ने प्रचार के दौरान उनका सियासी कद बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन बड़ा सवाल है कि क्या इससे संतोष समर्थक और बिरादरी का पूरा वोट भाजपा हासिल कर पाएगी। भाजपा को जिताने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा कर चुके हैं। दूसरी तरफ गठबंधन के प्रत्याशी प्रवीन सिंह ऐरन भी लगातार चुनावी हवा बनाने में लगे हैं। फिलहाल स्थिति यह है कि भाजपा अपना गढ़ बचाने के लिए आर-पार की लड़ाई में है, जबकि गठबंधन प्रत्याशी भाजपा के पुराने किले को ध्वस्त करने के लिए मतदाताओं को रिझाने की हर कोशिश में लगे हैं।

### स्थानीय मुद्दे गुम, राष्ट्रवाद, आतंकवाद, महंगाई-बेरोजगारी पर घेराबंदी

- भाजपा प्रदेश में पिछले सात साल और केंद्र सरकार द्वारा 10 साल में कराए गए विकास कार्यों, योजनाओं, आतंकवाद, राष्ट्रवाद, नक्सलवाद, माफियावाद, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था, राम मंदिर के मुद्दे को लेकर मुखर है। जिले में अब तक हुई जनसभाओं में पार्टी के स्टार प्रचारकों ने इन मुद्दों को जोर शोर से उठाकर जनता को साधने की पुरजोर कोशिश की है। उधर, सपा-कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई के मुद्दे को लेकर सरकार की घेराबंदी कर रही है। चुनाव में स्थानीय मुद्दे गुम से हो गए हैं। अब तक किसी भी दल की ओर से बरेली के स्थानीय मुद्दों पर बात नहीं की गई है। इस चुनाव में कोई ऐसा स्थानीय मुद्दा भी तैयार नहीं हो सका है, जिससे यह तय हो सके चुनावी बयार का रुख किधर है। मतदाताओं की खामोशी और भी चुभ रही है। अब जब मतदान की तारीख करीब आ रही है तो चुनाव ध्रुवीकरण की ओर घूमता नजर आ रहा है।

# घोसी में माहौल बनाएगा मुख्तार अंसारी का परिवार



**विनय जायसवाल, मऊ**

गाजीपुर से बसपा के टिकट पर जीते अफजाल अंसारी अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर गाजीपुर से उम्मीदवार हैं। हालांकि गैंगस्टर एक्ट में हुई सजा के मामले में अभी हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। फैसला उनके पक्ष में आता है तो ठीक अन्यथा उनकी बेटी गाजीपुर से चुनाव लड़ेंगी। इसकी घोषणा अफजाल अंसारी कर चुके हैं। छोटे भाई मुख्तार अंसारी की मौत को हत्या बताने वाले अफजाल अंसारी सपा को मुख्तार की कमी नहीं खलने देना चाहते हैं। इसलिए वे गाजीपुर के साथ ही आसपास की सीटों पर भी सपा के पक्ष में माहौल बनाने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्तार की मौत बीमारी से नहीं बल्कि उसकी हत्या हुई यह प्रचारित करने का कार्य घोसी सीट पर भी किया जाएगा और आजमगढ़, लालगंज सीट पर भी। अफजाल के साथ ही उनकी बेटी भी इन सीटों पर पिता के साथ प्रचार करेंगी। मुख्तार अंसारी भले ही जेल में रहा हो उसके फरमान पर यहां के मुस्लिम मतदाता प्रत्याशी तय करते रहे हैं। यह पहला चुनाव है जब मुख्तार की गैर मौजूदगी में कोई चुनाव होने जा रहा है। 17 बार घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव हुआ है। 1989 से 1998 तक कल्पनाथ राय इस सीट पर लगातार जीते। 1999 में बसपा के बालकृष्ण चौहान यहां से सांसद बने थे। हालांकि बसपा ने इस बार भी उन्हें उम्मीदवार बनाया है। सपा ने राजीव राय को मैदान में उतारा है। पिछले चुनाव में सपा का बसपा से गठबंधन था तब बसपा के अतुल राय यहां से जीते थे। भाजपा ने यह सीट अपनी सहयोगी सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी को दी है।

# बेसहारा मवेशियों से किसान परेशान पर चुनाव में नहीं किसी का ध्यान



**चुनाव डेस्क**

**कानपुर ।** बीते लोकसभा और विधान सभा चुनाव में प्रदेश में बेसहारा पशुओं का मुद्दा न सिर्फ चर्चा में आया था बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक को किसानों को आशवस्त करना पड़ा था कि इस समस्या का उनकी सरकार जल्दी ही समाधान निकालेगी। किसान अपनी फसल चट कर जाने के कारण बेसहारा पशुओं के झुंड से लगातार परेशान हैं। लोकसभा चुनाव के दो चरण बीत चुके हैं, लेकिन इस बार यह मुद्दा राजनीतिक दलों के एजेंडे से जैसे गायब है।

प्रदेश सरकार ने हाल ही में अपने पुराने आदेश को फिर से लागू करने का फैसला लिया था जिसके तहत खेतों में बाड़ लगाने के लिए कंटीले तार का इस्तेमाल से परहेज करने को कहा गया है। किसान इस फैसले से भी परेशान हैं। अधिकांश किसान खेतों में बाड़ लगाने के लिए सादे तार, रस्सी या साड़ी आदि का उपयोग कर रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार हमारे नुकसान को क्यों नहीं समझ पा रही है। वर्ष 2019 की पशुधन गणना के अनुसार प्रदेश में 1.90 करोड़ से अधिक मवेशी हैं, जिनमें 62,04,304 दुधारू गायें और 23,36,151 गैर-दुधारू गाय शामिल हैं। बेसहारा पशुओं के खतरे ने किसानों की आर्थिक परेशानियों को भी बढ़ा दिया है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उन गायों का क्या किया जाए जो अब दूध नहीं दे रही हैं। आवारा पशु झुंड बनाकर खेतों में घुस जाते हैं और फसलों को कुछ ही घंटों में चट कर जाते हैं। यही नहीं, कई बार तो ये पशु किसानों के ऊपर हमले भी कर देते हैं। प्रदेश में आवारा पुशओं के हमले में कई लोगों की मौत भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक इन पशुओं को नियंत्रित करने के लिए सरकार की तरफ से कोई समाधान नहीं निकाला गया है। किसान चाहते हैं कि लोकसभा चुनाव में आवारा पशुओं के मुद्दे पर संवाद हो और बात समाधान की तरफ बढ़े। लेकिन बेसहारा पशुओं से दिक्कत की बात इस बार राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं बन पा रही है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मतदाता इसे लेकर इंतजार ही करते रह गए और चुनाव अब आगे बढ़कर चौथे चरण में मध्य उत्तर प्रदेश में पहुंचने वाला है। ऐसे में किसान उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं कि चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार आवारा मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए किस तरह का प्रस्ताव रखते हैं। हालांकि अब तक राजनीतिक दलों द्वारा इस मुद्दे पर चुप्पी साधने के कारण उनके पास करने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

# हमीरपुर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला

**राजेश सिंह, हमीरपुर**

- भाजपा ने ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाकर भाजपा को घेरा
- समाजवादी पार्टी ने लोधी जाति के अंजेंद्र राजपूत को उतारा है

**अमृत विचार।** तापमान बढ़ने के साथ ही हमीरपुर-महोबा लोकसभा सीट पर चुनावी तापमान भी बढ़ रहा है। यहां भाजपा त्रिकोणीय मुकाबले में फंसती नजर आ रही है। बसपा ने यहां से ब्राह्मण चेहरे पर दांव लगाकर भाजपा को घेरने का भरपूर प्रयास किया है। सपा ने भी लोध जाति के अजेंद्र राजपूत को उतार कर इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। भाजपा की कोशिश इस सीट पर हैट्रिक लगाने की है तो सपा और बसपा का प्रयास है कि वह मतदाताओं को अपने पाले में करके जीत हासिल करें। विरोधी दल पिछले चुनावों में भाजपा उम्मीदवार द्वारा विकास के जो वादे किए गए थे और पूरे नहीं हुए हैं उसको लेकर सवाल पूछे जा रहे हैं। सपा और बसपा क उम्मीदवार मतदाताओं को यह बताने में लगे हैं कि भाजपा उम्मीदवार दो बार सांसद रहे लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ नहीं किया जो उल्लेखनीय हो। भाजपा प्रत्याशी मतदाताओं को खुद की और मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धियां गिना रहे हैं।

हमीरपुर संसदीय सीट में पांच विधानसभाएं शामिल हैं। इनमें हमीरपुर और तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता निर्णायक माने जाते हैं। वहीं राठ और चरखारी विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक लोधी मतदाताओं की संख्या है जो किसी भी प्रत्याशी के चुनावी गणित को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। महोबा में भी भाजपा के अलावा बसपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी चुनाव प्रचार में एक दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद कर रहे हैं। संसदीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति की आबादी 22.63 फीसदी है, जो हारजीत में निर्णायक भूमिका अदा करेगी। अबकी बार भाजपा से पुष्पेंद्र सिंह चंदेल तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं वह पार्टी के परंपरागत मतदाताओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के सहारे जीत की हैट्रिक लगाने में जुट गए हैं।



**वोट की अपील** बिहार के मुजफ्फरपुर में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनसभा की और एनडीए को बिहार की सभी सीटें जिताने की अपील की।

# मोदी की गारंटी दिलाएगी जीत या चक्रव्यूह में फंस जाएंगी साध्वी

## केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति हैट्रिक लगाने के लिए कर रही हैं प्रयास, सपा- बसपा उम्मीदवार कुर्मी जाति के हैं, इसे मुफीद मान रहे भाजपाई

**महेश सिंह, फतेहपुर**

**अमृत विचार।** दोआबा की धरती पर इस बार लोकसभा चुनाव में लगातार तीन बार जीतने का इतिहास बनेगा या किसी नए चेहरे को दिल्ली पहुंचने का मौका मिलेगा यह तो मतगणन के बाद पता चलेगा। फिलहाल यहां लड़ाई कांटे की हो गई है। बसपा ने पहले से ही कुर्मी जाति से आने वाले डॉ. मनीष सचान को उम्मीदवार बना रखा था अब सपा ने भी इसी जाति के नरेश उत्तम पटेल को मैदान में उतार दिया है। नरेश उत्तम पटेल समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्हें अखिलेश यादव के पीडीए से जुड़ी जातियों पर भरोसा है तो केंद्र सरकार में मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को भी मोदी की गारंटी पर विश्वास है। सपा और बसपा से कुर्मी जाति के उम्मीदवार मैदान में आने को भाजपाई साध्वी के लिए मुफीद मान रहे हैं। उन्हें लगता है कि वोटों के बंटवारे में यह सीट आसानी से निकल जाएगी। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खुद के कराए हुए विकास कार्यों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को भुनाने में लगी हैं। वह एक स्वर में अपनी उपलब्धियों को गिनातीं हैं और यह भी बताना नहीं भूलतीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अयोध्या में भव्य श्रीराम लला का मंदिर बनवाया और वहां पर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की। संविधान बदलने के विरोधी दलों के दावों पर वह सफाई भी देतीं हैं और कहतीं हैं कि विरोधी दल मतदाताओं को गुमराह कर रहे हैं। साध्वी रात-दिन क्षेत्र का भ्रमण कर रही हैं। सुबह होते ही क्षेत्र में जनसंपर्क के लिए निकल रहीं और देर रात लौट रहीं हैं। इसी तरह बसपा के डॉ. मनीष सचान भी बसपा की सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति का बखान कर वोट मांग रहे हैं। सपा में अब उहापोह की स्थिति खत्म हो गई है।


देर से ही सही सपा ने नरेश उत्तम पटेल को प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं और नेताओं को एकजुट रखने का प्रयास किया है। साथ ही कुर्मी मतदाताओं को भी साधने की कोशिश की है। सपा को उम्मीद है कि सत्ता से नाराज लोग उसे वोट तो करेंगे ही अल्पसंख्यक, दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं के दम पर इस चुनाव को पार्टी जीत लेगी।



डॉ. मनीष सचान।



साध्वी निरंजन ज्योति।



नरेश उत्तम।

### भाजपा में अंतरकलह की कहानी भी है

- भाजपा में अंतरकलह भी साफ दिखती है। दो बड़े नेता ऐसे हैं जो खुलकर कुछ नहीं बोल रहे हैं लेकिन उनकी नाराजगी का असर समर्थकों से बातचीत में सामने दिख जाता है। हालांकि साध्वी निरंजन ज्योति हर किसी को साथ लेकर चलने की कोशिश में लगी हुई हैं। जो नाराज हैं उन्हें भी मनाने का प्रयास चल रहा है। सपा से पूर्व सांसद अशोक कुमार पटेल टिकट के प्रबल दावेदार थे लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। ऐसे में उनके नाराज होने की बात कही जा रही है पर अभी तक ऐसा कुछ सामने नहीं आया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को टिकट मिलने के बाद तो किसी अंतरकलह की बात यहां बेमानी नजर आ रही है। 1998 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से जीत दर्ज की थी। तब अशोक कुमार पटेल जीते थे। इसके बाद 1999 वे लगातार दूसरी बार भी भाजपा से जीते थे।

### तीन चुनावों में दूसरे नंबर पर रही बसपा

- इस संसदीय सीट पर बसपा दो बार जीत चुकी है। पहली बार 1996 में विश्वंभर प्रसाद निषाद और दूसरी बार 2004 में महेंद्र प्रसाद निषाद यहां से सांसद बने थे। 2009, 2014 और और 2019 के चुनाव में तो बसपा दूसरे नंबर पर रही। ऐसे में पार्टी को लगता है कि अगर वह अपने परंपरागत मतदाताओं को एकजुट करने में सफल हुई और दूसरे दलों के वोट में सेंधमारी कर पाई तो उसके उम्मीदवार डॉ. मनीष सचान की जीत पक्की है। सपा ने 2009 में इस सीट को जीता था। तब राकेश सचान ने यहां बसपा के उम्मीदवार को हराया था। भाजपा को इस चुनाव में तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। अब राकेश सचान भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में मंत्री हैं। उनका प्रभाव भी यहां के सजातीय मतदाताओं में है। इसे भी भाजपा अपने लिए मुफीद मानती है।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई अब 7 को, बहस पूरी नहीं हो सकी

विधि संवाददाता, प्रयागराज : मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को भी बहस पूरी नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई आगामी 7 मई को सुबह 11:30 बजे से होगी। सुनवाई के दौरान मुख्य रूप से हिंदू पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तर्क दिया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि एक संरक्षित स्मारक है। राष्ट्रीय महत्व का यह स्मारक अत्यंत प्राचीन है और पुरातत्व स्थल अवशेष अधिनियम, 1958 से संरक्षित है। ऐसी स्थिति में इस मामले में प्लेसेस ऑफ़ वर्शिप एक्ट के प्रावधान लागू नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पूजा हमारा मौलिक अधिकार है। पूजा करने के मौलिक अधिकार को सीमा के कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। इसके अलावा हिंदू पक्ष की ओर से यह भी तर्क दिया गया कि सरकारी दस्तावेजों में शाही ईदगाह के नाम से कोई संपत्ति नहीं है। वक्फ संपत्ति दान में मिली संपत्ति होती है। अत: वक्फ बोर्ड बताए कि उसे किसने विवादित संपत्ति दान में दी है, साथ ही यह भी तर्क दिया गया कि विवादित भूमि लड्डू गोपाल की है और इसे ना कोई बेच सकता है, ना इसे समझौते द्वारा किसी को हस्तांतरित किया जा सकता है। यह पूरी जमीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट के नाम पर दर्ज है। बिजली का बिल और टैक्स ट्रस्ट ही जमा करता है। खसरा और नगर निगम के रिकॉर्ड में भी ट्रस्ट का ही नाम दर्ज है।

### रस अल खैमा के लिए हवाई सेवा शुरू

**लखनऊ, अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रस अल खैमा के लिए आज से उड़ान सेवा शुरू हो गई। उड़ान एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से संचालित की जाएगी। हवाई अड्डे से जुड़ने वाला यह नौंवा देश होगा। लखनऊ हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि यह उड़ान मध्य-पूर्व देशों की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। रस अल खैमा लखनऊ से 9वां अंतरराष्ट्रीय गंतव्य है। साथ ही एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए एक नया मार्ग है। इस उड़ान के शामिल होने से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 19 से बढ़कर 21 हो गई है। गुरुवार को 170 यात्रियों के साथ पहली उड़ान सुबह 8:35 बजे लखनऊ से रवाना हुई और 10:55 बजे रस अल खैमा पहुंची। एयर इंडिया एक्सप्रेस लखनऊ से रस अल खैमा की उड़ान मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। जबकि रस अल खैमा से लखनऊ की उड़ान 13:25 पर प्रस्थान करेगी और 17:15 बजे पर लखनऊ पहुंचेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस यह उड़ान मंगलवार, गुरुवार और रविवार को संचालित करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने मार्च में लखनऊ से मध्य पूर्व के मस्कट और दम्मम के लिए उड़ानें शुरू की थीं।

### अगले सप्ताह घोषित होगा मदरसा बोर्ड परीक्षाफल

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा परिषद का परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित होने की संभावना है। बोर्ड रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल की परीक्षाओं के परीक्षाफल अगले सप्ताह घोषित किये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसी को लेकर कई चरणों में बैठक भी की जा चुकी है।

### संजय निषाद पर हमले के आरोपी को मिली राहत

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंत्री संजय निषाद पर हमले के आरोपी सिपाही अभिषेक यादव को राहत देते हुए उसकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को चार सप्ताह के अन्दर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है और उसके दो सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने के लिए कहा है। मालूम हो कि गत 21 अप्रैल 2024 को मोहम्मदपुर, संतकबीर नगर में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए मंत्री संजय निषाद पर ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव व कई अन्य लोगों ने अचानक हमला कर दिया, जिसमें मंत्री जी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद पुलिस स्टेशन खलीलाबाद, संत कबीर नगर में 22 अप्रैल को आरोपी सहित आठ लोगों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि मामले में उसे राजनीतिक षड़यंत्र के कारण झूठा फंसाया गया है। वह एक ईमानदार पुलिस कांस्टेबल है और उसका घटना से कोई लेना-देना नहीं है। मौजूदा मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ के समक्ष हुई। मामले को अगली सुनवाई के लिए आगामी 29 जुलाई 2024 को सूचीबद्ध किया गया है।

### छठवें चरण में 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**लखनऊ, अमृत विचार :** छठवें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए गुरुवार को 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 55 प्रत्याशी नामांकन हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में एक, प्रतापगढ़ में तीन, फूलपुर में तीन, इलाहाबाद में तीन, अम्बेडकरनगर में तीन, श्रावस्ती में एक, बस्ती में एक, संत कबीरनगर में एक, आजमगढ़ में दो, जौनपुर में दो व मछलीशहर (अजा) में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बस्ती लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी व मछलीशहर (अजा) लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से प्रिया सरोज ने नामांकन किया।

### प्रियंका आज फतेहपुर सीकरी में करेंगी रोड शो

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा तीन मई को आगरा में फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में रोड शो करेंगी और पार्टी प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। प्रियंका गांधी अपरान्ह साढ़े तीन बजे फतेहाबाद पहुंचेंगी और इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार रामनाथ सीकरवार के पक्ष में तकरीबन डेढ़ किलोमीटर का रोड शो करेंगी। इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने आगरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि चार जून को देश में भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने कहा की 10 साल के झूठे, भ्रष्टाचारी और जनता विरोधी भाजपा शासन का अंत करने का मन जनता ने बना लिया है। आम चुनाव के पहले दो चरणों से आए रुझानों ने ये स्पष्ट कर दिया है कि नरेंद्र मोदी की सत्ता से विदाई तय है। देश में व्याप्त कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ इस लड़ाई में जनता कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन को अपना पूर्ण समर्थन दे रही है।

### नहीं बन रहे जन्म-मृत्यु प्रमाण, 165 आवेदन लंबित

**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में सीआरएस पोर्टल पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। इससे लोगों के योजनाओं व अन्य कार्य प्रभावित है। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने 1 से 23 अप्रैल तक पोर्टल पर आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान 165 जन्म-मृत्यु के आवेदन लंबित पाए। नाराजगी जताते हुए सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत को आवेदन पंजीकृत इकाइयों से स्वीकृत कराने के निर्देश दिए हैं।

# सामान्य वर्ग छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव के बाद होगा

## 77 हजार 352 छात्र-छात्राओं को नहीं मिली थी छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




- कॉलेज और विश्वविद्यालय की गलती से हुई परेशानी

**अमृत विचार :** सामान्य वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति देने पर निर्णय अब लोकसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। समाज कल्याण विभाग की कोशिश है कि इन्हें छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए और दोबारा पोर्टल खोला जाए। इसके लिए 19 अप्रैल को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन स्तर पर हुई बैठक बेनतीजा रही थी।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च 2024 के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। जबकि फार्म भरने के दौरान कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर से हुई गलती की वजह से सामान्य वर्ग के 77,352 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए।

योजना का लाभ पाने से वंचित रह गए छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारियों, कॉलेजों-विश्वविद्यालय और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे हैं। निदेशालय स्तर से उन्हें फार्मों को भरने के दौरान हुई गलतियों के बारे में बताया गया है। अधिकतर आवेदनों में रोल नंबर, पाठ्यक्रम, प्राप्तांक और पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राओं को दोबारा आवेदन का मौका देने के लिए निदेशालय ने पूरा ब्योरा शासन को भेजकर छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खुलवाने का अनुरोध किया है। इसको लेकर बैठक भी हुई लेकिन, फैसला नहीं हो सका। निदेशक की माने तो अब इन वंचित छात्रों की छात्रवृत्ति पर फैसला चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद यानी जून महीने में होगा। चुनाव के बाद अगर इस छात्र-छात्राओं को दोबारा अवसर दिए जाने पर सहमति बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे।

## आजमगढ़ से तीसरी बार बसपा ने बदला प्रत्याशी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बसपा ने लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट समेत लोकसभा के दो प्रत्याशी बदलते हुए छह प्रत्याशियों की 11 वीं सूची गुरुवार को जारी कर दी है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में बसपा ने आलोक कुशवाहा को उतारा है। वहीं, आमजगढ़ में तीसरी बार प्रत्याशी बदलते हुए मशहूद अहमद का उतारा है। निवर्तमान सांसद बृजभूषण शरण सिंह की वजह से चर्चा का विषय बनी कैसरगंज लोक सभा सीट पर मायावती ने ब्राम्हण प्रत्याशी नरेन्द्र पाण्डेय को उतार कर सपा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी भगत राम मिश्रा के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। इसके अलावा बसपा ने गोण्डा से सौरभ कुमार मिश्रा और बाराबंकी से शिव कुमार दोहरे को उम्मीदवार बनाया है। बदले गए प्रत्याशियों में पांचवीं सूची में डुमरियागंज से टिकट पाए ख्वाजा शमसुद्दीन की जगह मो.नदीम मिर्जा और संतकबीर नगर में मो.आलम से टिकट वापस लेकर नदीम अशरफ दिया है।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी गो तस्कर और साथी गिरफ्तार

संवाददाता, कानपुर देहात

- मुरादाबाद जिले का रहने वाला है इनामी अपराधी, मुठभेड़ में तीसरा गो तस्कर फरार

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान बाइक सवार इनामी गो तस्करों ने अकबरपुर कोतवाली पुलिस पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक साथी भागने में सफल रहा। इनके पास से तमंचा, कारतूस, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में मुरादाबाद जिले के बिलारी थाना क्षेत्र के कुरैशियन थावला निवासी मोहम्मद मोनिश और राजस्थान के रामनगर थाना क्षेत्र के बंजारों का झोपड़ा दौलतपुरा बूंदी निवासी महेंद्र बंजारा शामिल हैं। पुलिस ने गोली लगने से घायल मोहम्मद मोनिश को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। सीओ सदर तनु उपाध्याय ने बताया कि घायल मोहम्मद मोनिश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त गो-तस्करी में संलिप्त थे। तीसरे अभियुक्त की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई है।

पुलिस मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी मोहम्मद मोनिश पर अकबरपुर कोतवाली में पशु क्रूरता अधिनियम, चंदौली के थाना अलीनगर में गोवध निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट, मुरादाबाद के थाना बिलारी में गैंगस्टर एक्ट व मारपीट, गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम, आर्म्स एक्ट, बदायूं के थाना सहसवान में धोखाधड़ी, बुलंदशहर के थाना खुर्जा में चोरी, गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट के थाना बिसरख में चोरी, सम्भल के थाना बहजोई में गोवध निवारण अधिनियम व चोरी समेत कुल 14 मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त महेंद्र के खिलाफ अकबरपुर कोतवाली व गजनेर थाने में दो मुकदमे दर्ज हैं।

# कानपुर में दंगे के मास्टरमाइंड की 19 करोड़ की संपत्ति कुर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डुगडुगी पिटवाकर की कार्रवाई लगवाए गए सरकारी बोर्ड

**अमृत विचार :** कानपुर में नई सड़क दंगे के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर के आरोपी मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा उर्फ बाबा बिरयानी वाले के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गुरुवार सुबह बजरिया थाना पुलिस उन्नाव जिले के गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा इलाके पहुंची। जहां आरोपी मुख्तार और उसके बेटों की लगभग 19 करोड़ से अधिक संपत्ति को डुगडुगी पिटवाकर कुर्क करने की कार्रवाई की। पुलिस ने कुर्क की गई भूमि पर सरकारी बोर्ड लगाकर खरीद फरोख्त पर रोक लगा दी है।

नई सड़क पर हुई हिंसा के मास्टरमाइंड और गैंगस्टर एक्ट के आरोपी बाबा बिरयानी के मालिक मुख्तार अहमद उर्फ मुख्तार बाबा की उन्नाव जिले के गंगाघाट में लगभग 19 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पड़ी थी। जिसे कुर्क करने के लिए बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ गुरुवार को गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कटरी पीपरखेड़ा पहुंचे। उन्होंने राजस्व कर्मियों से पहले नापजोख कराई। इसके बाद आरोपी और उसके परिजनों की लगभग 19 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क करने की कार्रवाई की। उक्त भूमि पर सरकारी बोर्ड लगवाए। जिस पर लिखा था कि इस जमीन को किसी भी प्रकार से खरीदना और बेचना कानूनन अपराध है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुख्तार अहमद नई सड़क दंगे का अभियुक्त एवं मास्टरमाइंड था।

## पशु चिकित्सालयों पर पहुंचाई गई रेबीज वैक्सीन

**लखनऊ, अमृत विचार :** पशु पालन विभाग ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई है। इससे वैक्सीन की समस्या नहीं रहेगी और पशुओं को निशुल्क लगाई जाएगी। पशु पालन निदेशालय ने चिकित्सालयों पर रेबीज वैक्सीन के आपूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें राजकीय पालीक्लीनिक लखनऊ को एक हजार वैक्सीन दी है। इसी तरह अन्य जिलों के सभी अस्पतालों पर भेजी हैं। क्योंकि अक्सर अस्पतालों में रेबीज वैक्सीन की कमी रहती है और पशु पालन बाहर से मंगाकर लगवाते हैं। यह वैक्सीन पशुओं को प्री बाइट एंड पोस्ट बाइट यानी पशुओं के आपस में काटने और नियमित टीकाकरण के दौरान निःशुल्क लगाई जाएगी।

# शराब घोटाले का एक और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक नेता, दो आईएएस, एक विशेष सचिव हैं छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में नामजद

**अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित शराब घोटाले में शामिल एक आरोपी को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य के दो वरिष्ठ आईएएस, एक विशेष सचिव, एक राजनेता के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया था। सभी आरोपी जेल में निरुद्ध हैं। पांचवें आरोपी विधु गुप्ता को एसटीएफ कार्यालय से ही हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ रायपुर स्थित प्रवर्तन निदेशालय के उपनिदेशक हेमंत ने मुकदमा पंजीकृत कराया था।

एसटीएफ अफसरों के मुताबिक इस प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य में शराब माफिया व सरकार के कुछ उच्च पदस्थ अधिकारियों की मिलीभगत से राज्य द्वारा संचालित एवं नियंत्रित मदिरा की दुकानों से अवैध मदिरा की बिक्री की जा रही थी। नामजद अभियुक्त विधू गुप्ता के द्वारा सीएसएमसीएल के एमडी अरूण पति त्रिपाठी के निर्देशानुसार डुप्लीकेट होलोग्राम की सप्लाई छत्तीसगढ़ राज्य में इस कार्य में संलिप्त गैग को दी जाती थी। गैंग के सदस्यों द्वारा उक्त डुप्लीकेट होलोग्राम को सीधे डिस्टलरीज मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज, छत्तीसगढ डिस्टलरीज, लिमिटेड, भाटिया वाईन एण्ड मर्चेण्ट प्राइवेट लिमिटेड) पहुंचा दिया जाता था। वहां से फर्जी ट्रांसिट पास पर सीएसएमसीएल की दुकानों पर ले जाया जाता था। इस प्रक्रिया में सम्मिलित नीचे से ऊपर तक के हर व्यक्ति का कमीशन फिक्स था।

### इनके खिलाफ ईडी ने दर्ज कराया था मुकदमा

छत्तीसगढ़ के तत्कालीन आबकारी आयुक्त निरंजन दास, आईएएस, एमडी सीएसएमसीएल व विशेष सचिव आबकारी अरूण पति त्रिपाठी, राजनेता अनवर ढेवर, तत्कालीन सचिव इंडस्ट्रीज छत्तीसगढ़ अनिल टुटेजा, आईएएस एवं विधू गुप्ता, डारयरेक्टर, पीएचएसएफ प्राईवेट लिमिटेड, नोएडा।

# शाह ने पार्टीजनों को टटोला, दिया मूलमंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए अगले चरण के मतदान से पहले संगठन को मूलमंत्र देने और प्रचार अभियान की थाह लेने राजधानी पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। दरअसल, पश्चिमी उप्र. में जोर लगाने के बाद भाजपा की नजरें अब अवध की सीटों पर टिक गई हैं। ऐसे में गुरुवार की शाम अमित शाह लखनऊ पहुंचे और यहां एक होटल में संगठन के नेताओं के साथ बड़ी बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह के अलावा अवध, कानपुर और काशी क्षेत्र की लोकसभा चुनाव से जुड़ी कोर टीम मौजूद रही। गृहमंत्री ने बैठक की शुरुआत दीप जलाकर की। इसके बाद एक-एक पदाधिकारी से बात कर पांचवे चरण में होने वाली अवध और बुंदेलखंड की 14 सीटों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा के पार्टी उम्मीदवारों को को जिताने की रणनीति बनायी गई। इसके पहले गृहमंत्री ने सीतापुर में जनसभा को संबोधित किया जिसमें उन्होंने जनता से नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के अलावा भाजपा को 400 सीटें जिताने की अपील की।




गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी की संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेते हुए। • अमृत विचार

### मतदान से पहले पार्टीजनों को गुरुमंत्र

बैठक में जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष लोकसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने जिले की पार्टी अभियान की प्रगति और उसमें आ रही व्यवहारिक दिक्कतों से भी अवगत कराया। वहीं, तीसरे चरण में 7 मई को संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली में मतदान होना है। चौथे चरण में 13 मई को शाहजहांपुर खीरी दोहराहरा सीतापुर हरदोई मिश्रिख उन्नाव फर्रुखाबाद इटावा कन्नौज कानपुर अकबरपुर और बहराइच सीट पर मतदान होना है इनपर मतदान होगा। अमित शाह ने इन चरणों में होने जा रहे मतदान से पहले पार्टीजनों को गुरुमंत्र भी दिए हैं।


## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध; मारण।
4. 1. सब्जी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्जी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता; कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।




### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | ■ | ■ | 2 सें | ■ | ■ | 3 फ़ |
| त | ■ | ■ | 4 स | ह | चा | री |
| ति | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ज़ा |
| ■ | 5 नि | वे | शि | त | ■ | ■ |
| ■ | रो | ■ | प | ■ | ■ | 6 चिं |
| ■ | ध | ■ | ■ | ■ | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | ■ | ड़ा |

### सुडोकू-137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

**मेष:** आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।

**वृष:** आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।

**मिथुन:** आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क:** आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।

**सिंह:** आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।

**कन्या:** आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला:** आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**वृश्चिक:** आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।


**धनु:** आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर:** आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है, किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ:** आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन:** आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मजाल — सुबह : 10.46
भीष्मा — रात : 07.00

**Sony Max**
पीकू — सुबह : 10.51
सत्यमेव जयते 2 — रात : 09.01

**Sony Pix**
मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.18
पेसिफिक रिम — रात : 08.42

**Zee Cinema**
गुलाब गैंग — सुबह : 09.10
बमफाड़ — शाम : 05.15

**Colors Cineplex**
गब्बर इज बैक — सुबह : 10.38
आर... राजकुमार — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे, वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।



| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,611.11 | 22,648.20 |
| बढ़त | 128.33 | 43.35 |
| प्रतिशत में | 0.17 | 0.19 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 मई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 मूंग छिलका: 102 मूंग साबुत: 100 चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

## एक नजर

### यस बैंक को सेवा कर मांग का मिला नोटिस

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे सेवा कर मांग का आदेश मिला है जिसमें 6.42 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसे दो मई, 2024 को महाराष्ट्र में जीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्त के कार्यालय से एक आदेश मिला है जिसमें ब्याज के साथ सेवा कर की देनदारी और 6,41,84,437 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### कोयला उत्पादन बढ़कर 7.86 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** भारत का घरेलू कोयला उत्पादन अप्रैल में 7.41 प्रतिशत बढ़कर सात करोड़ 86.9 लाख टन हो गया। पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने में देश का कोयला उत्पादन सात करोड़ 32.6 लाख टन था। कोयला मंत्रालय ने कहा-अप्रैल, 2024 में भारत का कोयला उत्पादन सात करोड़ 86.9 लाख तक पहुंच गया। पिछले महीने, कोल इंडिया लिमिटेड ने छह करोड़ 17.8 लाख टन (अनंतिम) का उत्पादन हासिल किया था।

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# दो हजार रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आए

**मुंबई।** आरबीआई ने बृहस्पतिवार को कहा कि बंद किए गए 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। केंद्रीय बैंक ने बताया कि सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट अभी जनता के पास हैं। आरबीआई ने कहा कि 19 मई, 2023 को 2000 रुपये के नोट को वापस लेने की घोषणा की गई थी। इस दिन के अंत में बाजार में मौजूद 2000 रुपये के नोटों का मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 30 अप्रैल, 2024 को बाजार में सिर्फ 7,961 करोड़ रुपये के नोट बाजार में हैं। बैंक ने कहा-इस प्रकार, 2000 रुपये के 97.76 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।



## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# लोकसभा में राजग 400 पार की ओर अग्रसर: राजनाथ

## बिहार की चुनावी जनसभा में बोले रक्षा मंत्री, सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत

छपरा, एजेंसी

रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि भाजपा नीत राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र में मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद आयोजित की गई एक रैली में यह टिप्पणी की।

सिंह ने कहा-सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा-इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा-सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।



बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।" गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला, चेहरे पर लगे 17 टांके

**नई दिल्ली।** राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-शुरुआत में हमें पता चला कि एक सरकारी स्कूल की कुछ छात्राओं के बीच हाथापाई हुई है और उनमें से एक ने दूसरी छात्रा पर धार वाली चीज से हमला कर दिया था।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# मेघालय में सीआरपीएफ कैंप पर अज्ञात बदमाशों ने किया पेट्रोल बम से हमला

**शिलांग।** पिछले कुछ हफ्तों में मेघालय की राजधानी में पेट्रोल बम हमलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शिविर नवीनतम हमला किया गया। अज्ञात बदमाशों ने बुधवार और गुरुवार की मध्यरात्रि को लगभग 0030 बजे शहर के मावलाई इलाके में सीआरपीएफ शिविर पर कथित तौर पर तीन पेट्रोल बम फेंके। रिपोर्ट्स के मुताबिक पेट्रोल बम जमीन पर गिरा जिसके परिणामस्वरूप कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ और न ही संपत्ति को कोई नुकसान हुआ। बुधवार तड़के शिलांग सदर पुलिस स्टेशन और शहर के रिनजाह पुलिस स्टेशन पर पेट्रोल बम फेंके गए। पेट्रोल बम हमलों की एक श्रृंखला के मद्देनजर पुलिस ने शहर में रात की निगरानी बढ़ा दी है, जिनमें ज्यादातर पुलिस स्टेशनों और पुलिस वाहनों को निशाना बनाया गया है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया मना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। निलंबित अधिकारी पर एक नाबालिग लड़की से कई बार दुष्कर्म करने का आरोप है।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।



# पल-पल बदला मैच, लड़कर हारे रॉयल्स

## रोमांचक मुकाबले में हैदराबाद को 1 रन से मिली जीत, यशस्वी और पराग ने लगाए अर्धशतक

**हैदराबाद, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की और उसके गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 50वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को एक रन से हरा दिया है।

मुकाबला इतना रोमांचक था कि राजस्थान रायल्स की टीम जीता हुआ मैच आखिरी गेंद पर रोवमन पॉवेल के पगबाधा आउट होने से एक रन से हार गई। 202 रनों के लक्ष्य पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में जॉस बटलर (शून्य) का विकेट गवां दिया। कप्तान संजू सैमसन भी (शून्य) पर पवेलियन लौट गये। ऐसे में यशस्वी और रियान ने ना केवल पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। यशस्वी जायसवाल 67 रन बनाए। रियान पराग ने 77 रनों की पारी खेली। शिमरॉन हेटमायर (13) और रोवमन पॉवेल (27) बनाकर आउट हुए। रवि अश्विन (दो) रन पर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी और मुकाबला एक रन से हार गई। इससे पहले नितीश कुमार रेड्डी नाबाद (76) और ट्रैविस हेड (58) की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 202 रनों का लक्ष्य दिया है। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करनी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा (12) का विकेट गवां दिया। ऐसे संकट के समय नितीश कुमार रेड्डी ने ट्रैविड हेड के साथ पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए (96) रन जोड़े।



### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

### हैदराबाद 201/3
20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

### राजस्थान 200/7
20 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो नटराजन | 67 | 40 | 7/2 |
| जोस बटलर का यानसेन बो भुवनेश्वर | 0 | 1 | 0/0 |
| संजू सैमसन बो भुवनेश्वर | 0 | 3 | 0/0 |
| रियान पराग का यानसेन बो कमिंस | 77 | 49 | 8/4 |
| हेटमायर का यानसेन बो नटराजन | 13 | 9 | 1/1 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो भुवनेश्वर | 27 | 15 | 3/1 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो कमिंस | 1 | 3 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-41-3, यानसेन 4-0-44-0, कमिंस 4-0-34-2, नटराजन 4-0-35-2, उनादकट 2-0-23-0, नितीश 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0




## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरू जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 श्रृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की श्रृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम

**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी



नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरुष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

# कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



**मुंबई, एजेंसी**

**आज का मुकाबला**

मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी**

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।



# मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

**अस्ताना (कजाखस्तान)**



एएसबीसी एशियाई अंडर-22

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

# कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा



**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

# विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे श्रृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

# आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।



### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद

# साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार को रखा गया है।

## बॉलीवुड हलचल

# नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी पर भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग



भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# यौन क्षमता से जुड़ी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

## कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

## ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑपशन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

## कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना हैं। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की सातवीं बैठक कल होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। बैठक में दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है जिसमें सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध के बाद फिर ठुकराया राजकीय न्योता


## पाकिस्तान के पीएम क्षुब्ध, दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकामी



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वतंत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खतरे का निशान पार





**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। ● एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल


**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

## विज्ञान

हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।

# अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है।

पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

# 13 साल तक बच्चों को न दें स्मार्टफोन

- फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने तीन माह तक किया शोध

पेरिस, एजेंसी

बच्चों को 13 वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उनके इंस्टाग्राम, स्नैपचैट आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक - लगानी चाहिए।

यह सिफारिश फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा गठित विशेषज्ञों की रिपोर्ट में की गई है। समिति ने तीन महीने तक किए गए शोध के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, तीन साल तक के बच्चों को टेलीविजन - समेत किसी भी तरह की स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए। वहीं, 11 साल तक के बच्चों को किसी भी तरह का फोन नहीं देना चाहिए। अगर 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को फोन देना जरूरी है तो उसमें इंटनेट कनेक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु के बाद ही बच्चों को इंटरनेट से जुड़ा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने देना चाहिए। रिपोर्ट में 18 वर्ष की आयु तक बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने का भी कहा गया है। वहीं, 6 वर्ष की आयु तक बच्चों का हर तरह का स्क्रीन टाइम बहुत सीमित होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट से जुड़े खिलौनो पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, अगर संभव नहीं है दूर रखना चाहिए।

### इंटरनेट से जुड़े खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव



न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति की रपोर्ट में कहा गया है कि नर्सरी स्कूल में स्क्रीन पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। कहानी सुनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के अलावा इंटरनेट से जुड़े सभी खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव है। तकनीक के बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं : रिपोर्ट में कहा गया कि बच्चों को तकनीकी उद्योग के फायदे के लिए वस्तु की तरह इस्तेमाल किए जाने से बचाने की जरूरत हैं। कंपनियां अपने लाभ के लिए बच्चों को इस ओर आकर्षित कर रही हैं, इससे बच्चों को बचाने की जरूरत है। इस नए तकनीकी बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं। तकनीकी कंपनियां अपने लाभा के लिए बच्चों को स्क्रीन से जोड़े रखना चाहती हैं और वह अपने अनुसार चीजों को नियंत्रित कर रही हैं।